हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय

# Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University




# NEWSLETTER

July-September 2023 Vol.6 Issue:6




Customized Energy Solutions
invest BIHAR
ASDC
LiFE
Lifestyle for Environment
SPSU
IN SUPPORT OF MISSION LIFE
EY4EV INDIA SUMMIT 2023

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

'शिक्षित बेटी–सुरक्षित बेटी'

**हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय**
संसद के अधिनियम 25 (2009) के तहत स्थपित
नैक द्वारा 'ए' ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय
महेन्द्रगढ़ - 123031(हरियाणा), भारत

**Central University of Haryana**
Established vide Act No. 25 (2009) of Parliament
NAAC Accredited 'A' Grade University
Jant-Pali, Mahendergarh (Haryana)-123031

प्रो॰ (डॉ॰) टंकेश्वर कुमार, कुलपति | Prof. (Dr.) Tankeshwar Kumar, Vice-Chancellor

# कुलपति की कलम से...



मैंने जुलाई महीने में इस गौरवशाली विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में अपने दो वर्ष पूर्ण किये है। विश्वविद्यालय से जुड़े आप सभी छात्रों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं शुभचिंतकों की शुभकामनाएँ जहाँ एक ओर मुझे हर्षित कर रही हैं तो वहीं दूसरी ओर मुझे मेरी विश्वविद्यालय के प्रति प्रतिबद्धताओं का भी पुनःस्मरण करवा रही हैं। यह स्थान, जिस पर मैं कार्यरत हूँ, इसे मैं पद नहीं बल्कि दायित्व की दृष्टि से स्वीकार करता हूँ। मेरे जीवन का यह समय इस कुल की नींव में एक पत्थर की भाँति रहे, जो सदैव विश्वविद्यालय को जमीनी मजबूती प्रदान करता रहे।

इस तिमाही यह विश्वविद्यालय प्रतिष्ठित शास्त्री इंडो-कैनेडियन इंस्टीट्यूट (एसआईसीआई) का सदस्य बन गया है। विश्वविद्यालय इस उपलब्धि के साथ आईआईटी, आईआईएम, एम्स व एनएलयू जैसे 142 प्रतिष्ठित भारतीय संस्थानों की सूची में शामिल हो गया है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस सदस्यता के माध्यम से एसआईसीआई के कार्यक्रमों व पहलों से विश्वविद्यालय के सहभागी लाभान्वित होंगे। यह प्रसन्नता एवं गौरव का विषय है कि अपने इस विश्वविद्यालय में हमारे साथ कर्मठ एवं अध्ययनशील शिक्षक साथी हैं जो विश्वस्तर पर इस कुल को प्रतिष्ठित कर रहे हैं। हाल ही में विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग में सहायक आचार्य (इंस्पायर फैकल्टी) डॉ. अनिंदिता चक्रवर्ती को रॉयल सोसाइटी, लंदन, यूनाइटेड किंगडम (यूके) से न्यूटन एलुमनी फॉलो-ऑन अवार्ड, 2023 से सम्मानित किया गया है। विश्वविद्यालय अपनी स्थापना से शोध एवं नवाचार के प्रति जिस प्रतिबद्धता को लेकर चला था, वह वर्तमान में और ज्यादा दृढ़ होती जा रही है। विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों और शोधकर्ताओं द्वारा तैयार की गई स्वास्थ्य उपयोगी चॉकलेट चोकर बार इस तथ्य को प्रमाणित करती है। विश्वविद्यालय की इस उपलब्धि के लिए इस परियोजना हेतु भौतिकी एवं खगोल भौतिकी विभाग के प्रो. सुनील कुमार, पोषण जीवविज्ञान विभाग की डॉ. सविता बुधवार व शोधार्थी मनाली चक्रवर्ती को पेटेंट भी प्राप्त हुआ है।

निरंतर वाद-संवाद एवं सहयोग की भावना के साथ ही 'स्व' को संवर्धित किया जा सकता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन हेतु विश्वविद्यालय आईआईटी रोपड़, पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय, हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय, जम्मू केंद्रीय विश्वविद्यालय के साथ मिलकर कार्य करेगा। हकेवि सहित पाँच केंद्रीय विश्वविद्यालयों व आईआईटी, रोपड़ के बीच अखिल भारतीय शिक्षा समागम में माननीय केंद्रीय शिक्षा एवं कौशल विकास व उद्यामिता मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री श्री सुभाष सरकार की उपस्थिति में इस सहयोग हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए। इसी कड़ी में यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न, आस्ट्रेलिया के सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ हॉयर एजुकेशन के प्रतिनिधियों ने हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस अवसर पर दोनों ही संस्थानों के बीच प्रमुख रूप से शिक्षक शिक्षा विभाग के अंतर्गत ग्रेजुएट सर्टिफिकेट इन यूनिवर्सिटी टीचिंग प्रोग्राम की शुरुआत पर चर्चा हुई। हरियाणा के ही श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय, पलवल के प्रतिनिधियों ने भी विश्वविद्यालय का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के छात्रावासों के कार्य-प्रबंधन और सुविधाओं से अवगत हुआ। मुझे आशा है कि इस भ्रमण के परिणामस्वरूप जल्द ही दोनों संस्थान आपसी साझेदारी के साथ अध्ययन-अध्यापन व शोध की दिशा में काम करेंगे।

प्रत्येक दिन हमें जीवन के प्रति एक नया दृष्टिकोण, उम्मीद व उत्साह प्रदान करता है। हर दिन के महत्व को समझते-समझाते हुए इस तिमाही में हमनें इंजीनियर्स दिवस, ओजोन दिवस, विश्व फार्मासिस्ट दिवस, विश्व पर्यटन दिवस, आत्महत्या रोकथाम दिवस, राष्ट्रीय पुस्तकालय दिवस, खेल सप्ताह, हिंदी पखवाड़ा और संस्कृत सप्ताह का सफलतापूर्वक आयोजन किया। आप सभी के सुझाव-विचार और सहयोग इस विश्वविद्यालय के लिए बहुमूल्य रत्न हैं, वे सदैव की भाँति हमें मिलते रहेंगे, इसी आशा के साथ तीन महीनों का विश्वविद्यालय का यह प्रगति-पत्र आप सभी के साथ साझा कर रहा हूँ।

**जय हिंद!**

**(प्रो. टंकेश्वर कुमार)**
**हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय**
**महेंद्रगढ़**

# Contents


| | | |
|---|---|---|
| **1. Awards and Achievements** | | **9** |
| 1.1 | हकेवि के शिक्षक लेंगे तंजानिया में आयोजित इंटरनेशनल ट्रेड फेयर में हिस्सा / CUH Faculty will participate in the DITF organized in Tanzania | |
| 1.2 | शास्त्री इंडो-कैनेडियन इंस्टीट्यूट का सदस्य बना हकेवि / CUH got membership of Shastri Indo-Canadian Institute | |
| 1.3 | हकेवि संकाय सदस्यों ने की तंजानिया के विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों से मुलाकात / CUH Faculty met the officials of Tanzanian Universities | |
| 1.4 | प्रो. टंकेश्वर कुमार ने हकेवि कुलपति के रूप में पूर्ण किए दो वर्ष / Prof. Tankeshwar Kumar completed two years of his tenure as CUH Vice Chancellor | |
| 1.5 | सीयूएच फैकल्टी को न्यूटन एलुमनी फॉलो-ऑन अवार्ड 2023 से सम्मानित / CUH Faculty awarded with Newton Alumni Follow-on Award 2023 | |
| 1.6 | यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न के प्रतिनिधियों ने किया हकेवि का शैक्षणिक भ्रमण / Representatives of the University of Melbourne made an academic visit of CUH | |
| **2. Celebrations** | | **13** |
| 2.1 | कारगिल विजय दिवस पर विद्या वीरता स्थल पर पुष्प अर्पित कर जवानों को दी श्रद्धांजलि / Tribute to soldiers at Vidya Veerta Sthal on Kargil Vijay Day | |
| 2.2 | हकेवि में 77वें स्वतंत्रता पर समारोह का हुआ आयोजन / Celebration of 77th Independence was organized at CUH | |
| 2.3 | प्रो. रणवीर सिंह के कार्यमुक्त होने पर हवन आयोजित / Havan organized on Prof. Ranveer Singh's retirement | |
| 2.4 | हकेवि में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित / Sports competitions organized on the occasion of National Sports Day in CUH | |
| 2.5 | हकेवि में हिंदी पखवाड़े का आयोजन 14 से 27 सितंबर तक / Hindi Fortnight organized in CUH from 14th to 27th September | |
| 2.6 | हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में मनाया गया इंजीनियर्स डे / Engineers Day celebrated in Central University of Haryana | |
| 2.7 | हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में ओजोन दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित / Ozone Day 2023 celebrated at Central University of Haryana | |
| 2.8 | हकेवि में चंद्रयान-3 उत्सव का हुआ आयोजन / 'Chandrayaan-3 Utsav' organised at CUH | |
| 2.9 | विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित / World Pharmacists Day celebrated at CUH | |
| 2.10 | हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के मनाया गया विश्व पर्यटन दिवस / World Tourism Day celebrated at Central University of Haryana | |
| **3. CUH Admissions 2022-23** | | **21** |
| 3.1 | हकेवि में चार वर्षीय बीए बी.एड पाठ्यक्रम में पंजीकरण का अंतिम दिन कल / 19 July is the last day of registration for the four-year BA-B.Ed course at CUH | |
| 3.2 | हकेवि में स्नातक व इंटीग्रेटेड कार्यक्रमों में दाखिले हेतु पंजीकरण शुरू / Registration has started for admission to UG and Integrated Programs at CUH | |
| 3.3 | हकेवि में स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में दाखिले हेतु पंजीकरण आज से / Registration for admission to PG Programs at CUH starts today | |
| 3.4 | हकेवि में सुपर्नूमेरी सीटों पर दाखिले के लिए ऑनलाइन पंजीकरण शुरु / Online registration started for admission to Supernumerary Quota Seats in CUH | |

| | | |
|---|---|---|
| 3.5 | हकेवि में पीजीडीआरपी और एडीसीजीसी कार्यक्रमों के लिए ओपन फिजिकल काउंसलिंग 29 अगस्त को / Open Physical Counselling for PGDRP and ADCGC programmes on 29 August 2023 at CUH | |
| 3.6 | स्नातक, इंटीग्रेटेड व स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के लिए ओपन काउंसलिंग 31 अगस्त को / Open counselling for UG, PG and integrated programs on August 31 at CUH | |
| 3.7 | हकेवि में चार वर्षीय इंटीग्रेटेड बीए बी.एड कार्यक्रम हेतु प्रवेश प्रक्रिया शुरु / Admission process started for 4 year Integrated BA B.Ed. program in CUH | |
| **4. Initiatives and Innovations** | | **25** |
| 4.1 | हकेवि में स्वास्थ्य जाँच शिविर का हुआ आयोजन / Health check-up camp organized at CUH | |
| 4.2 | हकेवि में निकाली गई तिरंगा यात्रा / Tri-Color procession taken out in CUH | |
| 4.3 | हकेवि के बी.टेक. के विद्यार्थियों के लिए बी.आर. चौधरी गोल्ड मेडल की हुई शुरुआत / B.R. Chaudhary Gold Medal commenced for B.Tech. students of CUH | |
| **5. Invited lectures** | | **27** |
| 5.1 | योग विभाग द्वारा विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन / Expert lecture organized by the Department of Yoga | |
| 5.2 | हकेवि में विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित / Expert lecture organized at CUH | |
| 5.3 | हकेवि में विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित / Expert lecture on "Computational Linguistics: Interdisciplinary Areas and Opportunities" organized at CUH | |
| 5.4 | हकेवि के प्रोफेसर ने प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय में दिया व्याख्यान / Expert Lecture delivered by CUH Faculty in the Open University of Mauritius | |
| 5.5 | हकेवि में विज्ञान भारती द्वारा डॉ. एस.एस. भटनागर के जन्म दिवस पर व्याख्यान का हुआ आयोजन / Lecture organized on Birth Anniversary of Dr. S. S. Bhatnagar in CUH | |
| 5.6 | राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस के अवसर पर हकेवि कार्यक्रमों का हुआ आयोजन / Programs organized on the occasion of National Librarian's Day at CUH | |
| 5.7 | विश्व फोटोग्राफी दिवस पर विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित / Expert lecture organized on World Photography Day | |
| 5.8 | हकेवि में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित / Expert lecture organized on the occasion of National Sports Day at CUH | |
| 5.9 | हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में वनवासी वीरों का योगदान विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित / Expert lecture organized on the Contribution of Forest Dweller Heroes in Central University of Haryana | |
| 5.10 | हकेवि के हिंदी विभाग में विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित / Expert lecture organized in Hindi department of CUH | |
| **6. MoUs** | | **34** |
| 6.1 | श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के प्रतिनिधिमंडल ने किया हकेवि का दौरा / Delegation from Shri Vishwakarma Skill University visited CUH | |
| 6.2 | राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन हेतु आईआईटी रोपड़ संग मिलकर काम करेगा हकेवि / MoU signed between IIT Ropar and CUH including five central universities | |
| **7. National Education Policy** | | **35** |
| 7.1 | हकेवि में नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन हेतु योजनागत प्रयास जारी / CUH Releases Handbook on NEP 2020: Phased Implementation and Way Forward | |
| 7.2 | राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन हेतु छह प्रतिष्ठित संस्थानों के बीच पहली बैठक पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय में सम्पन्न / The first meeting of NEP implementation held at Central University of Punjab | |

| | | |
|---|---|---|
| **8. Research and Publications** | | **37** |
| 8.1 | हकेवि ने विकसित की स्वास्थ्य के लिए उपयोगी चॉकलेट चोकर बार / CUH Team developed healthy white chocolate bran bar | |
| **9. Seminar/Conference/Workshops/Competition** | | **38** |
| 9.1 | हकेवि के विद्यार्थियों ने आईएएसी 2023 में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन / CUH students win Laurels at IAAC-2023 | |
| 9.2 | हकेवि में 'कार्यालयीन कार्यों में हिंदी कम्प्यूटिंग टूल्स का योगदान' विषय पर कार्यशाला का हुआ आयोजन / Workshop on "Contribution of Hindi Computing Tools in Office Work" organised at CUH | |
| 9.3 | हकेवि में विभाजन की विभिषिका स्मृति दिवस पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का हुआ आयोजन / One-day national Seminar organized on the Horrors of the Partition of India | |
| 9.4 | हकेवि में बीएड व एमएड विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित / Induction program organized for B.Ed and M.Ed students in CUH | |
| 9.5 | हकेवि में संस्कृत सप्ताह की हुई शुरूआत / Sanskrit Week started in CUH | |
| 9.6 | हकेवि में युवा संवाद का हुआ आयोजन / Youth Dialogue organized in CUH | |
| 9.7 | हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका विषय पर सेमिनार आयोजित / Seminar on the Role of Youth in Nation Building organized at CUH | |
| 9.8 | हकेवि में तीन दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन / Three-day workshop organized in CUH | |
| 9.9 | हकेवि में युवा वैज्ञानिकों की रोमांचक यात्रा विषयक सेमिनार आयोजित / A Seminar on 'The Exciting Journey of Young Scientists' conducted at CUH | |
| 9.10 | हकेवि में चाणक्य की विचारधारा एवं दर्शन पर आधारित सेमिनार आयोजित / Seminar based on Chanakya's ideology and philosophy organized in CUH | |
| 9.11 | हकेवि में हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत बालमुकुंद गुप्त की रचनाओं केंद्रित दस दिवसीय प्रदर्शनी की हुई शरुआत / A ten-day exhibition focused on Balmukund Gupt started in CUH | |
| 9.12 | हकेवि में दस दिवसीय फिल्म एक्टिंग कार्यशाला की हुई शुरुआत / Ten Day Acting Workshop organised at CUH | |
| 9.13 | हकेवि में राष्ट्रीय महिला आयोग के सहयोग से क्षमता निर्माण पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन / A program on capacity building was organised in CUH | |
| 9.14 | हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम की हुई शुरूआत / Three-day commencement program started in Central University of Haryana | |
| 9.15 | पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टिंग कौशल एवं तकनीक विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन / To become an international journalist, it is necessary to be global in outlook: Narayanan | |
| 9.16 | हकेवि में जी-20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट का हुआ सीधा प्रसारण / Live telecast of G-20 University Connect in CUH | |
| **10. Skill Enhancement** | | **52** |
| 10.1 | हकेवि में समूह चर्चा का हुआ आयोजन / Group discussion organized in CUH | |
| 10.2 | हकेवि के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में दो दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम की हुई शुरुआत / Two-day induction program started in the Journalism and Mass Communication Department of CUH | |
| 10.3 | हकेवि में रोजगार व कौशल विकास पर एक सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित / One-week training program on Employment and Skill Development organized in CUH | |
| **11. Social Awareness** | | **56** |
| 11.1 | हकेवि में पोषक अनाज के प्रति जागरूकता के लिए कार्यक्रम आयोजित / Program organized for awareness about nutritious grains in CUH | |

| | | |
|---|---|---|
| 11.2 | हकेवि में एक विद्यार्थी-एक पेड़ अभियान की हुई शुरुआत / CUH organized "One student-One Tree" plantation drive | |
| 11.3 | हकेवि में विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित / Various activities organized in CUH to commemorate World Suicide Prevention Day | |
| **12. Training and Placement** | | **59** |
| 12.1 | हकेवि तीन विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित सरकारी संस्थानों मिला रोजगार / Three students of CUH got employment in prestigious government institutions | |
| 12.2 | रोजगार सृजन हेतु प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ साझेदारी में जुटा हकेवि / CUH representatives interacted with Industry experts | |
| 12.3 | हकेवि के विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित संस्थानों में मिला रोजगार प्रशिक्षण का अवसर / Students of CUH good Opportunity of Training at Institute of Importance | |
| 12.4 | हकेवि में एनसीसी कैडेटो की हुई भर्ती / CUH carried out enrollment process for 39 new NCC Cadets vacancies | |

# कुलगीत

## विद्याधनं सर्वधनप्रधानम्।

न चौरहार्यं न च राजहार्यं, न भ्रातृभाज्यं न च भारकारि।
व्यये कृते वर्धत एव नित्यं, विद्याधनं सर्वधनप्रधानम्।।

शिक्षा-दीक्षा की परंपरा से, राष्ट्र का हुआ सदा उत्थान।
कौशल और नव-सृजन से, सजा हुआ गौरव अभियान।।

ज्ञान-विज्ञान की शक्ति से हम, नव-मंडल में हुए स्थापित।
सीखा है इतिहास से हमने, नव-तकनीकों में हुए समाहित।।

संस्कारों की शक्ति को जब, लिया है युवा ने पहचान।
हम सब बनें राष्ट्र के रक्षक, आओ करें नव-भारत निर्माण।।

कला-योग-विज्ञान-विधि का, विश्वविद्यालय देता ज्ञान।
तन-मन और जीवन-शुचिता का, देता है यह शुभ वरदान।।

जन्म लेकर जिस धरा पर, शौर्य करता शीश बलिदान।
अपनी मेहनत से माटी को, सोना कर दे जहाँ किसान।।

हर की धरा हरियाणा पर, स्थापित अपना कुल महान्।
शिक्षा और स्वावलंबन, आओ ऐसे कुल को करें प्रणाम।।

# 1. Awards and Achievements

## 1.1 हकेवि के शिक्षक लेंगे तंजानिया में आयोजित इंटरनेशनल ट्रेड फेयर में हिस्सा

**CUH, July 5, 2023**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के शिक्षक डॉ. खेराज व डॉ. किरण रानी 47वें दार एस सलाम इंटरनेशनल ट्रेड फेयर 2023 में हिस्सा लेने जा रहे हैं। 6 से 13 जुलाई के बीच आयोजित होने वाले इस सम्मेलन में हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल भी सम्मिलित होंगे और विश्वविद्यालय के शिक्षक अपनी इस यात्रा के दौरान हरियाणा पवेलियन में उपस्थित रहकर राज्य केंद्रित उल्लेखनीय कार्यों की प्रदर्शनी के आयोजन में योगदान देंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों को इस यात्रा के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अवश्य ही इस यात्रा के माध्यम से निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित होगी।

विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इस तरह के आयोजनों में प्रतिभागिता विश्वविद्यालय को वैश्विक पटल पर हो रहे बदलावों को जानने-समझने में मददगार होते हैं। उन्होंने कहा कि अवश्य ही इस आयोजन में सम्मिलित होने वाले शिक्षक इस उद्देश्य की प्राप्ति में सहयोगी की भूमिका निभाएंगे। उन्होंने यह विश्वास प्रकट किया कि इस तरह के आयोजनों में शैक्षणिक प्रतिनिधियों की प्रतिभागिता राष्ट्रीय शिक्षा नीति में वर्णित स्थानीय ज्ञान के वैश्विकरण के लक्ष्य की प्राप्ति में सहायक होगी। इसी क्रम में विश्वविद्यालय के नवाचार एवं उद्भवन केंद्र की निदेशक प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने कहा कि संकाय सदस्यों की इस तरह के आयोजनों में हिस्सेदारी आपसी मेलजोल के नए अवसरों के विकास में मददगार होगी। उन्होंने कहा कि अवश्य ही इस आयोजन के माध्यम से प्रतिभागी शिक्षक तंजानिया स्थित शिक्षण संस्थानों व उनसे जुड़ें विशेषज्ञों के साथ विश्वविद्यालय की साझेदारी के नए अवसरों को विकसित करने में योगदान देंगे। यात्रा में प्रतिभागिता करने वाले शिक्षक डॉ. खेराज व डॉ. किरण रानी ने बताया कि इस यात्रा में वे राज्य सरकार के द्वारा भेजे जा रहे प्रतिनिधि में शामिल हैं और इस आयोजन में उन्हें तंजानियाई विश्वविद्यालयों व उद्योगों के बीच साझेदारी विकसित करने का अवसर प्राप्त होगा।

## CUH Faculty will participate in the DITF organized in Tanzania

**CUH, July 5, 2023**

Dr. Kheraj and Dr. Kiran Rani, faculty members of Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh, are going to participate in the 47th Dar Es Salaam International Trade Fair (DITF) 2023. The Chief Minister of Haryana, Mr. Manohar Lal will also participate in this event to be held from July 6 to 13, and the teachers of the University will be present in the Haryana Pavilion during their visit and will contribute to the organization of the exhibition of notable works focused on the state. Prof. Tankeshwar Kumar, Vice-Chancellor of the University said that the achievement of the set goals will be ensured through this journey.

Prof. Sushma Yadav, Pro-Vice Chancellor said that participation in such events at the international level helps the University to know and understand the changes taking place on the global stage. She said that definitely, the teachers participating in this event will play the role of an ally in achieving this objective. She expressed confidence that the participation of academic representatives in such events would help achieve the goal of globalization of local knowledge as described in the National Education Policy. Prof. Sunita Srivastava, Director, Centre for Innovation and Incubation said that participation of faculty members in such events would help develop new opportunities for mutual interaction. She said that definitely through this event, the participating teachers will contribute to developing new opportunities for university partnerships with educational institutions based in Tanzania and the experts associated with them. Participating teachers Dr. Kheraj and Dr. Kiran Rani said that they are part of the delegation being sent by the state government and in this event, they will get an opportunity to develop partnerships between Tanzanian universities and industries.

## 1.2 शास्त्री इंडो-कैनेडियन इंस्टीट्यूट का सदस्य बना हकेवि

**CUH, July 6, 2023**



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ प्रतिष्ठित शास्त्री इंडो-कैनेडियन इंस्टीट्यूट (एसआईसीआई) का सदस्य बन गया है।

विश्वविद्यालय इस उपलब्धि के साथ आईआईटी, आईआईएम, एम्स व एनएलयू जैसे 142 प्रतिष्ठित भारतीय संसथानों की सूची में शामिल हो गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए इससे संबंधित राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि अवश्य ही इस सदस्यता के माध्यम से संगठन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित होगी और उपलब्ध संभावनाओं से विश्वविद्यालय भी लाभांवित होगा।

विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने इस अवसर पर कहा कि अवश्य ही इस सदस्यता के माध्यम से एसआईसीआई के कार्यक्रमों व पहलों से विश्वविद्यालय के सहभागी लाभांवित होंगे। प्रो. सुषमा यादव ने कहा कि यह संगठन भारत और कनाडा के शैक्षणिक संस्थानों, शोधकर्ताओं, विद्यार्थियों एवं अन्य हितधारकों को हाथ मिलाने और सहयोग और ज्ञान साझा करने के विशाल अवसरों का पता लगाने के लिए आमंत्रित करता है और साथ मिलकर काम करने का मौका देता है। डॉ. रमेश कुमार ने बताया की एसआईसीआई की सदस्यता मिलने से विश्वविद्यालय के संकाय सदस्य व विद्यार्थियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने के ओर अधिक अवसर उपलब्ध होंगे। उन्होंने बताया कि हकेवि की यह सदस्यता अंतरराष्ट्रीय सहयोग और शैक्षणिक उत्कृष्टता की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। डॉ. रमेश कुमार ने कहा कि एसआईसीआई एक अद्वितीय द्वि-राष्ट्रीय संगठन है, जो भारत और कनाडा की सरकारों द्वारा अधिदेशित है। 1968 में स्थापित इस संगठन ने दोनों देशों के बीच शैक्षिक और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## CUH got membership of Shastri Indo-Canadian Institute

**CUH, July 6, 2023**

Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh has become a member of the prestigious Shastri Indo-Canadian Institute (SICI). With this achievement, the University has joined the list of 142 prestigious Indian institutes like IITs, IIMs, AIIMS and NLUs. Prof. Tankeshwar Kumar, Vice-Chancellor congratulated Dr. Ramesh Kumar, HoD, Department of Political Science on this achievement. He said that definitely through this membership the goals set by the organization will be achieved and the University will also benefit from the available possibilities.

Prof. Sushma Yadav Pro-Vice-Chancellor said on the occasion that surely through this membership the participants of the University will benefit from the programs and initiatives of SICI. Dr. Ramesh Kumar said that after getting the membership of SICI, more opportunities will be available for the faculty members and students of the University to increase international cooperation. Established in 1968, this organization has played an important role in strengthening educational and cultural ties between the two countries.

## 1.3 हकेवि संकाय सदस्यों ने की तंजानिया के विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों से मुलाकात

**CUH, July 12, 2023**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व समकुलपति प्रो. सुषमा यादव के मार्गदर्शन व प्रेरणा से विश्वविद्यालय के डॉ. खेराज व डॉ. किरण रानी तंजानिया में 47वें अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले, दार एस सलाम (डीआईटीएफ), 2023 में भाग ले रहे हैं। चार दिवसीय इस कार्यक्रम में भारत के विदेश मंत्री श्री एस.जयशंकर के साथ उच्च स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। आयोजन में हरियाणा पैवेलियन का उद्घाटन तंजानिया में भारतीय राजदूत श्री बिनय श्रीकांत प्रधान द्वारा किया गया और इस अवसर पर टैंट्रेड तंजानिया की महानिदेशक सुश्री लतीफा; फोरेन कॉर्पोरेशन डिपार्टमेंट, हरियाणा के श्री अशोक मीणा व सलाहकार श्री पवन चौधरी भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की ओर से आयोजन में प्रतिभागिता कर रहे डॉ. खेराज व डॉ. किरण रानी ने सभी गणमान्य को विश्वविद्यालय का स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने तंजानिया के शीर्ष रैंकिंग वाले विश्वविद्यालयों दार एस सलाम विश्वविद्यालय, अर्धी विश्वविद्यालय; तंजानिया मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपतियों से भी मुलाकात की। इस अवसर पर भारत और तंजानिया के बीच शैक्षणिक सहयोग को बढ़ावा देने पर चर्चा हुई और इस आयोजन में प्रतिभागिता के लिए हकेवि के संकाय सदस्यों ने हरियाणा सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

## CUH Faculty met the officials of Tanzanian Universities

**CUH, July 12, 2023**

Under the guidance and motivation of Vice-Chancellor Prof. Tankeshwar Kumar, PVC Prof. Sushma Yadav, Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh Dr. Kiran and Dr Kheraj participated in the 47th International Trade Fair, Dar es Salaam (DITF), 2023 in Tanzania. As part of a sequence of events, a high-level meeting was held with the External Affairs Minister of India who was there on a 4-day tour. The Haryana pavilion was inaugurated by the Indian Ambassador to Tanzania Sh. Binay Srikanta Pradhan, Director General Tantrade,

Tanzania Ms Latifa, Director General, Foreign Cooperation Department, Haryana Sh. Ashok Meena; Advisor, Foreign Cooperation Department Sh. Pawan Chaudhary. Dignitaries were greeted by the faculty of Central University of Haryana Dr. Kiran and Dr. Kheraj and were presented CUH memento. A discussion on how to promote academic cooperation between India and Tanzania was held.

Delegates from CUH also met Vice-Chancellors of the top ranking Universities of Tanzania like the University of Dar es Salaam, Ardhi University, Open University of Tanzania etc. CUH is keen to promote the internationalisation of education which is being supported by the Foreign Cooperation Department, Government of Haryana without whose support, it wouldn't be possible to be a part of this delegation and hold fruitful discussions with the universities in the DITF.

### 1.4 प्रो. टंकेश्वर कुमार ने हकेवि कुलपति के रूप में पूर्ण किए दो वर्ष

**CUH, July 28, 2023**



प्रो. टंकेश्वर कुमार ने हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में कुलपति के रूप में दो वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने 29 जुलाई, 2021 को हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में कार्यभार ग्रहण किया था। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इन दो वर्षों में विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, शिक्षणेतर कर्मचारियों, विद्यार्थियों, शोधार्थियों सहित सभी सहभागियों का उनके सहयोग व समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में दो वर्ष पूर्ण होने पर कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार के साथ वित्त अधिकारी डॉ. विकास कुमार व परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजीव कौशिक ने कुलपति का अभिनंदन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव व भौतिकी एवं खगोल भौतिकी विभाग के प्रो. सुनील कुमार भी उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने बताया कि प्रो. टंकेश्वर कुमार के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय ने जिस तरह से प्रगति की राह पकड़ी है, वह उल्लेखनीय है। उन्होंने कहा कि नए पाठ्यक्रमों की शुरुआत, शैक्षणिक व शिक्षणेतर पदों पर स्थाई नियुक्ति की प्रक्रिया निरंतर जारी है। विश्वविद्यालय प्रो. टंकेश्वर कुमार के कुशल नेतृत्व में प्रगति के पथ पर अग्रसर है और राष्ट्रीय शिक्षा नीति में वर्णित विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लक्ष्यों की प्राप्ति में जुटा हुआ है। इसके लिए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप विश्वविद्यालय में बी.एससी-एमएससी इंटीग्रेटिड 4 वर्षीय यूजी, 4 वर्षीय बी.ए.बी.एड कार्यक्रम, यूजी, पीजी व एकीकृत कार्यक्रमों में एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट और मल्टीपल एंट्री और एग्जिट विकल्पों को पाठयक्रमों का हिस्सा बनाया गया है।

### Prof. Tankeshwar Kumar completed two years of his tenure as CUH Vice Chancellor

**CUH, July 28, 2023**

Prof. Tankeshwar Kumar has completed two years as Vice Chancellor at Central University of Haryana (CUH) Mahendergarh. He took charge as the Vice-Chancellor of the Central University of Haryana on July 29, 2021. He thanked all the stakeholders, including teachers, officers, non-teaching staff, students, and research scholars of the University for their cooperation and support during these two years. On completion of two years as the Vice-Chancellor of the University, the Registrar Prof. Sunil Kumar along with Finance Officer Dr. Vikas Kumar and Controller of Examinations Prof. Rajiv Kaushik congratulated the Vice Chancellor. On this occasion, the first woman of the University, Prof. Sunita Srivastava and Prof. Suneel Kumar of the Department of Physics and Astrophysics were also present.

Prof. Sunil Kumar, Registrar of the University said that the University has taken the path of progress under the leadership and guidance of Prof. Tankeshwar Kumar is remarkable. He said that starting new courses and permanent appointments to teaching and non-teaching posts is going on continuously.

### 1.5 सीयूएच फैकल्टी को न्यूटन एलुमनी फॉलो-ऑन अवार्ड 2023 से सम्मानित

**CUH, Aug 20, 2023**



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के रसायन विज्ञान विभाग में सहायक आचार्य (इंस्पायर फैकल्टी) डॉ. अनिंदिता चक्रवर्ती को रॉयल सोसाइटी, लंदन, यूनाइटेड किंगडम (यूके) से न्यूटन एलुमनी फॉलो-ऑन अवार्ड, 2023 से सम्मानित किया गया है। डॉ. अनिंदिता वर्तमान में ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने और उन्हें मूल्यवान उत्पादों में बदलने के लिए सामग्रियों के विकास और अनुप्रयोगों पर काम कर रही हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने डॉ. अनिंदिता चक्रवर्ती को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और कहा कि रॉयल सोसाइटी, लंदन से अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार मिलना हर्ष व सम्मान का विषय है।

न्यूटन एलुमनी फॉलो-ऑन अवार्ड यूके के अंतर्गत अनुसंधान व यूके के प्राकृतिक विज्ञान और इंजीनियरिंग समुदायों के साथ अनुसंधान सहयोग करने के लिए प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार डॉ. अनिंदिता चक्रवर्ती को यूके के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में से एक सेंट एंड्रयूज विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग में रिसर्च कोलेबरेशन की सुविधा प्रदान करेगा। इस पुरस्कार के अंतर्गत डॉ. अनिंदिता चक्रवर्ती के पीएचडी शोधार्थी को सेंट एंड्रयूज विश्वविद्यालय का दौरा करने का भी प्रावधान है। यह उल्लेख करना महत्वपूर्ण है कि यह दूसरी बार है जब डॉ. अनिंदिता को रॉयल सोसाइटी की ओर से न्यूटन एलुमनी फॉलो-ऑन अवार्ड से सम्मानित किया गया है। इससे पहले, डॉ. अनिंदिता ने अपनी पीएचडी शोधार्थी सुश्री ज्योति के साथ हाल ही में इंग्लैंड के ससेक्स विश्वविद्यालय का दौरा किया था। इस अवसर पर रसायन विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. विनोद कुमार ने भी डॉ. अनिंदिता को बधाई दी और कहा कि इस तरह के अंतर्राष्ट्रीय शोध दौरे विभाग के लिए उपयोगी होंगे।

### CUH Faculty awarded with Newton Alumni Follow-on Award 2023

**CUH, Aug 20, 2023**

Dr. Anindita Chakraborty of Central University of Haryana who is working as an Assistant Professor (INSPIRE FACULTY) in the Department of Chemistry has been awarded with Newton Alumni Follow-on Award, 2023 from the Royal Society, London, United Kingdom (UK). Dr Anindita is currently working on the development and applications of materials to mitigate the emission of greenhouse gases and their conversion into valuable products.

The Newton Alumni follow-on award is awarded to maintain research links in the UK and support research collaborations with the UK natural sciences and engineering communities. This award will facilitate Dr. Anindita Chakraborty for a collaborative research visit at the Department of Chemistry, University of St Andrews (founded 1413, Scotland's oldest university), which is considered one of the best universities in the UK (Ranked 1 in the UK by Guardian University Guide, 2023). This award also has provision for a PhD student of Dr. Anindita Chakraborty to visit the University of St Andrews. It is important to mention that this is the second time Dr. Anindita has been awarded with the Newton Alumni Follow-on Award from the Royal Society. Previously, Dr. Anindita visited the University of Sussex, England with her PhD student Mrs. Jyoti, who is also working in the Department of Chemistry at the Central University of Haryana.

For this achievement, the Vice-Chancellor of the Central University of Haryana Prof.(Dr.) Tankeshwar Kumar congratulated Dr. Anindita Chakraborty and said that international awards from the Royal Society, London is always special and brings laurels to the University. The Vice-Chancellor also mentioned that the University is in the process of making strong international relationships with foreign universities and awards of this stature will be a great boon to realize that. On this occasion, the Head of the Department of Chemistry also congratulated Dr. Anindita and further said that such international research visits and collaborations will be crucial for the research accomplishments of the Department.

### 1.6 यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न के प्रतिनिधियों ने किया हकेवि का शैक्षणिक भ्रमण

**CUH, Sept 21, 2023**

यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न, आस्ट्रेलिया के सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ हॉयर एजुकेशन के प्रतिनिधियों ने गुरुवार को हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस अवसर पर दोनों ही

संस्थानों के बीच प्रमुख रूप से शिक्षक शिक्षा विभाग के अंतर्गत ग्रेजुएट सर्टिफिकेट इन यूनिवर्सिटी टीचिंग प्रोग्राम की शुरुआत पर चर्चा हुई। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने आशा जताई कि इस भ्रमण के परिणाम स्वरूप जल्द ही दोनों संस्थानों आपसी साझेदारी के साथ अध्ययन-अध्यापन व शोध की दिशा में काम करेंगे। विश्वविद्यालय के शैक्षणिक भ्रमण हेतु आए यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न के प्रतिनिधियों में निदेशक प्रो. सोफी अरकौडिस, उप निदेशक प्रो. ची बैक तथा डॉ. ट्रैसी रयान शामिल रहे। विश्वविद्यालय के प्रशासनिक खंड में सर्वप्रथम इन प्रतिनिधियों का पारम्परिक ढ़ंग से स्वागत किया गया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने स्वागत भाषण दिया और विश्वविद्यालय की उपलब्धियों व प्रगति से अवगत कराया। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि हरियाणा केन्द्रीय विश्वविद्यालय केंद्र सरकार द्वारा संचालित राज्य का एकमात्र विश्वविद्यालय है। हमारे यहां नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लागू होने के बाद देश विदेश के शिक्षण संस्थानों के साथ आपसी साझेदारी की भरपूर संभावनाएं उपलब्ध है। विश्वविद्यालय में इंडस्ट्री और एजुकेशन का मेल मिलता है जिसकी बात प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने की है। हमारी शिक्षा व्यवस्था ऑस्ट्रेलिया में उपलब्ध शिक्षा के अनुरूप है और यह आपसी साझेदारी में सहयोगी होगी। इसके पश्चात प्रो. ए.के. यादव ने विश्वविद्यालय से संबंधित प्रस्तुतिकरण दिया।

प्रस्तुतिकरण के पश्चात दोनों ही संस्थानों के प्रतिनिधियों ने आपसी सहयोगी की संभावनाओं पर विचार किया। जिसमें ज्वाइंट पीएच.डी. सुपरविजन, ज्वाइंट रिसर्च प्रोजेक्ट, ज्वाइंट सर्टिफिकेट प्रोग्राम, करिकुलम एंड फैकल्टी डेवलेपमंट प्रोग्राम, शॉर्टटर्म ट्रेनिंग प्रोग्राम, वर्कशॉप, सेमिनार व कांफ्रेंस प्रमुख रहे। चर्चा के उपरांत सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ हॉयर एजुकेशन की निदेशक प्रो. सोफी अरकौडिस ने कहा कि दोनों ही संस्थानों के बीच आपसी सहयोग की विभिन्न संभावनाएं उपलब्ध हैं और जल्द ही हम विभागीय स्तर पर इस दिशा में साझेदारी स्थापित कर आगे बढ़ेंगे। इसी क्रम में उप निदेशक प्रो. ची बैक ने यूनिवर्सिटी ट्रेनिंग प्रोग्राम विषय के बारे में जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के साथ मिलकर काम करने की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। इससे पूर्व में शिक्षा पीठ की अधिष्ठाता प्रो. सारिका शर्मा ने पीठ से संबंधित प्रस्तुतिकरण दिया। कार्यक्रम के पश्चात यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न के प्रतिनिधियों ने स्कूल ऑफ एजुकेशन का दौरा किया और वहाँ उपलब्ध सुविधाओं को देखा। कार्यक्रम में मंच का संचालन डॉ. किरण रानी ने किया।

### Representatives of the University of Melbourne made an academic visit of CUH

**CUH, Sept 21, 2023**

Representatives of the Centre for the Study of Higher Education of the University of Melbourne, Australia, on Thursday conducted an academic visit to the Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh. On this occasion, the discussion between both institutions was on the introduction of a Graduate Certificate in the University Teaching Program under the Department of Teacher Education. The Vice Chancellor of the University Prof. Tankeshwar Kumar expressed hope that as a result of this visit, soon both the institutions will work in mutual partnership in the direction of teaching, learning and research.

Among the representatives of the University of Melbourne who came for an academic tour of the University, Director Prof. Sophie Arkoudis, Deputy Director Prof. Chi Baik and Dr. Tracii Ryan were present. These representatives were first welcomed traditionally in the University. The Vice Chancellor of the University Prof. Tankeshwar Kumar gave the welcome address and informed about the achievements and progress of the University. After this Prof. A.K. Yadav gave a presentation related to the University. In their address, these representatives mentioned the various possibilities available at the University and said that both the institutions will work together in the near future at the level of research, innovation, and student and teacher exchange. On this occasion, the introduction of the Graduate Certificate in University Teaching under the School of Teacher Education was also discussed.

## 2. Celebrations

### 2.1 कारगिल विजय दिवस पर विद्या वीरता स्थल पर पुष्प अर्पित कर जवानों को दी श्रद्धांजलि

**CUH, July 26, 2023**



कारगिल विजय दिवस की 24वीं वर्षगांठ के अवसर पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम को नमन किया गया। विश्वविद्यालय के शैक्षणिक खण्ड तीन में स्थित विद्या वीरता स्थल पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने दीप प्रज्जवलित व पुष्प अर्पित कर सेना के वीर योद्धाओं के त्याग, बलिदान व देश के प्रति समर्पण को याद किया। कुलपति ने इस अवसर पर कहा कि

कारगिल युद्ध भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम का परिचायक है। इस युद्ध की सफलता युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। कुलपति ने इस लड़ाई में अपनी जान गंवाने वाले सैनिकों के बलिदान को याद किया और उसे सर्वोच्च बलिदान बताया। उन्होंने कहा कि इस युद्ध के परिणाम ने एक बार फिर से साबित किया कि भारतीय सेना सीमा की रक्षा करने और दुश्मन को मुँह तोड़ जबाव देने में पूरी तरह से सक्षम है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संबोधन में कारगिल की विजय पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों को याद करते हुए उनके परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने भी इस अवसर पर वीर सैनिकों के बलिदान को याद किया और कहा कि हम सदैव उनके ऋणी रहेंगे। इस अवसर पर प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, प्रो. संजीव कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजीव कौशिक, प्रो. हरीश कुमार, पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. संतोष सीएच, प्रो. सारिका शर्मा, प्रो. रणवीर सिंह, प्रो. सुरेंद्र सिंह, प्रो. पायल चंदेल, प्रो. अंतरेश, डॉ. रमेश कुमार, डॉ. सुनीता तंवर, डॉ. राजेंद्र प्रसाद मीणा सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक, अधिकारी व शिक्षणेतर कर्मचारी उपस्थित रहे।

### Tribute to soldiers at Vidya Veerta Sthal on Kargil Vijay Day

**CUH, July 26, 2023**

On the occasion of the 24th anniversary of Kargil Vijay Diwas, the Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh paid tribute to the bravery and valour of the Indian Soldiers. The Vice-Chancellor of the University, Prof. Tankeshwar Kumar remembered the sacrifice, martyrdom and dedication of the brave soldiers of the army by lighting the lamp and offering flowers at the Vidya Veerta Sthal in Academic Block 3 of the University. On this occasion, the Vice Chancellor said that the Kargil war is a reflection of the bravery and valour of the Indian Army. The success of this war is a source of inspiration for the youth. The Vice-Chancellor remembered the sacrifice of the soldiers who lost their lives in this battle and described it as the supreme sacrifice. He said that the result of this war proved once again that the Indian Army is fully capable of defending the border and giving a befitting reply to the enemy.

Prof. Tankeshwar Kumar in his address expressed his condolences to the families of the brave soldiers who sacrificed their lives for the victory of Kargil. Prof. Sunil Kumar, Registrar also remembered the sacrifice of the brave soldiers on this occasion and said that we will always be indebted to them.

### 2.2 हकेवि में 77वें स्वतंत्रता पर समारोह का हुआ आयोजन

**CUH, Aug 15, 2023**



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर मंगलवार को ध्वजारोहण समारोह का आयोजन हुआ। 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्रशासनिक भवन के सामने तिरंगा झंडा फहराकर कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने उपस्थित लोगों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम आजआजादी का पर्व मना रहे हैं। कुलपति ने इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सहभागियों के साथ भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों व देश की सीमा की रक्षा करने वाले वीर जवानों के सेवा, समर्पण व त्याग को याद किया। इससे पूर्व कुलपति ने विश्वविद्यालय स्थित विद्या वीरता स्थल पर वीर जवानों को सलामी दी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव, विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव व कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर कुलपति ने बीते एक वर्ष में विश्वविद्यालय की उपलब्धियों से भी प्रतिभागियों को अवगत कराया। उन्होंने विश्वविद्यालय को नैक 'ए' ग्रेड मिलने पर सभी सहभागियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के शिक्षकों द्वारा लगातार नए पेटेंट हासिल किए जा रहे हैं, जो समाज उपयोगी शोध आधारित उनके प्रयासों का परिणाम है। कुलपति ने बताया कि आपसी सहभागिता के साथ विश्वविद्यालय निरंतर विभिन्न महत्त्वपूर्ण समझौता ज्ञापन कर रहा है। बीते साल में आठ एमओयू हुए। कुलपति ने अपने संबोधन में विश्वविद्यालय में मालवीय मिशन ट्रेनिंग प्रोग्राम केंद्र स्थापित करने का उल्लेख भी किया। संस्थागत विकास के स्तर पर विश्वविद्यालय में नए अतिथि गृह की शुरुआत हो गई है और नए निर्माणों में केंद्रीय पुस्तकालय भवन के निर्माण व सभागार के निर्माण का कार्य भी प्रगति पर है।

### Celebration of 77th Independence was organized at CUH

**CUH, Aug 15, 2023**

The flag hoisting ceremony was organized on Tuesday on the auspicious occasion of Independence Day at Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh. On the occasion

of the 77th Independence Day, the Vice Chancellor of the University, Prof. Tankeshwar Kumar started the program by unfurling the tricolor flag in front of the administrative building. Prof. Tankeshwar Kumar while congratulating the people present on Independence Day said that we are celebrating the festival of independence today. On this occasion, the Vice-Chancellor along with the participants of the University remembered the service, dedication and sacrifice of the Indian freedom fighters and the brave soldiers who guard the borders of the country. Earlier, the Vice-Chancellor saluted the brave soldiers at the Vidya Veerta Sthal located in the University. On this occasion, the Pro-Vice-Chancellor of the University Prof. Sushma Yadav, the first lady of the University Prof. Sunita Srivastava and the Registrar Prof. Sunil Kumar were also present.

### 2.3 प्रो. रणवीर सिंह के कार्यमुक्त होने पर हवन आयोजित

**CUH, Aug 21, 2023**



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में स्वामी दयानंद सरस्वती पीठ के पीठाचार्य प्रो. रणवीर सिंह की सोमवार को कार्यमुक्त हुए। इस अवसर पर पीठ में हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार, कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार, शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. संजीव कुमार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कुलपति ने इस अवसर पर प्रो. रणवीर सिंह की सराहना करते हुए कहा कि उनके द्वारा स्वामी दयानंद सरस्वती पीठ के माध्यम से स्वामी जी के विचारों के प्रसार हेतु जो प्रयास किए गए वे सराहनीय हैं। इस मौके पर महेंद्रगढ़ जिले के आर्यसमाजी भी उपस्थित रहे और उन्होंने प्रो. रणवीर सिंह को पगड़ी व पटका पहनाकर सम्मानित किया। आयोजन में विश्वविद्यालय के शिक्षक शिक्षा विभाग के प्रो. दिनेश चहल, राजनीति विभाग के प्रो. शांतेश कुमार, हिंदी विभाग के सह आचार्य डॉ. कामराज सिंधु सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

### Havan organized on Prof. Ranveer Singh's retirement

**CUH, Aug 21, 2023**

Dean of Swami Dayanand Saraswati Chair at Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh. Prof. Ranveer Singh was relieved from duty on Monday. On this occasion, a *havan* program was organized in the bench. In the event, Vice-Chancellor of the University, Prof. Tankeshwar Kumar, Registrar Prof. Sunil Kumar, Academic Dean, Prof. Sanjeev Kumar was prominently present. On this occasion, Vice-Chancellor, praising Prof. Ranveer Singh, said that the efforts made by him to spread the ideas of Swamiji through Swami Dayanand Saraswati Peeth are commendable. *Arya Samaji* of Mahendergarh district was also present on this occasion and Prof. Ranveer Singh was honored by wearing turban and patka. In the event, Prof. Dinesh Chahal of the Teacher Education Department in the University, Professor Shantesh Kumar of Politics Department, Associate Professor of Hindi Department, Dr. Kamaraj Sindhu along with teachers, employees, students and researchers of the university were also present.

### 2.4 हकेवि में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित

**CUH, Aug 25, 2023**






हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 21 से 29 अगस्त 2023 तक विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने खेल प्रतियोगिता के आयोजन के लिए आयोजको को बधाई देते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक व मानसिक विकास में मददगार साबित होते हैं। साथ ही आपसी मेलजोल को बढ़ाने में भी खेल की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। इसलिए हमें अध्ययन-अध्यापन के साथ खेलों में भी प्रतिभागिता करनी चाहिए।

विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग आयोजित इन प्रतियोगिताओं की श्रृंखला के पहले दिन पहले दिन शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों के बीच मैत्रीपूर्ण वॉलीबॉल मैच का आयोजन किया गया। शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग के शोधार्थियों ने मैच के दौरान स्थानापन्न कर्त्तव्यों का पालन किया। विश्वविद्यालय की स्पोर्ट्स काउंसिल के अध्यक्ष प्रो. रविंदर पाल अहलावत ने मैच का औपचारिक उद्घाटन किया। मैच में शैक्षणिक टीम की ओर से मौलिक विज्ञान पीठ के प्रो. विनोद कुमार, शिक्षा पीठ के प्रो. प्रमोद कुमार व प्रो. दिनेश चहल, गणित विभाग के प्रो. फूल सिंह, प्रो. राजेश कुमार गुप्ता, प्रो. ए.के. यादव व डॉ. शाहजहां शारीरिक शिक्षा विभाग से प्रो. जय प्रकाश भूकर, रसायन विज्ञान विभाग से प्रो. हरीश कुमार, हिंदी विभाग के डॉ. सिद्धार्थ शंकर राय, पर्यटन एवं होटल प्रबंधन विभाग के डॉ. विकास सिवाच ने तथा गैर शैक्षणिक टीम की ओर से एक्सईएन अमरजीत सिंह, शैलेंद्र सिंह, नरेश कुमार, संजीव कुमार, प्रदीप जाखड, अमित श्योराण, दिनेश सिंह चौहान, रामवीर गुर्जर, संदीप डागर आदि उपस्थित रहे। रोमांचक मुकाबले में शैक्षणिक टीम से 2-1 जीत दर्ज की।

## Sports competitions organized on the occasion of National Sports Day in CUH

### CUH, Aug 25, 2023

Various sports competitions have been organized at Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh from 21 to 29 August 2023 on the occasion of National Sports Day. Vice-Chancellor of the University, Prof. Tankeshwar Kumar, congratulating the organizers for organizing the sports competition, said that sports prove to be helpful in physical and mental development. Besides, sports also play an important role in increasing mutual interaction. Therefore, along with studies and teaching, we should also participate in sports.

On the first day of the series of these competitions organized by the Department of Physical Education and Sports of the University, a friendly volleyball match was organized between the teaching and non-teaching staff. Researchers from the Department of Physical Education and Sports performed officiating duties during the match. Chairman of the University's Sports Council, Prof. Ravinder Pal Ahlawat formally inaugurated the match. On behalf of the academic team, Prof. Vinod Kumar, Education Chair of the Fundamental Sciences was present in the match. Prof. Dinesh Chahal and Pramod Kumar from Education Department, Prof. Phool Singh, Prof. Rajesh Kumar Gupta, Prof. A.K. Yadav and Dr. Shahjahan from the Department of Mathematics, Prof. Jai Prakash Bhukar from the Department of Physical Education, Prof. Harish Kumar from Chemistry Department, Dr. Siddharth Shankar Rai of Hindi Department, Dr. Vikas Siwach of Tourism and Hotel Management Department and from the non-academic team, Axian Amarjeet Singh, Shailendra Singh, Naresh Kumar, Sanjeev Kumar, Pradeep Jakhar, Amit Sheoran, Dinesh Singh Chauhan, Ramveer Gurjar, Sandeep Dagar etc. were present.

## 2.5 हकेवि में हिंदी पखवाड़े का आयोजन 14 से 27 सितंबर तक

### CUH, Sept 6, 2023

हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में 14 से 27 सितंबर तक हिंदी पखवाड़ें का आयोजन किया जा रहा है। हिंदी पखवाड़े के दौरान विश्वविद्यालय के शिक्षकों, शिक्षणेतर कर्मचारियों, विद्यार्थियों, शोधार्थियों व विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए हुए गाँवों के स्कूली विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बुधवार को हिंदी पखवाड़े का पोस्टर जारी करते हुए कहा कि राजभाषा हिंदी के प्रचार प्रसार में विश्वविद्यालय तेजी से अग्रसर है। विश्वविद्यालय में इस दिशा में जारी प्रयासों का नतीजा है कि कार्यालयीन गतिविधियों में हिंदी का उपयोग बढ़ा है और नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के माध्यम से विश्वविद्यालय स्थानीय निकायों को भी हिंदी के प्रयोग में सहयोग प्रदान कर रहा है।

कुलपति ने कहा कि हिंदी हमारी राजभाषा है और इसका उपयोग अधिक से अधिक होना चाहिए। विश्वविद्यालय में हिंदी पखवाड़ा आयोजन समिति के समन्वयक प्रो. सुरेंद्र सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय में हिंदी पखवाड़े का आयोजन आगामी 14 सितंबर से 27 सितंबर तक किया जा रहा है। आयोजन के दौरान विश्वविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों व शोधार्थियों तथा विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए हुए गाँवों के स्कूली बच्चों के लिए निबंध प्रतियोगिता, विश्वविद्यालय शिक्षकों के लिए ऑनलाइन प्रतियोगिता, शिक्षणेतर कर्मचारियों के लिए ऑनलाइन प्रतियोगिता व पत्रलेखन व नोटशीट लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हिंदी पखवाड़े के दौरान विशेषज्ञ व्याख्यान व हिंदी कार्यशाला का आयोजन भी किया जाएगा। 27 सितंबर 2023 को समापन व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। हिंदी पखवाड़े के पोस्टर जारी करने के अवसर पर प्रो. सुरेंद्र सिंह सहित विश्वविद्यालय के हिंदी अधिकारी शैलेंद्र सिंह, प्रो. बीरपाल सिंह यादव, डॉ. सिद्धार्थ शंकर राय, डॉ. अमित कुमार, डॉ. देवेंद्र सिंहराजपूत, अमित यादव उपस्थित रहे।

## Hindi Fortnight organized in CUH from 14th to 27th September

**CUH, Sept 6, 2023**

To commemorate Hindi Diwas, Hindi Fortnight is being organized at Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh from 14th to 27th September. During Hindi Fortnight, various competitions will be organized for the teachers, non-teaching staff, students, research scholars and school students of the villages adopted by the University. University Vice-Chancellor, releasing the poster of Hindi Fortnight on Wednesday, said that the university is moving forward rapidly in propagating the official language Hindi. The result of ongoing efforts in this direction is that the use of Hindi has increased in official activities and through the City Official Language Implementation Committee, the University is also providing support to the local bodies in the use of Hindi.

The Vice-Chancellor said that Hindi is our official language and it should be used as much as possible. Coordinator of Hindi Fortnight Organizing Committee in the University, Prof. Surendra Singh said that Hindi Fortnight is being organized in the university from 14th September to 27th September. During the event, essay competition will be organized for the students and researchers studying in the university and school children of the villages adopted by the university, online competition for university teachers, online competition for non-teaching staff and letter writing and note-sheet writing competition. He informed that expert lectures and Hindi workshops will also be organized during Hindi Fortnight. The closing and prize distribution program will be organized on 27 September 2023. On the occasion of releasing the poster of Hindi Fortnight, Prof. Surendra Singh, Hindi officer of the university, including Shailendra Singh, Prof. Birpal Singh Yadav, Dr. Siddharth Shankar Rai, Dr. Amit Kumar, Dr. Devendra Singh Rajput, Amit Yadav were present.

## 2.6 हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में मनाया गया इंजीनियर्स डे

**CUH, Sept 15, 2023**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में इंजीनियर्स डे के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने सभी को इंजीनियर्स डे की बधाई दी और कहा कि इनोवेशन में इंजीनियर्स की भूमिका महत्त्वपूर्ण होती है और हमें नए-नए आइडिया के साथ आगे बढ़ने पर भी सफलता मिलेगी। कुलपति ने कहा कि विद्यार्थियों को बदलते समय के अनुरूप तैयार करने की जिम्मेदारी शिक्षकों की भी है।

विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्ष प्रो. विकास गर्ग ने किया। विश्वविद्यालय में इंजीनियर्स डे के अवसर पर सिविक्यू, इनोबिल्ड चैलेंज, व्हाट्स रॉन्ग, टेक्नोफ्रेम और सीएडीवेंचर आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की छात्रा पुनिता ने विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार का एक रेखाचित्र कुलपति को भेंट किया। बीटेक सिविल प्रथम वर्ष के आयुष ने प्रभावशाली जादू शो से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। आयोजन में डॉ. नीरज, इंजीनियर दीपक राणा, इंजीनियर सुधीर, डॉ. मोहित मित्तल, इंजीनियर अनुराग और इंजीनियर नीलम सिंह ने निर्णायक मंडल के सदस्यों के रूप में अपनी भूमिका का निर्वहन किया। कार्यक्रम के आयोजन में डॉ. शिवानी त्यागी और हर्षराज (सिविल अंतिम वर्ष), भानु प्रताप भारती (सिविल तृतीय वर्ष), पुष्पेश कुमार (सिविल द्वितीय वर्ष) और प्रज्ञा (प्रथम वर्ष) ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## Engineers Day celebrated in Central University of Haryana

**CUH, Sept 15, 2023**

Various programs were organized on the occasion of Engineers Day at Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh. Inaugurating

the program, Vice-Chancellor Prof. Tankeshwar Kumar congratulated everyone on Engineer's Day and said that the role of engineers is important in innovation and we will get success if we move forward with new ideas. The Vice-Chancellor said that it is also the responsibility of the teachers to prepare the students according to the changing times.

This program organized by the Civil Engineering Department of the University was conducted by the Head of the Department, Prof. Vikas Garg. On the occasion of Engineers Day, competitions like Civic, Inno-build Challenge, What's Wrong, Technoframe and CAD-venture etc. were organized in the university. On this occasion, University student Punita presented a sketch of University Vice-Chancellor Prof. Tankeshwar Kumar. Ayush of B.Tech Civil 1st year enthralled everyone with his impressive magic show. At the end of the program, winners of various competitions were awarded. Dr. Neeraj, Engineer Deepak Rana, Engineer Sudhir, Dr. Mohit Mittal, Engineer Anurag and Engineer Neelam Singh performed their roles as members of the jury in the event. Dr. Shivani Tyagi and Harshraj (civil final year), Bhanu Pratap Bharti (civil third year), Pushpesh Kumar (civil second year) and Pragya (first year) played an active role in organizing the program.

### 2.7 हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में ओजोन दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित

**CUH, Sept 17, 2023**



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के पर्यावरण अध्ययन विभाग ने विश्व ओजोन दिवस 2023 के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया। इस वर्ष विश्व ओजोन दिवस मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉलः ओजोन परत को ठीक करना और जलवायु परिवर्तन से होने वाले नुकसान को कम करना निर्धारित किया गया था। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार ने पर्यावरण संरक्षण में व्यक्तिगत योगदान के महत्व पर जोर दिया और दैनिक जीवन में ओजोन-क्षयकारी पदार्थों की कमी करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के जी20 मंत्र का उल्लेख किया। विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रोफेसर सुषमा यादव ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए पर्यावरण-अनुकूल प्रौद्योगिकी अपनाने पर जोर दिया।

विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंटरडिसिप्लिनरी एंड एप्लाइड साइंसेज (एसआईएएस) की अधिष्ठाता प्रोफेसर नीलम सांगवान ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए हमारे जीवन में ओजोन की भूमिका से प्रतिभागियों को अवगत कराया और ओजोन परत की कमी को कम करने के लिए जागरूकता बढ़ाने और सामूहिक प्रयास करने की आवश्यकता पर जोर दिया। पर्यावरण अध्ययन विभाग की अध्यक्ष डॉ.मोना शर्मा ने आयोजन की रुपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने ओजोन परत की सुरक्षा और संरक्षण के लिए रसायनों के उपयोग को कम करने का आह्वान किया और आगे बताया कि कैसे ओजोन परत हमें हानिकारक यूवी विकिरण से बचाती है, जो पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य दोनों को प्रभावित करती है। डॉ. मोना ने कार्यक्रम की मुख्य वक्ता प्रोफेसर अनुभा कौशिक, हेड सेंटर फॉर सस्टेनेबिलिटी एंड क्लाइमेट चेंज, गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी (जीजीएस आईपीयू), नई दिल्ली का परिचय प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रोफेसर कौशिक ने ओजोन निर्माण और क्षरण की प्राकृतिक गतिशीलता पर चर्चा की। उन्होंने ओजोन क्षरण को तेज करने वाली मानवीय गतिविधियों पर भी चर्चा की जो ओजोन क्षरण को तेज करते हैं। प्रोफेसर कौशिक ने मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल और ओजोन से संबंधित अन्य अंतरराष्ट्रीय समझौतों के महत्व पर विस्तार से बताया।

कार्यक्रम के दौरान 'ग्राम पाठशाला' संस्था के सदस्य अजयपाल नागर ने 15 अगस्त, 2027 तक देश भर के सभी गांवों में 663,469 पुस्तकालय स्थापित करने के संगठन के मिशन की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि ग्राम पाठशाला और हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के बीच सहयोग के माध्यम से आसपास के गांवों में पुस्तकालय स्थापित करने की संभावनाओ पर चर्चा की जा रही है। इस मौके पर कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने ग्राम पाठशाला की इस पहल के लिए डॉ. दुष्यन्त कुमार को नोडल अधिकारी घोषित किया। कार्यक्रम में विभाग के विद्यार्थियों द्वारा एक नाटक 'टुडेज़ प्लैनेट' का भी मंचन किया गया। आयोजन में डॉ. दिनेश कुमार, डॉ. विक्रम सिंह, डॉ. अनूप यादव, डॉ. भूपिंदर पी. सिंह और डॉ. दुष्यन्त कुमार सहित संकाय सदस्यों के साथ विद्यार्थी व शोधार्थी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. अनीता सिंह ने अपने धन्यवाद ज्ञापन में कार्यक्रम में उनके बहुमूल्य योगदान के लिए सभी उपस्थित लोगों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## Ozone Day 2023 Celebrated at central University of Haryana

**CUH, Sept 17, 2023**

The Department of Environmental Studies, Central University of Haryana, organized the

World Ozone Day 2023. This event coincides with the International Day for the Preservation of the Ozone Layer, observed on September 16th each year. The theme for this year is *"Montreal Protocol: Healing the Ozone Layer and Mitigating Climate Change."* Professor Tankeshwar Kumar, Vice-Chancellor of the University, emphasized the importance of individual contributions to environmental protection and encouraged the reduction of ozone-depleting substances in daily life. He further mentioned the G20 mantra of One Earth, One Family, and One Future. Professor Sushma Yadav, the Pro Vice-Chancellor, addressed the audience, emphasizing the adoption of eco-friendly technologies to promote sustainable growth. She highlighted the use of traditional things in India.

The opening address was delivered by Professor Neelam Sangwan, Dean School of Interdisciplinary and Applied Sciences (SIAS). She emphasized the vital role of ozone in our survival and stressed the urgent need for increased awareness and collective action to reduce ozone layer depletion. Dr. Mona Sharma, Head Department of Environmental Studies, briefed about the event. She requested to decrease the use of chemicals to preserve and protect the Ozone layer and further highlighted how the ozone layer shields us from harmful UV radiation, affecting both the environment and human health. Dr. Mona also introduced the keynote speaker of the program, Professor Anubha Kaushik, Head Center for Sustainability and Climate Change, Guru Gobind Singh Indraprastha University (GGS IPU), New Delhi. Prof. Kaushik was a distinguished speaker at the event and discussed the natural dynamics of ozone formation and depletion. She also pointed out the use of harmful chemicals by human activities that accelerate ozone depletion. Professor Kaushik elaborated on the significance of the Montreal Protocol and other international agreements related to ozone. She spread awareness and requested immediate actions to reduce ozone depletion, advocating the adoption of sustainable practices to safeguard our planet.

During the event, members from the organization 'Gram Pathshala' were also present. Mr. Ajaypal Nagar ji from Gram Pathshala outlined the organization's mission to establish 663,469 libraries in all villages across the country by August 15, 2027. He mentioned that this initiative was taken by Sh. Lal Bahar Ji. Through collaboration between Gram Pathshala and the Central University of Haryana, the possibility of establishing additional libraries in nearby villages was explored.

## 2.8 हकेवि में चंद्रयान-3 उत्सव का हुआ आयोजन

**CUH, Sept 21, 2023**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि) के रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल द्वारा 'चंद्रयान -3 उत्सव' का आयोजन किया। आयोजन के दौरान विद्यार्थियों द्वारा स्किट, स्केच, लघु फिल्मों पर आधारित गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार मुख्य अतिथि तथा भौतिकी एवं खगोल भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सुनीता श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस अवसर पर कहा कि यह मिशन केवल इसरो की सफलता का तो है ही। साथ ही यह मिशन उन स्कूलों और संस्थानों सहित पूरे भारत वर्ष की सफलता का भी है, जहां से वैज्ञानिक आते हैं। चंद्रयान-3 की सफलता पर भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व को गर्व है।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। तत्पश्चात कार्यक्रम की संयोजक प्रो. नीलम सांगवान ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने बताया कि कैसे इसरो ने चंद्रयान-3 को विकसित कर मिशन को अंजाम दिया। स्केच प्रतियोगिता में इसरो के पहले रॉकेट लॉन्च से लेकर चंद्रयान 3 की सफलता तक की यात्रा को प्रदर्शित किया। लघु फिल्म के माध्यम से बताया कि चंद्रयान-3 की सफलता देश और इसके विकास के लिए कितनी महत्वपूर्ण है।

## 'Chandrayaan-3 Utsav' organised at CUH

**CUH, Sept 21, 2023**

Research and Development Cell, Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh organized an event "Celebration of Chandrayaan-3 Utsav" on 20th September 2023. During this event, various activities were performed by the students such as skits/sketches/ short films/ on the theme "India on the Moon". Convener of the programme Prof. Neelam Sangwan welcomed the Vice Chancellor of the University Prof. Tankeshwar Kumar and the Guest of honor of

the event Prof. Sunita Srivastava, HOD, Physics Department. Vice Chancellor cited that the mission is not just for the success of ISRO but also for the whole of India including schools and institutions from where scientists come. Not only India but the whole World is proud of the success of Chandrayaan-3.

The program started with holy lamp lighting. During the speech competition, contestants spoke on how ISRO developed the idea and executed the mission. The sketch competition covered the journey of ISRO for their 1st ever rocket launch to Chandrayaan 3 success. Contestants also described some highlights of mass missions controlled by ISRO.

### 2.9 विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित

**CUH, Sept 25, 2023**



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग द्वारा सोमवार को विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह स्वास्थ्य में सुधार के लिए फार्मेसी और फार्मेसी पेशेवरों के मूल्य को उजागर करने के लिए दुनिया भर के फार्मासिस्टों द्वारा मनाया जाने वाला कार्यक्रम है। फेडरेशन ऑफ इंटरनेशनल फार्मासिस्ट (एफआईपी) और फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई) फार्मासिस्टों को इस दिन का उपयोग उन गतिविधियों को आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं जो दुनिया के हर कोने में स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में फार्मासिस्ट की भूमिका को बढ़ावा देते हैं। इस वर्ष पीसीआई ने लोगों को जागरूक करने और अंगदान के लिए आगे आने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से 'फार्मेसी स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करना-अंगदान महादान' विषय पर विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाने का निर्णय लिया है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि अंग दान एक महान कार्य है जो किसी अन्य व्यक्ति के जीवन में आशा की किरण दे सकता है जो किसी विशेष अंग या अंग की विफलता के कारण कई वर्षों से पीड़ित हैं। विश्वविद्यालय स्कूल ऑफ इंटरडिसिप्लिनरी एंड एप्लाइड साइंसेस की अधिष्ठाता प्रो. नीलम सांगवान ने बताया कि यह कार्यक्रम अंगदान के लिए हस्ताक्षर करने के लिए वयस्कों की इच्छुक भागीदारी को बढ़ाता है। कार्यक्रम के संयोजक और विभागाध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार ने प्रतिभागियों को हमारे समाज में रोगी देखभाल के प्रति फार्मासिस्ट के योगदान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अंगदान करने वाला व्यक्ति लीवर, किडनी, आंत, फेफड़े, हृदय और अग्न्याशय जैसे अंगों की आवश्यकता वाले आठ लोगों की जान बचा सकता है। इसके अलावा हड्डी, त्वचा, हृदय वाल्व, कॉर्निया आदि का दान करके अनगिनत लोगों के जीवन की गुणवत्ता में काफी सुधार करता है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय में वृक्षारोपण अभियान भी चलाया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के 200 से अधिक विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं शिक्षणेतर कर्मचारियों ने अंगदान हेतु पंजीकरण किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय में फार्मेसी द्वारा स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत बनाना-अंगदान महादान विषय पर स्लोगन एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में डॉ. सुमित कुमार, डॉ. तरूण कुमार, डॉ. अशोक जांगड़ा, डॉ. मनीषा पांडे ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### World Pharmacists Day celebrated at CUH

**CUH, Sept 25, 2023**

World Pharmacists Day was celebrated on 25th Sept. 2023 in the Department of Pharmaceutical Sciences at Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh. The day marked as World Pharmacists Day globally falls on September 25 every year. It is an event celebrated by pharmacists across the world to highlight the value of pharmacy and pharmacy professionals in improving health. The Federation of International Pharmacists (FIP) and Pharmacy Council of India (PCI) encourage pharmacists to use this day to organize activities that promote and advocate for the role of the pharmacist in improving health in every corner of the world. This year PCI has decided to celebrate World Pharmacists Day on the theme "Pharmacy strengthening health systems-ANGDAAN MAHADAAN" with the objective to aware and convince people to come forward for organ donation. Under this event, students, faculties and non-teaching staff of the University were motivated for organ donation. Vice-Chancellor Prof. (Dr.) Tankeshwar Kumar said Organ donation is a noble act that could give a ray of hope to another person's life who has been suffering for many years because of the failure of a particular organ or organ.

Prof. (Dr.) Neelam Sangwan, Dean of SIAS and Dean of Research informed us that this program increases the willing participation of adults to sign up for organ donation. Dr. Dinesh Kumar, Head and convener of the event informed the participants about the contribution of pharmacists towards patient care in our society. Further, he said, each potent donor can save up to eight lives who need organs such as the liver, kidneys, intestine, lungs, heart, and pancreas. In addition, it vastly improves the quality of life for countless more by donating bone, skin, heart valves, cornea etc. Further, a tree plantation campaign was also conducted in the University. More than 200 students, faculties and non-teaching staff registered themselves as registered organ donor.

### 2.10 हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के मनाया गया विश्व पर्यटन दिवस

**CUH, Sept 27, 2023**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने शिक्षको, शोधार्थियों एवं विद्यार्थी को विश्व पर्यटन दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि पर्यटन से संबंधित उद्योग न केवल आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, बल्कि यह समाज को सामाजिक दृष्टि से भी उठाने में सहारा प्रदान करते हैं। कुलपति ने कहा कि महेन्द्रगढ़ में भी पर्यटन अपार संभावनाएं मौजूद है। कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता के रूप में इंडियन एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स (आईएटीओ) के पूर्व निदेशक सुभाष गोयल व सुखविंदर सिंह बरार उपस्थित रहे।

इससे पूर्व में कार्यक्रम की शुरुआत में विभागाध्यक्ष प्रो. रणबीर सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि भारत में पर्यटन की काफी संभावनाएं हैं। उन्होंने पर्यटन हमारे देश की सुंदरता, कला, इतिहास और संस्कृति को स्पष्ट करने में मदद करता है। पर्यटन के जरिए पूरा देश और विश्व अपना-सा प्रतीत होता है। राष्ट्रीय एकता बढ़ाने में पर्यटन का बहुत बड़ा योगदान है। इस वर्ष अंतरर्राष्ट्रीय पर्यटन दिवस की थीम पर्यटन और हरित निवेश है। उन्होंने कहा कि पर्यटन रोजगार के बड़े अवसर पैदा कर सकता है। उन्होंने कहा कि पर्यटन के संबंध में विधार्थियों के ज्ञानवर्धन के लिए विशेषज्ञ व्याखायान का आयोजन किया गया।

### World Tourism Day celebrated at Central University of Haryana

**CUH, Sept 27, 2023**

A special program was organized on the occasion of World Tourism Day at Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh. Vice-Chancellor of the University, Prof. Tankeshwar Kumar was present as the chief guest on this occasion. He congratulated teachers, researchers and students on World Tourism Day. He said that tourism related industries not only play an important role in economic development, but they also help in upliftment of the society from social point of view. The Vice-Chancellor said that there is immense tourism potential in Mahendergarh also. Former directors of Indian Association of Tour Operators (IATO) Subhash Goyal and Sukhwinder Singh Brar were present as expert speakers in the program.

Earlier, at the beginning of the program, Head of the Department, Prof. Ranbir Singh, while presenting the outline of the program said that there is a lot of potential for tourism in India. Tourism helps in highlighting the beauty, art, history and culture of our country. The theme of International Tourism Day this year is tourism and green investment. He said that tourism can create huge employment opportunities. In the program, expert speaker Subhash Goyal made the students aware of the immense possibilities of tourism. He said that we need to develop our fundamental skills which boost our confidence and knowledge. Sukhwinder Singh Brar, the second expert of the program, informed the students about the current education system. He emphasized on digital marketing personality development. On the occasion of World Tourism Day, a mocktail competition and prize distribution was organized by the Department of Tourism and Hotel Management of the University. Vikas Shivach, Dr. Vivek Balyan, Dr. Anil played important roles in organizing the program.

## 3. CUH Admissions 2022-23

### 3.1 हकेवि में चार वर्षीय बीए बी.एड पाठ्यक्रम में पंजीकरण का अंतिम दिन कल

**CUH, July 17, 2023**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के शिक्षक शिक्षा विभाग में उपलब्ध चार वर्षीय इंटीग्रेटेड बीए बी.एड पाठ्यक्रम में पंजीकरण का कल बुधवार को अंतिम दिन है। विश्वविद्यालय इस पाठ्यक्रम में दाखिले राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित की जा रहे नेशनल कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (एनसीईटी) -2023 के आधार पर करेगा, जिसके लिए

ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया जारी है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि शिक्षण के क्षेत्र में भविष्य तलाश रहे युवाओं के लिए चार वर्षीय इंटीग्रेटिड बीए बी.एड पाठ्यक्रम एक बेहतरीन विकल्प है।

शिक्षक शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सारिका शर्मा ने बताया कि बीए बी.एड पाठ्यक्रम के अतंर्गत आगामी शैक्षणिक सत्र 2023-24 में कुल 50 सीटें उपलब्ध है जिसमें दाखिल के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता बारहवीं पास निर्धारित है। आवेदन जोकि शिक्षण के क्षेत्र में रूचि रखते है और इसमें आगे बढ़ने के इच्छुक है वो इस पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए बुधवार 19 जुलाई 2023 तक आवेदन कर सकते हैं। एनटीए की ओर से एनसीईटी -2023 की परीक्षा के लिए शुरू ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 19 जुलाई तक चलेगी। जहां तक आवेदन की बात है तो ऑनलाइन आवेदन व दाखिले से संबंधित अधिक जानकारी के लिए इच्छुक https://ncet.samarth.ac.in/पर लॉगइन कर सकते हैं।

## 19 July is the last day of registration for the four-year BA-B.Ed course at CUH

**CUH, July 17, 2023**

19 July 2023, Wednesday is the last day for registration in the four-year Integrated BA B.Ed programme available in the Department of Teacher Education of Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh. The University will make admission to this course based on the National Common Entrance Test (NCET)-2023 being conducted by the National Testing Agency (NTA), for which the process of online application is going on. The Vice Chancellor of the University Prof. Tankeshwar Kumar said that the four-year Integrated BA B.Ed course is a great option for the youth looking for a future in the field of education.

Prof. Sarika Sharma, HoD, Department of Teacher Education said that a total of 50 seats are available in the upcoming academic session 2023-24 under the BA B.Ed course, in which the prescribed educational qualification for admission is 12th pass. Applicants who are interested in the field of teaching and are willing to move forward in it can apply for admission to this programme by Wednesday 19th July 2023. The online application process started by NTA for the NCET-2023 exam will continue till July 19. As far as the application is concerned, for more information related to online application and admission, the interested can log in at www.ncet.samarth.ac.in

## 3.2 हकेवि में स्नातक व इंटीग्रेटेड कार्यक्रमों में दाखिले हेतु पंजीकरण शुरू

**CUH, July 17, 2023**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए दाखिला प्रक्रिया के अंतर्गत विश्वविद्यालयीन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) 2023 के स्नातक कार्यक्रमों के नतीजे घोषित कर दिए गए हैं। शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा घोषित नतीजो के बाद विश्वविद्यालय में स्नातक व इंटीग्रेटेड कार्यक्रमों में दाखिले की प्रक्रिया अगले चरण में पहुँच गई है। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में दाखिले के लिए काउंसलिंग हेतु पंजीकरण मंगलवार 18 जुलाई से शुरू हो गए हैं। ऑनलाइन पंजीकरण की यह प्रक्रिया आगामी 26 जुलाई तक जारी रहेगी। पंजीकरण की इस प्रक्रिया के बाद मेरिट लिस्ट जारी होगी। इसके आधार पर दाखिले प्रदान किए जायेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्रवेश परीक्षा में सफल परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

दाखिला प्रक्रिया के संबंध में विश्वविद्यालय के सीयूईटी के नोडल ऑफिसर प्रो. फूल सिंह व डिप्टी नोडल ऑफिसर डॉ. जसवंत सिंह ने बताया कि स्नातक कार्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा के परिणाम घोषित होने के पश्चात विश्वविद्यालय में दाखिला लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। स्नातक व इंटीग्रेटेड कार्यक्रमों में दाखिले के लिए पंजीकरण 26 जुलाई, 2023 तक करवाया जा सकता है। इसके पश्चात 28 जुलाई को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर मेरिट लिस्ट उपलब्ध करवाई जाएगी तथा श्रेणीवार मेरिट लिस्ट व पहली काउंसलिंग 31 जुलाई को होगी।

## Registration has started for admission to UG and Integrated Programs at CUH

**CUH, July 17, 2023**

Common University Entrance Test (CUET) 2023 result for Undergraduate (UG) Programs has been declared by the National Testing Agency (NTA). After that, the process of admission to available Undergraduate and Integrated programs at the Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh reached the next stage. The registration for counselling for admission to Central University of Haryana started on Tuesday, July 18. This process of online registration will continue till July 26. The merit list will be released after this process of registration.

The Vice Chancellor of the University Prof. Tankeshwar Kumar congratulated the successful candidates of the entrance examination and wished them a bright future.

Prof. Phool Singh, Nodal Officer, CUET-2023 said that after the declaration of the results of the entrance examination of undergraduate programs, the process of online registration has started for the candidates who want to be admitted to the University. Registration for admission in UG and Integrated programmes can be done till July 26, 2023. After this, the merit list will be made available on the University website on 28 July while the first counselling and category-wise merit list will be held on 31 July 2023.

### 3.3 हकेवि में स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में दाखिले हेतु पंजीकरण आज से

**CUH, July 23, 2023**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए दाखिला प्रक्रिया के अंतर्गत विश्वविद्यालयीन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) 2023 के स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के नतीजे घोषित कर दिए गए हैं। शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा घोषित नतीजो के बाद विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में दाखिले की प्रक्रिया अगले चरण में पहुँच गई है। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में दाखिले के लिए काउंसलिंग हेतु पंजीकरण आज से शुरू हो रही हैं। ऑनलाइन पंजीकरण की यह प्रक्रिया आगामी 30 जुलाई तक जारी रहेगी। पंजीकरण की इस प्रक्रिया के बाद मेरिट लिस्ट जारी होगी। इसके आधार पर दाखिले प्रदान किए जायेंगे। इसके पश्चात 31 जुलाई को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर मेरिट लिस्ट उपलब्ध करवाई जाएगी तथा श्रेणीवार मेरिट लिस्ट व पहली काउंसलिंग 01 अगस्त को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।

### Registration for admission to PG Programs at CUH starts today

**CUH, July 23, 2023**

Common University Entrance Test (CUET) 2023 result for Postgraduate (PG) Programs has been declared by the National Testing Agency (NTA). After that, the process of admission to available Postgraduate programs at the Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh has reached the next stage. The registration for counselling for admission to the Central University of Haryana starts today i.e. 24 July 2023. This process of online registration will continue till July 30. The merit list will be made available on the University website on 31 July while the first counselling and category-wise merit list will be held on 01 August 2023.

### 3.4 हकेवि में सुपर्नूमेरेरी सीटों पर दाखिले के लिए ऑनलाइन पंजीकरण शुरु

**CUH, Aug 16, 2023**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2023-24 के अंतर्गत अधिसंख्य (सुपर्नूमेरेरी) कोटा सीटों पर दाखिले के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया शुरु हो गई है। विभिन्न विभागों के स्नातक, स्नातकोत्तर एवं इंटीग्रेटेड कार्यक्रमों में पंजीकरण की यह प्रक्रिया 18 अगस्त 2023 तक चलेगी। ऑनलाइन पंजीकरण के बाद 21 अगस्त 2023 से दाखिले शुरु होंगे। विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सशस्त्र बलकर्मियों के बच्चों व विधवाओं, कश्मीरी प्रवासियों और कश्मीरी पंडितों व कश्मीर घाटी में रहने वाले हिंदू परिवारों (गैर-प्रवासी) के बच्चों, जांट व पाली गाँवों के प्रमाणित नागरिकों तथा कोविड-19 महामारी के कारण अपने माता-पिता को खो देने वाले पात्र बच्चों के लिए अधिसंख्य (सुपर्नूमेरेरी) कोटा सीटों पर दाखिले के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया शुरु हो चुकी है। पंजीकरण की यह प्रक्रिया 18 अगस्त तक चलेगी। पंजीकरण के पश्चात 21 अगस्त 2023 से दाखिले शुरु होंगे। इस संबंध में विस्तृत विवरण के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.cuh.ac.in अथवा संबंधित विभाग में संपर्क किया जा सकता है।

### Online registration started for admission to Supernumerary Quota Seats in CUH

**CUH, Aug 16, 2023**

The online registration process has started for admission to supernumerary quota seats for the academic session 2023-24 in Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh. This process of registration in undergraduate, postgraduate and integrated programs of various departments will continue till August 18, 2023. Admissions will start from 21 August 2023 after online registration. Online registration process for admission to supernumerary quota seats has started for eligible Children/Widows of the eligible Armed Forces Personnel, Wards of Kashmiri Migrants and Kashmiri Pandits/ Kashmiri Hindu families (Non-Migrants) living in the Kashmir Valley/ bonafide residents of Jant-Pali Villages and who have lost their parents due to COVID-19 pandemic, as per the schedule prescribed by the University. This process of registration will continue till August 18. Admissions will start from 21 August 2023 after online registration. For detailed information in this regard, the website of the University www.cuh.ac.in or the concerned department can be contacted.

### 3.5 हकेवि में पीजीडीआरपी और एडीसीजीसी कार्यक्रमों के लिए ओपन फिजिकल काउंसलिंग 29 अगस्त को

**CUH, Aug 22, 2023**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन रिहैबिलिटेशन साइकोलॉजी (पीजीडीआरपी) और एडवांस्ड डिप्लोमा इन चाइल्ड गाइडेंस एंड काउंसलिंग (एडीसीजीसी) में रिक्त सीटों के लिए मंगलवार 29 अगस्त को ओपन फिजिकल काउंसलिंग का आयोजन किया जाएगा।

कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) 2023 के नोडल अधिकारी प्रो. फूल सिंह ने बताया कि उपरोक्त कार्यक्रमों के लिए ओपन फिजिकल काउंसलिंग 29 अगस्त, 2023 को आयोजित की जाएगी। मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. पायल चंदेल ने कहा कि ओपन फिजिकल काउंसलिंग के लिए छात्रों को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे के बीच मूल दस्तावेजो के साथ एक सेट फोटोकॉपी के साथ विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में रिपोर्ट करना होगा।

### Open Physical Counselling for PGDRP and ADCGC programmes on 29 August 2023 at CUH

**CUH, Aug 22, 2023**

Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh, will conduct open physical counselling on August 29, Tuesday, for vacant seats in Post Graduate Diploma in Rehabilitation Psychology (PGDRP) and Advanced Diploma in Child Guidance and Counselling (ADCGC) for the Academic Session 23—24. Prof. Phool Singh, Nodal Officer of the Common University Entrance Test (CUET) 2023, informed that open physical counselling for the above-mentioned programmes will be organised on August 29, 2023. Prof. Payal Chandel, Head of the Department of Psychology, added that for open physical counselling, students will have to report between 9 a.m. and 1 p.m. in the Department of Psychology and are required to bring the original documents along with one set of photocopies.

### 3.6 स्नातक, इंटीग्रेटेड व स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के लिए ओपन काउंसलिंग 31 अगस्त को

**CUH, Aug 24, 2023**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेन्द्रगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए जारी दाखिले की प्रक्रिया के अंतर्गत विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर व इंटीग्रेटेड कार्यक्रमों में रिक्त सीटों के लिए ओपन काउंसलिंग का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय की ओर से विश्वविद्यालयीन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) 2023 के नोडल ऑफिसर प्रो. फूल सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय में विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर व इंटीग्रेटेड कार्यक्रमों में काउंसलिंग के बाद उपलब्ध रिक्त सीटों में दाखिले के लिए ओपन/फिजिकल काउंसलिंग का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्नातक, इंटीग्रेटेड व स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में दाखिले के लिए 31 अगस्त को ओपन काउंसलिंग का आयोजन किया जा रहा है।

### Open counselling for UG, PG and integrated programs on August 31 at CUH

**CUH, Aug 24, 2023**

Open counselling is being organized on 31 August 2023 for vacant seats in various Undergraduate (UG), Postgraduate (PG) and Integrated programs for the Academic Session 2023- 24 at Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh. Dr. Phool Singh, the Nodal Officer, Common University Entrance Test (CUET)- 2023 informed that open/physical counselling is being organized for admission to vacant seats available after counselling in various undergraduate, postgraduate and integrated programs in the University. He said that open counselling is being organized on August 31 for admission to undergraduate, integrated and postgraduate programmes. He said that the students must appear in the concerned department of the University as per the given schedule for open counselling. He informed that priority will be given to the candidates who have registered for admission to the Central University of Haryana.

### 3.7 हकेवि में चार वर्षीय इंटीग्रेटेड बीए बी.एड कार्यक्रम हेतु प्रवेश प्रक्रिया शुरु

**CUH, Sept 6, 2023**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के शिक्षक शिक्षा विभाग में उपलब्ध चार वर्षीय इंटीग्रेटेड बीए बी.एड कार्यक्रम में प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया शुरु हो गई है। यह पंजीकरण प्रक्रिया आगामी 13 सितंबर तक चलेगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु विश्वविद्यालय स्तर पर निरंतर बदलाव की प्रक्रिया जारी है और इस कार्य में सभी सहभागियों विशेषकर शिक्षकों का योगदान अहम है। विश्वविद्यालय में चार वर्षीय इंटीग्रेटेड बीए बी.एड कार्यक्रम की शुरुआत इस दिशा में उठाया गया महत्त्वपूर्ण कदम है। अवश्य ही इसके माध्यम से नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने का मार्ग प्रशस्त होगा।

शिक्षक शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सारिका शर्मा ने बताया कि बीए बी.एड पाठ्यक्रम के अंतर्गत आगामी शैक्षणिक सत्र 2023-24 में कुल 50 सीटें उपलब्ध है। विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम में बी.ए. के अंतर्गत इतिहास ,राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, भूगोल व भाषा में अध्ययन उपलब्ध करवा रहा है। इस संबंध में नेशनल कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (एनसीईटी)-2023 परीक्षा देने चाले अभ्यर्थियों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया आगामी 13 सितंबर तक चलेगी। उन्होंने बताया कि मेरिट लिस्ट 14 सितंबर को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। पहली काउंसलिंग की मेरिट लिस्ट 15 सितंबर को तथा दूसरी काउंसलिंग हेतु मेरिट लिस्ट 19 सितंबर को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी

### Admission process started for 4 year Integrated BA B.Ed. program in CUH

**CUH, Sept 6, 2023**


The online registration process has started for admission to the four-year Integrated BA B.Ed. program available at the Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh. This registration process will continue till September 13, 2023. The Vice Chancellor of the University Prof. Tankeshwar Kumar said that the process of continuous change is going on at the University level to achieve the goals of the National Education Policy (NEP)-2020 and the contribution of all participants, especially teachers, is important in this work. The introduction of a four-year integrated BA B.Ed. program in the University is an important step taken in this direction. Certainly, this will pave the way for ensuring the fulfilment of the objectives of the new education policy.

Prof. Sarika Sharma, HoD, Department of Teacher Education, said that a total of 50 seats are available under the BA B.Ed. course in the upcoming academic session 2023-24. In this regard, the registration process for the candidates appearing for the National Common Entrance Test (NCET)-2023 examination will continue till September 13. She informed that the merit list will be uploaded on the University website on September 14. The merit list for the first counselling will be uploaded on September 15 and the merit list for the second counselling will be uploaded on the University website on September 19.

## 4. Initiatives and Innovations

### 4.1 हकेवि में स्वास्थ्य जाँच शिविर का हुआ आयोजन

**CUH, July 12, 2023**






हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को विशेष स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारत की अग्रणी डायग्नोस्टिक कंपनी रेडक्लिफ लैब्स एवं मुरारी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, नारनौल द्वारा अपनी सेवाएं दी गई। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस शिविर के शुभारंभ के अवसर पर कहा कि स्वास्थ्य मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी है और इस तरह के आयोजन हमें विभिन्न बीमारियों से समय पर बचाव के लिए मददगार होते हैं। अवश्य ही इस आयोजन का लाभ विश्वविद्यालय के सभी सहभागियों को मिलेगा।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रजत यादव व डॉ. हिना यादव ने बताया कि शिविर में मुरारी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, नारनौल के त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. आनंद शर्मा व रेडक्लिफ लैब्स की ओर से डॉ. गीता रानी, देवेंद्र सिंह, मनोज कुमार, प्रवीण कुमार, रोहित भाटी उपस्थित रहे। इस आयोजन के दौरान कई स्वास्थ्य जाँच संबंधी सुविधाएं निःशुल्क भी उपलब्ध कराई गई। डॉ. रजत यादव ने इस आयोजन में सहयोग हेतु विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई का उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने इस आयोजन में सम्मिलित विशेषज्ञ डॉक्टर्स व उनके सहयोगियों का भी धन्यवाद किया।

## Health check-up camp organized at CUH

**CUH, July 12, 2023**

A special health check-up camp was organized on Wednesday at the Health Center of Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh. On this occasion, India's leading diagnostic company Radcliffe Labs and Murari Multispeciality Hospital, Narnaul provided their services. On the occasion of the inauguration of this camp, Vice-Chancellor of the University Prof. Tankeshwar Kumar said that health is the biggest asset of man and such events are helpful in timely prevention of various diseases. Certainly all the participants of the university will benefit from this event.

On this occasion, Health Officer at the University Health Center, Dr. Rajat Yadav and Dr. Hina Yadav said that in the camp, dermatologist Dr. Anand Sharma from Murari Multispeciality Hospital, Narnaul and Dr. Geeta Rani, Devendra Singh from Radcliffe Labs, Manoj Kumar, Praveen Kumar, Rohit Bhati were present. Many health check-up facilities were also made available free of cost during this event. Dr. Rajat Yadav expressed his gratitude to the National Service Scheme (NSS) unit of the University for their contribution in organizing this event. He also thanked the specialist doctors and their colleagues involved in this event.

### 4.2 हकेवि में निकाली गई तिरंगा यात्रा

**CUH, Aug 14, 2023**




आजादी के 76 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ विभिन्न आयोजनों के माध्यम से जन-जन में देशप्रेम, राष्ट्रीयता व राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान का भाव जागृत व प्रबल कर रहा है। विश्वविद्यालय परिसर में हर घर तिरंगा अभियान के तहत सोमवार को विश्वविद्यालय परिसर में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इन आयोजनों का उद्देश्य आजादी के महत्त्व और आजादी हासिल करने के लिए किए गए बलिदानों से सभी को अवगत कराना है।

## Tri-Color procession taken out in CUH

**CUH, Aug 14, 2023**

On the occasion of completion of 76 years of independence, on the call of Prime Minister Shri Narendra Modi, Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh is awakening and strengthening the feeling of patriotism, nationalism and respect for the national flag among the people through various events. Under the Har Ghar Tiranga campaign, Tiranga Yatra was organized in the university campus on Monday. Vice-Chancellor of the University Prof. Tankeshwar Kumar said that the objective of these events is to make everyone aware of the importance of independence and the sacrifices made to achieve independence.

### 4.3 हकेवि के बी.टेक. के विद्यार्थियों के लिए बी.आर. चौधरी गोल्ड मेडल की हुई शुरुआत

**CUH, Aug 18, 2023**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में उपलब्ध बी.टेक. प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग के विद्यार्थियों को उनकी प्रतियोगिता के आधार पर हर साल पुरस्कृत किया जाएगा। यह शुरुआत विश्वविद्यालय के साथ समझौता ज्ञापन के अंतर्गत जुड़े ऑफसैट प्रिंटर्स एसोसिएशन (ओपीए) के द्वारा की गई है। जिसके परिणाम स्वरूप हर साल एक प्रतियोगिता के आधार पर विजेता को गोल्ड मेडल व पच्चीस हजार रूपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। ओपीए की ओर से यह गोल्ड मेडल ऑफसैट प्रिंटिंग के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले श्री बी.आर. चौधरी को समर्पित किया गया है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने ओपीए द्वारा बी.आर. चौधरी गोल्ड मेडल की शुरुआत पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि अवश्य ही यह प्रयास विद्यार्थियों को विषय की गंभीरता को समझाने और उसको इंस्डस्ट्री की माँग के अनुरूप तैयार करने में मददगार होगा।

## B.R. Chaudhary Gold Medal commenced for B.Tech. students of CUH

**CUH, Aug 18, 2023**

Students of B.Tech. Printing & Packaging Technology at Central University of Haryana (CUH) Mahendergarh will be awarded every year. This initiative has been taken by the Offset Printers Association (OPA) associated with

the University. As a result every year based on a competition, the winner will be given a gold medal and a cash prize of twenty-five thousand rupees. This Gold Medal is presented by OPA on behalf of Shri B.R. Chaudhary for making commendable efforts in the field of Offset Printing. Expressing happiness over the beginning of B.R. Chaudhary Gold Medal by OPA, the Vice Chancellor of the University Prof. Tankeshwar Kumar said that this effort would certainly help in making the students understand the seriousness of the subject and prepare them according to the demands of the industry.

Parveen Aggarwal, President, Offset Printers Association, said that it is a matter of great pride for us that a prestigious institution like the Central University of Haryana has started an award in honour of a teacher who has given new dimensions to the field of printing and packaging and dedicated his life for the development of this field. In this sequence, the President of the World Print and Communication Forum, Prof. Kamal Mohan Chopra said that printing is a remarkable discovery for human welfare and considering the way this industry is developing, such efforts must continue. Sandeep Boora, In-charge, the Department of Printing and Packaging Technology in the University, said that under this annual award, a competition will be organized for the students of the Department of Printing and Packaging Technology in which the winning student will be given B.R. Chaudhary Gold Medal and cash prize.

## 5. Invited lectures

### 5.1 योग विभाग द्वारा विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन

**CUH, July 3, 2023**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के योग विभाग द्वारा विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। विशेषज्ञ व्याख्यान में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में योग विज्ञान की प्रोफेसर जगवंती देशवाल विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता प्रोफेसर जगवंती देशवाल ने योग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों को योग के संदर्भ ग्रंथों का अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया ताकि योग के संबंध में समाज में प्रचलित भ्रांतियों को दूर करने में अपना योगदान दे सकें। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने संदेश के का माध्यम से विद्यार्थियों व शोधार्थियो के लिए विषय की समझ व कार्यक्षेत्र में हो रहे बदलावों को जानने की दृष्टि इस तरह के आयोजनों को मददगार बताया। उन्होंने विशेषज्ञ का आभार व्यक्त करते हुए विभाग की इस आयोजन के लिए सराहना की। विशेषज्ञ ने अपने संबोधन में महर्षि पतंजलि का उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे उन्होंने योग के ज्ञान को सूत्रों में पिरोया। इसी प्रकार विद्यार्थी जब मूल साहित्य को पढ़ता है, तो उसे अपने साहित्य की सही जानकारी होती है, जो उसकी स्वयं की भ्रांति को भी दूर करता है और समाज की भ्रांतियों को दूर करने में सहयोगी बनता है। इस विशेषज्ञ व्याख्यान में विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर नीलम सांगवान, शिक्षक प्रभारी डॉ. अजय पाल और सहायक आचार्य डॉ. नवीन के साथ-साथ विभाग के शोधार्थी प्रदीप कुमार, मोहित और रिद्धि अग्रवाल उपस्थित रहे।

### Expert lecture organized by the Department of Yoga

**CUH, July 3, 2023**

An expert lecture was organized by the Department of Yoga, Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh. Jagwanti Deshwal, Professor of Yoga Science at Maharishi Dayanand University, Rohtak was present as an expert speaker in the lecture. Professor Jagwanti Deshwal, while highlighting the importance of Yoga, inspired the participants to study the reference texts of Yoga so that they can contribute in removing the misconceptions prevalent in the society regarding Yoga. Vice-Chancellor of the University Prof. Tankeshwar Kumar described such events as helpful for students and researchers to understand the subject and the changes taking place in their field through Sandesh. Expressing his gratitude to the expert, he praised the department for organizing this event. In her address, the expert gave the example of Maharishi Patanjali and told how he put the knowledge of yoga into sutras. Similarly, when a student reads the original literature, he gets correct information about his literature, which also removes his own misconceptions and helps in removing the misconceptions of the society.

### 5.2 हकेवि में विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित

**CUH, July 12, 2023**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में संस्कृत विभाग द्वारा बुधवार को भारतीय ज्ञान-परम्परा के सन्दर्भ में वैदिक राजनीतिक सिद्धान्त विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। आयोजन में प्रो. बलवीर आचार्य विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने आभासीय माध्यम से आयोजित कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएँ दी।

कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता प्रो. बलवीर आचार्य ने अपने व्याख्यान द्वारा विद्यार्थियों को वैदिककालीन समाज के बारे में बताते हुए तत्कालीन राजनीतिक व्यवस्था का वर्णन किया। उन्होंने विभिन्न दृष्टान्तों के द्वारा ये सिद्ध किया कि वर्तमान समय में भी समाज ज्ञाताज्ञात रूप में वैदिककालीन राजनीतिक सिद्धान्तों का ही अनुसरण कर रहा है। कार्यक्रम के अन्त में विभाग की ओर से शिक्षक-प्रभारी डॉ. सुमन रानी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। कार्यक्रम में दयानन्द सरस्वती पीठ के अध्यक्ष प्रो. रणवीर सिंह, विभागीय शिक्षक सुमित शर्मा तथा संस्कृत व योग विभाग के छात्र उपस्थित रहे ।

## Expert lecture organized at CUH

**CUH, July 12, 2023**

An expert lecture, on the subject of Vedic Political Theory in the Context of Indian Knowledge Tradition, was organized by the Sanskrit Department at Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh on Wednesday. In the event Prof. Balveer Acharya was present as an expert. Vice-Chancellor of the University Prof. Tankeshwar Kumar extended best wishes for the program organized through virtual medium.

At the beginning of the program, Assistant Professor Dr. Devendra Singh Rajput introduced the topic of the lecture by welcoming all the members present in the lecture and introduced the expert speaker. Expert speaker in the program, Prof. Balveer Achary, through his lecture told the students about the society of the Vedic period and described the political system of that time. He proved through various examples that even in the present times the society is knowingly following the political principles of the Vedic period. At the end of the program, a vote of thanks was given by Dr. Suman Rani, teacher-in-charge on behalf of the department. In the program, President of Dayanand Saraswati Peeth, Prof. Ranveer Singh, departmental teacher Sumit Sharma and students of Sanskrit and Yoga department were present.

## 5.3 हकेवि में विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित

**CUH, July 15, 2023**

हरियाणा केन्द्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेन्द्रगढ में संस्कृत विभाग द्वारा संगणकीय भाषाविज्ञानः अन्तर्विषयक क्षेत्र एवं अवसर विषय पर ऑनलाइन-व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में डॉ. सुभाष चन्द्रा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि संस्कृत भाषा केवल भाषा नहीं है अपितु समस्त ज्ञान विज्ञान की जननी है। संस्कृत के ज्ञान के बिना विज्ञान को समझना बहुत कठिन कार्य है। विश्वविद्यालय की सम-कुलपति प्रो. सुषमा यादव ने अपने वक्तव्य में बताया कि भारतीय ज्ञान परंपरा को समझने के लिए संस्कृत भाषा का ज्ञान अनिवार्य है। सभी को संस्कृत भाषा पढ़नी एवं बोलनी चाहिए।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. सुभाष चन्द्रा ने अपने व्याख्यान द्वारा प्रतिभागियों को संगणकीय भाषाविज्ञान के बारे में बताते हुए इस अन्तर्विषयक क्षेत्र में हो रहे विभिन्न कार्यों से अवगत करवाया। उन्होंने प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण की विभिन्न विधियों को संस्कृत के सन्दर्भ में व्याख्यायित किया। डॉ. चन्द्रा ने पाणिनीय व्याकरण के विभिन्न अनुप्रयोगों एवं आधुनिक कोडिंग के साथ समता को उदाहरण सहित बताया। कार्यक्रम संयोजिका डॉ. सुमन रानी द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापन, डॉ. देवेन्द्र सिंह राजपूत द्वारा मुख्य वक्ता का परिचय एवं सुमित शर्मा द्वारा मंच संचालन किया गया। कार्यक्रम में प्रो. रणबीर सिंह, कुलानुशासक प्रो. नंदकिशोर, डॉ. अजयपाल, डॉ. नवीन, प्रो. बीरपाल, डॉ. सिद्धार्थ शंकर, डॉ. अमित एवं विभिन्न विभागों के शिक्षक, विद्यार्थी व शोधार्थी छात्र उपस्थित रहे।

## Expert lecture on “Computational Linguistics: Interdisciplinary Areas and Opportunities” organized at CUH

**CUH, July 15, 2023**

An online lecture was organized on the topic “Computational Linguistics: Interdisciplinary Areas and Opportunities” by the Department of Sanskrit at Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh. Dr. Subhash Chandra was present as the keynote speaker in the lecture. Vice-Chancellor of the University Prof. Tankeshwar Kumar, giving good wishes for the program said that Sanskrit language is not just a language but is the mother of all knowledge and science. Dr. Subhash Chandra, the keynote speaker of the program, through his lecture told the participants about Computational Linguistics and made them aware of the various works being done in this interdisciplinary field. He explained various methods of natural language processing in the context of Sanskrit. Dr. Chandra explained various applications of Paniniya grammar and parity with modern coding with examples. Program coordinator Dr. Suman Rani gave a vote of thanks to everyone. Dr. Devendra Singh Rajput introduced the main speaker and the stage was moderated by Sumit Sharma. In the program Prof. Ranbir Singh, Dean Prof. Nand Kishore, Dr. Ajaypal, Dr. Naveen, Prof. Birpal, Dr. Siddharth Shankar, Dr. Amit and teachers, students and research scholars from various departments were present.

### 5.4 हकेवि के प्रोफेसर ने प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय में दिया व्याख्यान

**CUH, Aug 9, 2023**



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ अध्ययन,अध्यापन व शोध के मोर्चे पर निरंतर देश-विदेश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों के साथ साझेदारी की दिशा में प्रयासरत है। ऐसे ही एक अवसर के अंतर्गत विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर आकाश सक्सेना ने ओपन यूनिवर्सिटी ऑफ मॉरिशस में विशेषज्ञ व्याख्यान दिया। प्रो. सक्सेना ने बताया कि ये व्याख्यान प्रमुख रूप से दो विषयों पर केंद्रित रहे। इन विषयों में शैक्षणिक प्रकाशन हेतु प्रकाशन प्लेटफॉर्म के चयन और एनर्जी प्राइस फोरकास्टिंग शामिल रहे। उन्होंने बताया कि यह व्याख्यान प्रमुख रूप से ओपन यूनिवर्सिटी ऑफ मॉरिशस के विद्यार्थियों व संकाय सदस्यों के लिए आयोजित किया गया था। आयोजन के दौरान आयोजक विश्वविद्यालय के डायरेटर जनरल प्रो. कविराज एस सुकोन ने प्रो. आकाश सक्सेना का स्वागत किया और उनके योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि यह व्याख्यान अवश्य ही प्रतिभागियों के लिए उपयोगी साबित होगा।

### Expert Lecture delivered by CUH Faculty in the Open University of Mauritius

**CUH, Aug 9, 2023**

To realize the academic outreach, Professor Akash Saxena, recently visited the **Open University of Mauritius, Réduit, Mauritius** to deliver a series of insightful expert lectures. The lectures were organized to provide valuable insights to the academic community and students on two crucial subjects: "Choosing Publication Platform for Academic Publishing" and "Energy Price Forecasting." The sessions were well-received by both faculty members and students, who greatly appreciated Professor Saxena's in-depth knowledge and engaging presentation style. The lectures on selecting the appropriate publication platform for academic work provided attendees with a comprehensive understanding of the various options available and the considerations to take into account while choosing the right platform for disseminating their research findings. Expressing gratitude for the opportunity to contribute to the academic growth of the Open University of Mauritius, Dr. Saxena remarked, "It's been an enriching experience interacting with the faculty and students of Open University of Mauritius. The eagerness to learn and engage in meaningful discussions on these topics has been truly inspiring." The warm reception and hospitality extended by Director General Professor Kaviraj S. Sukon were acknowledged as well.

### 5.5 हकेवि में विज्ञान भारती द्वारा डॉ. एस.एस. भटनागर के जन्म दिवस पर व्याख्यान का हुआ आयोजन

**CUH, Aug 10, 2023**



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में पद्म-विभूषण डॉ. एस.एस. भटनागर के जन्म दिवस के अवसर पर विज्ञान भारती हरियाणा के द्वारा संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। विज्ञान के विकास में डॉ. एस.एस. भटनागर की भूमिका विषय पर केंद्रित इस व्याख्यान में विशेषज्ञ के रूप में बीएलजेएस कॉलेज, तोशाम के प्राचार्य डॉ. राकेश भारद्वाज उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के संरक्षण में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव उपस्थित रहीं। प्रो. सुषमा यादव ने अपने संबोधन में विश्वविद्यालय स्तर पर विज्ञान के विकास, अनुसंधान व नवाचार के अवसर विकसित करने हेतु विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के प्रयासों के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता डॉ. राकेश भारद्वाज ने विज्ञान के विकास में डॉ. भटनागर के योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला और बताया कि किस तरह से उन्होंने अपने जीवन में तमाम चुनौतियों का सामना करते हुए विज्ञान के विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया। डॉ. भारद्वाज ने

डॉ. एस.एस. भटनागर के बाल्यकाल से लेकर उनके जीवन पर्यंत तक जारी उल्लेखनीय प्रयासों के विषय में विस्तार से जानकारी दी और उनके द्वारा किए गए विज्ञान के विकास संबंधी कार्यों पर भी प्रकाश डाला। फिर वह चाहे उनका स्कूली जीवन रहा हो या फिर उनके द्वारा उच्च शिक्षा के दौरान किए गए कार्य रहे हों। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ हुई। मुख्य अतिथि का परिचय सांख्यिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. कपिल कुमार ने दिया जबकि विशेषज्ञ वक्ता का परिचय विज्ञान भारती के सदस्य व विश्वविद्यालय में सहायक आचार्य डॉ. पवन कुमार ने दिया। कार्यक्रम में मंच का संचालन गणित विभाग की शोधार्थी पारुल पूनिया ने किया। आयोजन के अंत में विज्ञान भारती महेंद्रगढ़ जिले के संयोजक प्रो. विनोद कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## Lecture organized on Birth Anniversary of Dr. S. S. Bhatnagar in CUH

**CUH, Aug 10, 2023**

On the occasion of Padma-Vibhushan Dr. S.S. Bhatnagar's birthday, an expert lecture was organized by Vigyan Bharti Haryana sponsored by the Ministry of Culture, Govt. of India. Dr. Rakesh Bhardwaj, Principal of BLJS College, Tosham, was present as an expert in this lecture focused on the role of Dr. S. S. Bhatnagar in the development of science. Pro-Vice Chancellor of the University Prof. Sushma Yadava was present as the Chief Guest in this program organised under the patronage of the Vice Chancellor of the University Prof. Tankeshwar Kumar. In her address, she mentioned the ongoing efforts by Vigyan Bharti to establish a connection between modern science and traditional Indian science and said that Dr. S.S. Bhatnagar's contribution will be unforgettable.

In the program, expert speaker Dr. Rakesh Bhardwaj threw light on Dr. Bhatnagar's contribution to the development of science in detail and told how he contributed significantly to the development of science while facing all the challenges in his life. Dr. Bhardwaj gave detailed information about Dr. S. S. Bhatnagar's remarkable efforts from his childhood till his death and also highlighted the work done by him for the development of science. The introduction of the chief guest was given by Dr. Kapil Kumar, Head of the Department of Statistics, while the introduction of the keynote speaker was given by Dr. Pawan Kumar, a member of Vigyan Bharti and Assistant Professor at the University. At the end of the event, the coordinator of Vigyan Bharti Mahendergarh district, Prof. Vinod Kumar proposed a vote of thanks.

## 5.6 राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस के अवसर पर हकेवि कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**CUH, Aug 17, 2023**



राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस के अवसर पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में पंडित दीनदयाल उपाध्याय केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों-शोधार्थियों को विषय के व्यावहारिक व एतिहासिक पहलुओं को जानने में मददगार साबित होते हैं। जहां तक बात डॉ. एस.आर. रंगनाथन की है तो पुस्तकालय विज्ञान के क्षेत्र में उनका योगदान अविस्मरणीय है।

इस अवसर पर केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा पुस्तकालय में ई-टूल्स की भूमिका विषय पर ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आईआईटी, दिल्ली से डॉ. टी.आर. मनु; आईआई बैंगलोर से डॉ. नम्रता राय तथा हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय से सुश्री प्रिया विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। कार्यशाला में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

इसी क्रम में समाज की बेहतरी के लिए अनुसंधानः शोधकर्ताओं की भूमिका, जिम्मेदारियां एवं दृष्टिकोण विषय पर चर्चा का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. संतोष सी एच ने रिसर्च प्रकाशन व अनुसंधान परिणामों को प्रभावी ढ़ंग से संवाद करने के तरीको पर विस्तार से चर्चा की। विश्वविद्यालय के उप पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ राजीव वशिष्ठ, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार सिंह, श्री नरेश कुमार और डॉ विनीता मलिक ने भी पैनल चर्चा के विषय पर अपने विचार साझा किए।

## Programs organized on the occasion of National Librarian's Day at CUH

**CUH, Aug 17, 2023**

On the occasion of National Librarian's Day, various programs were organized by Pandit Deendayal Upadhyay Central Library at Central


University of Haryana (CUH), Mahendergarh. Vice-Chancellor of the University, Prof. Tankeshwar Kumar said that such events prove helpful to students and researchers in knowing the practical and historical aspects of the subject. Dr. S.R. Ranganathan's contribution in the field of library science is unforgettable.

On this occasion, an online workshop was organized by the Central Library on the role of e-tools in the library. Dr. T.R. Manu from IIT Delhi participated in the workshop; Dr. Namrata Rai from II Bangalore and Ms. Priya from Central University of Himachal Pradesh were present as experts. More than 100 participants participated in the workshop.

In this sequence, a discussion was organized on the topic "Research for the Betterment of Society: Role, Responsibilities and Perspectives of Researchers". University Librarian, Dr. Santosh CH discussed in detail the ways of research publication and communicating research results effectively. Deputy Librarian of the University, Dr. Rajeev Vashishtha, Assistant Librarian, Dr. Vinod Kumar Singh, Mr. Naresh Kumar and Dr. Vineeta Malik also shared their views on the topic of the panel discussion.

### 5.7 विश्व फोटोग्राफी दिवस पर विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित

**CUH, Aug 19, 2023**



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर वाइल्ड लाइफ फोटोग्रॉफी में करियर संभावनाएं विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें बिहार जू कॉरपोरेशन के रिटायर्ड जनरल मैनेजर नवीन कुमार विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित करने के लिए विभाग को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विजुअल मीडिया के दौर में चित्रों का विशेष महत्व है। विद्यार्थी इनको लेकर संवेदनशील बनें इसलिए ऐसे व्याख्यान विद्यार्थियों के लिए बहुत ही उपयोगी होते हैं।

व्याख्यान में विशेषज्ञ नवीन कुमार ने वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफी को साधारण भाषा में समझाने के लिए बताया कि वाइल्ड लाइफ से अभिप्राय है निदर कलटीवेटिड नॉर डोमेस्टिक। हिन्दुस्तान विश्व की सर्वाधिक जैव विविधता वाले देशों में से एक है। हिन्दुस्तान में विभिन्न पर्यावरण क्षेत्र हैं जिसके कारण यहाँ पर अत्याधिक फॉरेस्ट कॉम्बिनेशन उपलब्ध हैं। भारत के हिमालय श्रेणी में पक्षियों की सबसे अधिक प्रजातियां उपलब्ध है इसके अलावा वैस्टर्न घाट में गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु आदि में पशु-पक्षियों की विभिन्न दुर्लभ प्रजातिया पाई जाती हैं इसलिए भारत में वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफी में आपार संभावनाएं हैं। उन्होंने वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफी के प्रथम चित्र के इतिहास के बारे में बताते हुए, वर्तमान समय में विभिन्न उपलब्ध तकनीकों एवं संभावनाओं पर चर्चा की। कार्यक्रम में विभाग के विद्यार्थी, शोधार्थी एवं शिक्षक डॉ. अशोक कुमार, डॉ. पंकज कुमार व डॉ. भारती बतरा उपस्थित रहे।

### Expert lecture organized on World Photography Day

**CUH, Aug 19, 2023**

On the occasion of World Photography Day, an expert lecture on Career Prospects in Wildlife Photography was organized by the Department of Journalism and Mass Communication of Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh. In this, retired General Manager of Bihar Zoo Corporation, Naveen Kumar was present as an expert. Vice-Chancellor of the University Prof. Tankeshwar Kumar congratulated the department for organizing the expert lecture. He said that in the era of visual media, pictures have special importance.

In the lecture, expert Naveen Kumar, explaining wildlife photography in simple language, told that wildlife means neither cultivated nor domestic. India is one of the most bio-diverse countries in the world. There are different environmental zones in India due to which a large number of forest combinations are available here. The highest numbers of bird species are available in the Himalayan range of India. Apart from this, various rare species of animals and birds are found in the Western Ghats in Gujarat, Maharashtra, Karnataka, Kerala, Tamil Nadu etc. Therefore, there is immense potential in wildlife photography in India. He explained the history

of the first images of wildlife photography and discussed the various techniques and possibilities available in the present time. The program was conducted by Dr. Neeraj Karan Singh, Assistant Professor of the department. Program coordinators Dr. Surendra Kumar and Dr. Alekha Sachidanand Nayak presented the vote of thanks. Students, researchers and teachers of the department - Dr. Ashok Kumar, Dr. Pankaj Kumar and Dr. Bharti Batra were present in the program.

### 5.8 हकेवि में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित

**CUH, Aug 23, 2023**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में राष्ट्रीय खेल दिवस 2023 के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में बुधवार 23 अगस्त को शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग द्वारा विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस खेल परंपराओं का सम्मान और उनके प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। यह दिवस उन खिलाड़ियों को भी समर्पित है जिन्होंने खेल के माध्यम से देश का गौरव बढ़ाया। विशेषज्ञ व्याख्यान में एथलेटिक्स, भारतीय खेल प्राधिकरण, नई दिल्ली के हाई परफोरमेशन डायरेक्टर उच्च प्रदर्शन निदेशक डॉ. वज़ीर सिंह विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता डॉ. वजीर सिंह ने खेलों में प्रतिभा की पहचान के महत्व पर व्याख्यान दिया। उन्होंने शारीरिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए सही उम्र पर जोर दिया। व्याख्यान के बाद प्रश्न-उत्तर सत्र का भी आयोजन किया गया। इससे पूर्व में विशेषज्ञ वक्ता का परिचय प्रो. रविंदर पाल अहलवत ने दिया और उनका स्वागत प्रो. जेपी भूकर ने किया। आयोजन के दौरान मंच का संचालन डॉ. कुमार पी. ने किया।

## Expert lecture organized on the occasion of National Sports Day at CUH


**CUH, Aug 23, 2023**

As part of the series of programs organized on the occasion of National Sports Day 2023 at Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh, an expert lecture was organized by the Department of Physical Education and Sports on Wednesday, 23 August. Vice-Chancellor of the University, Prof. Tankeshwar Kumar said that National Sports Day is celebrated with the aim of respecting and propagating sports traditions. This day is also dedicated to those players who brought glory to the country through sports. Dr. Wazir Singh, High Performance Director, Athletics, Sports Authority of India, New Delhi was present as an expert speaker in the expert lecture.

In the program, expert speaker, Dr. Wazir Singh lectured on the importance of identifying talent in sports. He emphasized on the right age to participate in physical activities. A question-answer session was also organized after the lecture. Before this, Prof. Ravinder Pal Ahlawat gave the introduction of the expert speaker and was welcomed by Prof. JP Bukhar. Dr. Kumar P. moderated the stage during the event.

### 5.9 हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में वनवासी वीरों का योगदान विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित

**CUH, Sept 13, 2023**




हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में बुधवार को वनवासी कल्याण आश्रम भिवानी के सहयोग से विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में वनवासी वीरों का योगदान विषय पर आधारित इस व्याख्यान में वनवासी कल्याण आश्रम के अखिल भारतीय युवा प्रमुख श्री वैभव सुरंगे विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने 'जनजाति गौरव' पुस्तक का भी विमोचन किया।

विश्वविद्यालय के शैक्षणिक खंड एक स्थित मिनी ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने स्वतंत्रता के बाद भारत की रियासतों को मिलाने में लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की भूमिका को याद किया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल के बाद समाज में समानता लाने में, समस्याओं का समाधान करने में बाबा साहेब भीम राव अम्बेडर ने जो योगदान दिया वह अविस्मरणीय है।

कार्यक्रम में विशेषज्ञ श्री वैभव सुरंगे ने आजादी के अमृत महोत्सव के महत्त्व का जिक्र करते हुए कहा कि आजादी के 75 वर्षो के पड़ाव को याद करना इसलिए आवश्यक है कि युवा पीढ़ी को याद रहे कि हमनें आजादी कैसे हासिल की है। उन्होंने कहा कि भारत के गावं-गावं, गली-

गली में आजादी के लिए आंदोलन हुआ तभी हम आजादी हासिल कर पाएं। श्री सुरंगे ने कहा कि भारत विविधताओं का देश है और हम अपने देश की जनजातीयों के इतिहास को जानने व उन पर शोध करने पर जोर दिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

## Expert lecture organized on the Contribution of Forest Dweller Heroes in Central University of Haryana

**CUH, Sept 13, 2023**

An expert lecture was organized at Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh on Wednesday in collaboration with Vanvasi Kalyan Ashram, Bhiwani. All India Youth Head of Vanvasi Kalyan Ashram, Mr. Vaibhav Surangey was present as an expert in this lecture based on the contribution of forest dweller heroes in India's freedom movement. On this occasion, University Vice-Chancellor Prof. Tankeshwar Kumar also released the book *Janjati Gaurav*.

Vice-Chancellor of the university, Prof. Tankeshwar Kumar recalled the role of Iron Man Sardar Vallabhbhai Patel in uniting the princely states of India after independence. He said that after Sardar Patel, the contribution made by Baba Saheb Bhim Rao Ambeder in bringing equality in the society and solving problems is unforgettable.

Speaking about the importance of the Amrit Mahotsav of Independence, Mr. Vaibhav Surange, an expert in the program, said that it is necessary to remember the milestone of 75 years of independence so that the young generation remembers how we achieved independence. He said that we could achieve independence only when there was a movement for independence in every village and street of India. Shri Surange said that India is a country of diversity and stressed on knowing the history of the tribals of our country and doing research on them.

## 5.10 हकेवि के हिंदी विभाग में विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित

**CUH, Sept 25, 2023**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंगढ़ के हिंदी विभाग में 'प्रकृति, मानव और कविता' विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में कालिकट विश्वविद्यालय के आचार्य डॉ. प्रभाकरन हेब्बार इल्लत विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. बीरपाल सिंह यादव ने अपने अध्यक्षीय भाषण में विषय की गंभीरता को स्पष्ट करते हुए कहा कि मनुष्य प्रकृति से है, प्रकृति मनुष्य से नहीं। साथ ही साहित्य पर्यावरण की छोटी से छोटी गतिविधियों को भी स्वयं में समाहित किये हुए हैं। विशेषज्ञ वक्ता डॉ. प्रभाकरन हेब्बार इल्लत कहा कि प्रकृति से अलग मानव जीवन का कोई अस्तित्व नहीं है। साहित्य की सार्थकता का प्रश्न उठाते हुए उसके उद्देश्य पर अपनी बात देश-विदेश के विभिन्न विचारकों के माध्यम से श्रोताओं के सामने रखी। पर्यावरणीय मुद्दों की गंभीरता के मध्यनजर उन्होंने मनुष्य जाति पर आरोप लगाते हुए कहा कि हम प्रकृति का उपयोग नहीं उपभोग कर रहे हैं; जो कि एक प्रकार से प्रकृति के साथ मनुष्य द्वारा की गई हिंसा है। प्रकृति में असीम आनंद प्रदान करने की क्षमता है यदि हम छेड़छाड़ न करके प्रकृति के साथ रागात्मक संबंध स्थापित करें।

इससे पूर्व विशेषज्ञ वक्ता का परिचय शोधार्थी अनुज यादव ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन शोधार्थी गायत्री ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रो. बीरपाल सिंह यादव, डॉ. कमलेश कुमारी, डॉ. अरविंद सिंह तेजावत, डॉ. सिद्धार्थ शंकर राय, डॉ. अमित कुमार, डॉ. रीना स्वामी के साथ-साथ विश्वविद्यालय के शोधार्थियों और विद्यार्थियों का धन्यवाद विभाग के सह आचार्य डॉ. कामराज सिंधु ने किया।

## Expert lecture organized in Hindi department of CUH

**CUH, Sept 25, 2023**

An expert lecture on the topic 'Nature, Man and Poetry' was organized in the Hindi Department of Central University of Haryana (CUH), Mahendargarh. Acharya Dr. Prabhakaran Hebbar of Calicut University was present in the lecture as an expert. Head of Hindi Department, Prof. Birpal Singh Yadav, in his presidential speech, clarified the seriousness of the issue and said that man is from nature, nature is not from man. Besides, literature also includes even the smallest activities of the environment. Expert speaker, Dr. Prabhakaran Hebbar Illat, said that human life has no existence apart from nature. Raising the question of the significance of literature, he presented his views on its purpose to the audience through various thinkers from India and abroad. In view of the seriousness of environmental issues, he accused mankind that we are not using nature but consuming it which is a kind of violence done by man to nature. Nature has the ability to provide immense happiness if we do not tamper with it and establish an emotional relationship with it.

Before this, introduction of the expert speaker was presented by researcher Anuj Yadav. Researcher Gayatri conducted the program. Present in the program Prof. Dr. Kamaraj Sindhu, Associate professor of the department, thanked Birpal Singh Yadav, Dr. Kamlesh Kumari, Dr. Arvind Singh Tejawat, Dr. Siddharth Shankar Rai, Dr. Amit Kumar, Dr. Reena Swamy as well as the researchers and students of the university.

## 6. MoUs

### 6.1 श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के प्रतिनिधिमंडल ने किया हकेवि का दौरा

**CUH, July 14, 2023**



श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय, पलवल के प्रतिनिधियों ने हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय का दौरा कर छात्रावासों के कार्यप्रबंधन और सुविधाओं को जाना। इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने हकेवि समकुलपति प्रो. सुषमा यादव से भी मुलाकात की और उनसे विश्वविद्यालय से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की प्रोवोस्ट प्रो. पायल कंवर चंदेल व प्रो. बीर पाल सिंह यादव ने बताया कि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय, पलवल में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए छात्रावास सुविधा शुरु करने जा रहा है। इस संबंध में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के चीफ वार्डन प्रो. रिषीपाल, वार्डन डॉ. मोहित श्रीवास्तव तथा छात्रावास सुपरवाइजर सतीश कुमार व डॉ. सोनिया शर्मा ने हकेवि के छात्रावासों का दौरा कर यहाँ उपलब्ध सुविधाओं व छात्रावासों के कार्यप्रबंधन को समझा। प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को दी जा रही सुविधाओं की प्रशंसा की।

### Delegation from Shri Vishwakarma Skill University visited CUH

**CUH, July 14, 2023**

Shri Vishwakarma Skill University, Palwal delegation visited Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh. The delegation visited the Hostels of the University to learn about the functioning and facilities of the hostels. On this occasion, the members of the delegation also met the Pro-Vice Chancellor of the University Prof. Sushma Yadav and discussed with her various issues related to the University.

Prof. Payal Kanwar Chandel and Prof. Bir Pal Singh Yadav, Hostel Provost, Central University of Haryana said that Shri Vishwakarma Skill University is going to start hostel facility for its students. In this regard, the Chief Warden of Shri Vishwakarma Skill University, Prof. Rishipal; the Warden, Dr. Mohit Srivastava and hostel supervisors Satish Kumar and Dr. Sonia Sharma visited the hostels of CUH and understood the facilities available here and the management of the hostels. The delegation praised the facilities being provided to the students of the University under the guidance of the Vice Chancellor of the University Prof. Tankeshwar Kumar.

### 6.2 राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन हेतु आईआईटी रोपड़ संग मिलकर काम करेगा हकेवि

**CUH, July 31, 2023**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन हेतु आईआईटी, रोपड़; पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय, हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय, जम्मू केंद्रीय विश्वविद्यालय के साथ मिलकर कार्य करेंगे। हकेवि सहित पाँच केंद्रीय विश्वविद्यालयों व आईआईटी, रोपड़ के बीच अखिल भारतीय शिक्षा समागम में केंद्रीय शिक्षा एवं कौशल विकास व उद्यामिता मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान, शिक्षा राज्य मंत्री श्री सुभाष सरकार की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि इस समझौता ज्ञापन के बाद उत्तरी क्षेत्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन की प्रक्रिया को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत साझेदार शैक्षणिक संस्थान मिलकर शोध, अनुसंधान, अध्ययन, अध्यापन व संसाधनों के विकास में योगदान देंगे।

प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत ज्वाइंट डिग्री प्रोग्राम, एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट के साथ-साथ स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम आदि के स्तर पर मिलकर काम करेंगे। कुलपति ने कहा कि यह प्रयास एक सराहनीय पहल है और अवश्य ही इसके माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लक्ष्यों को प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त होगा। कुलपति ने इस मौके पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के द्वारा अखिल भारतीय शिक्षा समागम में दिए गए भारतीय ज्ञान परम्परा के साथ भविष्य के भारत के निर्माण के संकल्प का उल्लेख करते हुए कहा कि अवश्य ही शिक्षण संस्थानों के सामूहिक प्रयासों से भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का मार्ग प्रशस्त होगा।

### MoU signed between IIT Ropar and CUH including five central universities

**CUH, July 31, 2023**

For the implementation of the new National Education Policy-2020, Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh will work together with IIT Ropar; Central University of Punjab, Central University of Himachal Pradesh, Central University of Rajasthan and Central University of Jammu. A Memorandum of Understanding was signed between five central universities including CUH and IIT, Ropar in the presence of Union Minister for Education, Skill Development and Entrepreneurship, Mr. Dharmendra Pradhan and Minister of State for Education, Mr. Subhash Sarkar at the Akhil Bhartiya Shiksha Samagam. The Vice Chancellor of the University Prof. Tankeshwar Kumar said that the process of implementation of National Education Policy-2020 in the northern region will gain momentum. He said that under this MoU, Educational Institutions will jointly contribute to research, innovation, teaching, learning and development of resources.

Prof. Tankeshwar Kumar said that under this MoU, they will work together at the level of a Joint Degree Program, Academic Bank of Credit and Student Exchange Program etc. The Vice-Chancellor said that this effort is a commendable initiative and will pave the way for achieving the goals of the National Education Policy.

## 7. National Education Policy

### 7.1 हकेवि में नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन हेतु योजनागत प्रयास जारी

**CUH, July 25, 2023**



राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन को तीन वर्ष पूर्ण होने जा रहे हैं। इस मौके पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ द्वारा नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन हेतु जारी चरणबद्ध प्रयासों और भविष्य की राह पर केंद्रित बुकलेट तैयार की गई है। इस बुकलेट का विमोचन विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने मंगलवार 25 जुलाई को किया। इस मौके पर विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद के सदस्य प्रो. ताहिर हुसैन, शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. संजीव कुमार व भौतिकी एवं खगोल भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सुनीता श्रीवास्तव भी उपस्थित रहीं।

विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस अवसर पर कहा कि एनईपी-2020 के चरणबद्ध कार्यान्वयन की तीन साल की यात्रा ने हमें सिखाया है कि एनईपी-2020 एक बहुआयामी दस्तावेज है जिसमें इसमें निहित उदात्त उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए विद्यार्थियों और उनके माता-पिता, शिक्षकों और प्रशासकों के बीच गहन विचार-मंथन की आवश्यकता है। शिक्षा नीति लैब व लैंड एक बीच संपर्क स्थापित कर सामुदायिक भागीदारी पर जोर देती है जो नए व आधुनिक भारत के विकास के लिए बहुत ही जरूरी है। कुलपति ने कहा कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय एनईपी-2020 को चरणबद्ध तरीके से लागू करने में सफल रहा है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति शत-प्रतिशत विश्वविद्यालय में लागू हो इसके लिए बी.एससी-एमएससी इंटीग्रेटिड 4 वर्षीय यूजी, 4 वर्षीय बी.ए.बी.एड कार्यक्रम, यूजी, पीजी व एकीकृत कार्यक्रमों में एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट और मल्टीपल एंट्री और एग्जिट विकल्पों को पाठयक्रमों का हिस्सा बनाया गया है और यह बुकलेट विश्वविद्यालय के विभिन्न प्रयासों और भविष्य की कार्ययोजनाओं का एक दस्तावेजीकरण है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद के सदस्य प्रो. ताहिर हुसैन ने इस बुकलेट का अवलोकन करने के बाद कहा कि अवश्य ही यह शिक्षा नीति के क्रियान्वन की दिशा में विश्वविद्यालय के प्रयासों को प्रदर्शित करती है। उन्होंने विश्वविद्यालय कर विभिन्न कोशिशों पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यकीनन विश्वविद्यालय सही मार्ग पर अग्रसर है।

इस मौके पर उपस्थित शैक्षणिक अधिष्ठाता व भौतिकी एवं खगोल भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर केंद्रित बुकलेट के साथ-साथ विश्वविद्यालय द्वारा मई 2023 में 'एनईपी 2020 कार्यान्वयन और राष्ट्रीय पाठ्यक्रम रूपरेखाः नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क, इंडियन नॉलेज सिस्टम और मूल्य प्रवाह' विषय पर आयोजित विशेष कार्यशाला पर आधारित विस्तृत रिपोर्ट को भी बुकलेट के रूप में तैयार किया गया है।

## CUH Releases Handbook on NEP 2020: Phased Implementation and Way Forward

**CUH, July 25, 2023**

Marking the completion of the three-year journey of National Education Policy-2020, Central University of Haryana released the Handbook **"NEP 2020: Phased Implementation and Way Forward",** focusing on the step-by-step efforts of the University for the implementation of the National Education Policy and the future roadmap. This booklet was released by Prof. Tankeshwar Kumar, Vice-Chancellor of the University on Tuesday 25th July 2023. On this occasion, members of the Executive Council of the University, Prof. Tahir Hussain, Head of the Department of Physics and Astrophysics, Prof. Sunita Srivastava and Dean Academic, Prof Sanjiv Kumar were also present.

Prof. Tankeshwar Kumar observed that the University has been striving to implement all the features of NEP-2020 in a phased manner. Some of the remarkable milestones include– the introduction of B.Sc-MSc Integrated 4-Year UG and 4-Year B.A.-B.Ed Programme, Academic Bank of Credits (ABC) and Multiple Entry and Exit Options in UG, PG and Integrated Programmes, integration of Indian Knowledge System and *Mulya Pravah* etc. for which necessary amendments have been made in the relevant ordinances. Prof. Tankeshwar Kumar shared that the University is pursuing the roadmap for the implementation of the Policy with well-defined strategies and targets. On this occasion, the comprehensive booklet on NEP-2020 Implementation and National Curriculum Framework: NCRF, IKS, *Mulya Pravah* was also released.

## 7.2 राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन हेतु छह प्रतिष्ठित संस्थानों के बीच पहली बैठक पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय में सम्पन्न

**CUH, Aug 29, 2023**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन हेतु आईआईटी, रोपड़; पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय, हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय, जम्मू केंद्रीय विश्वविद्यालय के साथ मिलकर कार्य कर रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तीन वर्ष पूर्ण होने पर राजधानी दिल्ली में शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान की उपस्थिति में बीती 29 जुलाई को हुए समझौता ज्ञापन के तहत एकजुट हुए इन संस्थानों ने जमीनी स्तर पर कार्य शुरु कर दिया है। इसके लिए सभी सहयोगी संस्थानों के बीच पहली बैठक पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय, बठिंडा में सम्पन्न हुई। इस बैठक में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विशेष रूप से संस्थानों के बीच शोध हेतु आपसी साझेदारी, संयुक्त निर्देशन पर जोर दिया और कहा कि इसके माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शोध कार्य करने का मार्ग प्रशस्त होगा।

प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संबोधन में सभी संस्थानों के शिक्षकों को विशेष रूप से इस साझेदारी के उद्देश्यों से अवगत कराने पर जोर दिया। उनका कहना था कि इस जागरूकता के माध्यम से ही समझौता ज्ञापन के लक्ष्यों की प्राप्ति संभव है। पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय, बठिंडा के कुलपति प्रो. आर.पी. तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में आईआईटी रोपड़ के निदेशक प्रो. राजीव आहुजा, राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आनंद भालेराव, हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस.पी. बंसल और जम्मू केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. यशवंत सिंह सम्मिलित हुए। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि बैठक में प्रमुख रूप से दस सूत्री कार्यक्रम में चर्चा हुई, जिसमें संस्थानों के बीच विद्यार्थी व शिक्षकों के आदान-प्रदान, संयुक्त रिसर्च प्रोजेक्ट, संयुक्त कंसलटेंसी, संयुक्त पीएच.डी कार्यक्रम संचालित करने, संयुक्त शैक्षणिक (डिप्लोमा/डिग्री) कार्यक्रम उपलब्ध कराने, ड्यूल डिग्री कार्यक्रम शुरु करने, आपसी साझेदारी से सेमिनार, कार्यशाला व संगोष्ठी आदि का आयोजन, संयुक्त आउटरीच कार्यक्रम चलाना, इंटर्नशिप और नोडल ऑफिसर की नियुक्ति पर चर्चा की गई।

## The first meeting of NEP implementation held at Central University of Punjab

**CUH, Aug 29, 2023**

For the implementation of the National Education Policy (NEP)-2020, Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh is working in association with IIT Ropar, Central University of Punjab, Central University of Himachal

Pradesh, Central University of Rajasthan, Central University of Jammu. On completion of three years of the National Education Policy, these institutions signed MoU on July 29 in the presence of Central Education Minister Mr. Dharmendra Pradhan in New Delhi. The first meeting between all the partner institutions was held at Central University of Punjab, Bathinda. In this meeting Vice Chancellor of Central University of Haryana Prof. Tankeshwar Kumar especially emphasized mutual upon partnership and joint direction for research among institutions and said that this would pave the way for quality research work.

Prof. Tankeshwar Kumar emphasized on making the teachers of all the institutes especially aware of the objectives of this partnership. He said that it is possible to achieve the goals of the MoU only through this awareness. Organized under the chairmanship of Vice Chancellor Central University of Punjab, Bathinda Prof. R.P. Tiwari, this meeting was attended by the Director of IIT Ropar, Prof. Rajeev Ahuja; Vice Chancellor, Central University of Rajasthan, Prof. Anand Bhalerao; Vice Chancellor, Central University of Himachal Pradesh, Prof. S.P. Bansal and Registrar, Central University of Jammu, Prof. Yashwant Singh. Prof. Tankeshwar Kumar said that the ten-point program was mainly discussed in the meeting, in which exchange of students and teachers between institutions, joint research projects, joint consultancies, conducting joint PhD programs, joint academic programs (Diploma/Degree), starting dual degree programs, organizing seminars, workshops and symposia etc. with mutual partnership, running joint outreach programs, internships and appointment of nodal officers were discussed.

## 8. Research and Publications

### 8.1 हकेवि ने विकसित की स्वास्थ्य के लिए उपयोगी चॉकलेट चोकर बार

**CUH, Aug 11, 2023**




हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के संकाय सदस्यों और शोधकर्ताओं ने ऐसी चॉकलेट चोकर बार तैयार की है जोकि स्वास्थ्य के लिए उपयोगी है। विश्वविद्यालय की इस उपलब्धि के लिए इस परियोजना हेतु भौतिकी एवं खगोल भौतिकी विभाग के प्रो. सुनील कुमार, पोषण जीवविज्ञान विभाग की डॉ. सविता बुधवार व शोधार्थी मनाली चक्रवर्ती को पेटेंट भी प्राप्त हुआ है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने संकाय सदस्यों व शोधार्थी की इस उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई दी।

कुलपति ने कहा कि यह खोज ऐसे उत्पाद के विकास में मददगार है जोकि चॉकलेट के सेवन से होने वाले नुकसान से बचाने में मददगार होगी। यह उत्पाद अवश्य ही बच्चों के लिए सर्वाधिक उपयोगी साबित होगा क्योंकि इसके निर्माण में ऐसे तत्त्वों का उपयोग किया गया है जो पोषकता से भरपूर है। इस परियोजना से जुड़ी सहायक आचार्य डॉ. सविता बुधवार ने बताया कि हमारी टीम ने विशेष रूप से चने, चावल और गेहूं के चोकर का उपयोग कर इस सफेद चॉकलेट का निर्माण किया है। यह चॉकलेट हर स्तर पर बाजार में उपलब्ध चॉकलेट के मुकाबले स्वास्थ्य उपयोगी है। इसमें विशेष रूप से गुड़ का उपयोग किया है जोकि स्वास्थ्य के लिए सदैव ही लाभकारी रहा है। जहां तक इस स्वास्थ्य उपयोगी चॉकलेट के माध्यम से मिलने वाले पोषण की बात है तो इसके माध्यम से फाइबर, प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन, फास्फोरस आदि प्रचुर मात्रा में प्राप्त होते हैं। इस तरह यह उत्पाद न केवल बच्चों बल्कि हर उम्र के वयस्कों के लिए भी फायदेमंद हो सकती है।

### CUH Team developed healthy white chocolate bran bar

**CUH, Aug 11, 2023**

Faculty members and researchers of Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh have prepared chocolate bran bars which are made by using nutrient-rich agro by-products. The University has also been awarded a patent by

the Government of India for this achievement. Dr. Savita Budhwar, Assistant Professor, Department of Nutrition Biology of the University; Prof. Suneel Kumar, Department of Physics and Astrophysics Sciences and research scholar Manali Chakraborty have done this remarkable work. The Vice Chancellor of the University Prof. Tankeshwar Kumar congratulated Dr. Savita Budhwar and her team and said that this innovation will prove to help solve the increasing consumption of artificial sweeteners, refined sugar and increasing health-related disorders in people, especially in children. In this regard, Dr. Savita Budhwar said that her team has made a white chocolate bar by using Bran/husk of gram, rice, and wheat. She said that as far as chocolate available in the market has little nutrients, excessive or daily consumption might be detrimental to health. The presence of artificial sweeteners might also be harmful to health. Dr. Savita said that given this need to lessen refined sugar and artificial sweetener consumption, her team has manufactured a white chocolate bar using jaggery along with bran/husk of rice, wheat and chickpea. Moreover, the use of nutrient-rich agricultural byproducts like gram husk, rice bran, and wheat bran as innovative and novel food ingredients in the formulation of chocolate might fulfil that requirement of nutrients.

## 9. Seminar/Conference/Workshops/ Competition

### 9.1 हकेवि के विद्यार्थियों ने आईएएसी 2023 में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**CUH, July 3, 2023**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के भौतिकी और खगोल भौतिकी विभाग के आठ विद्यार्थियों ने अंतर्राष्ट्रीय खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी प्रतियोगिता-2023 में शीर्ष स्थान हासिल किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए शैक्षणिक मोर्चे पर और ऊँचाई हासिल करने के लिए प्रेरित किया। कुलपति ने भौतिकी विभाग द्वारा लिए गए 6 इंच के नए टेलीस्कोप का भी उल्लेख किया और कहा कि इनके उपयोग से विश्वविद्यालय के भौतिकी एवं खगोल भौतिकी विभाग में जारी शोध व अध्ययन-अध्यापन की गतिविधियों का विस्तार होगा।

यहां बता दें कि आईएएसी विश्वभर के विद्यार्थियों के लिए आयोजित होने वाली एक ऑनलाइन खगोल विज्ञान प्रतियोगिता है। जिसमें हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की तान्या तन्वी को स्वर्ण, तरूण, प्रिया मित्तल, गिरदीश लैशराम को रजत जबकि शुभम पथी, वसुधा, तानिया और रोहित जांगिड़ को कांस्य सम्मान मिला।

### CUH students win Laurels at IAAC-2023


**CUH, July 3, 2023**

Eight students of the Department of Physics and Astrophysics, Central University of Haryana (CUH), Haryana bagged top positions at the recently held International Astronomy and Astrophysics Competition (IAAC)-2023. The Vice-Chancellor, Professor Tankeshwar Kumar congratulated the winners and motivated them to achieve greater heights in their ongoing academic journey. The vice chancellor also mentioned the acquisition of a new 6” Telescope by the Department of Physics which will be used for astronomy-related extension activities by the University.

The IAAC is an online astronomy competition for students from all countries. Among various prizes, Tanya Tanvi got Gold, Tarun, Priya Mittal, and Girdish Laishram bagged Silver while Shubham Pathy, Vasudha, Taniya and Rohit Jangid got Bronze honours.

### 9.2 हकेवि में 'कार्यालयीन कार्यों में हिंदी कम्प्यूटिंग टूल्स का योगदान' विषय पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

**CUH, July 31, 2023**



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में सोमवार को कार्यालयीन कार्यों में हिंदी कम्प्यूटिंग टूल्स का योगदान विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें विशेषज्ञ वक्ता के रूप में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), खड़गपुर के वरिष्ठ हिन्दी अधिकारी डॉ. राजीव रावत उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के

कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। कुलपति ने इस अवसर पर कहा कि स्वभाषा पर स्वाभिमान करना होगा। भारत विकसित राष्ट्र बनाने हेतु जरुरी है कि हम सभी अपनी भाषा से प्रेम करें और उसमें व्यावहारिक कामकाज, शोध, अनुसंधान को बढ़ावा देकर देश की प्रगति का मार्ग प्रशस्त करें।

कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित डॉ. राजीव रावत ने हिन्दी का उपयोग करने का प्रयास करने के स्थान पर संकल्प के साथ हिन्दी को अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हिन्दी हमारी भाषा है और हमें चीन, जर्मनी, रूस जैसे देशों से भाषा प्रेम को सीखने की जरूरत है। उन्होंने अपने संबोधन में हिन्दी की महत्ता के साथ-साथ उसके उपयोग और उसके लिए उपयोगी तकनीकी उपकरणों से प्रतिभागियों को अवगत कराया। अपने प्रशिक्षण के दौरान डॉ. राजीव रावत ने हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए हिन्दी टाइपिंग के विभिन्न विकल्पों की भी जानकारी दी। कार्यशाला में मंच का संचालन शिक्षक शिक्षा विभाग में सहायक आचार्य डॉ. शंकर लाल ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय के हिंदी अधिकारी शैलेंद्र सिंह ने दिया।

## Workshop on "Contribution of Hindi Computing Tools in Office Work" organised at CUH

**CUH, July 31, 2023**

A workshop on 'Contribution of Hindi Computing Tools in Office Work' was organized on Monday at Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh. In this, Dr. Rajiv Rawat, senior Hindi officer of Indian Institute of Technology (IIT) Kharagpur, was present as an expert speaker. On this occasion, the Vice Chancellor said that self-respect has to be based on one's own language. To make India a developed nation, it is necessary that we all love our language and pave the way for the country's progress by promoting practical work, research and development in it.

Dr. Rajiv Rawat emphasized on adopting Hindi with determination instead of trying to use Hindi. He said that Hindi is our language and we need to learn love for the language from countries like China, Germany, and Russia. In his address, he informed the participants about the importance of Hindi as well as its use and the technical tools useful for it. During his training, Dr. Rajiv Rawat also gave information about various options of Hindi typing to promote the use of Hindi. The stage in the workshop was conducted by Dr. Shankar Lal, Assistant Professor in the Teacher Education Department, while the vote of thanks was given by Shailendra Singh, Hindi Officer of the University.

## 9.3 हकेवि में विभाजन की विभिषिका स्मृति दिवस पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का हुआ आयोजन

**CUH, Aug 14, 2023**



"विभाजन का दर्द उन लोगों के लिए सदैव ही असहनीय है जो कहीं न कहीं इससे जुड़ें हैं। 15 अगस्त 1947 को देश आाजाद हुआ और इसी के साथ इसने विभाजन का वह दर्द झेला जोकि असहनीय है। आज हम विभाजन की जिन तस्वीरों को देखते हैं, इनमें दिखने वाला मंजर बेहद भयावह नजर आता है और हालात उससे कई गुणा अधिक वीभत्स थे। आज के दिन इस दर्द को याद करने के पीछे की एक ही वजह है कि ऐसे समय की कभी भी पुनरावृत्ति ना हो।" यह विचार हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने सोमवार को विश्वविद्यालय में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार व इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केंद्र के सहयोग से आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस आयोजन में विशेषज्ञ वक्ता के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. संगीत रागी व बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में एमरिटस प्रो. अशोक कुमार कौल उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत में अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विशेषज्ञ वक्ताओं और आयोजको का आभार व्यक्त किया। आयोजन में विशेषज्ञ वक्ता प्रो. संगीत रागी ने विभाजन के कारणों और उसमें विभिन्न दलों की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला और कहा कि यह विभाजन पूरी तरह से रिलिजन आधारित विभाजन कहा जा सकता है, जिसमें मुस्लिम समुदाय द्वारा अलग देश बनाया गया। प्रो. रागी ने उस दौर में विभिन्न प्रतिष्ठित हस्तियों से जुड़ें विचारों को भी प्रस्तुत किया और उनकी भूमिका से अवगत कराया। इससे पूर्व में बीएचयू के प्रो. अशोक कुमार कौल ने कहा कि विभाजन इतिहास का वह महत्त्वपूर्ण अध्याय है जोकि सदैव दर्द के साथ याद किया जाएगा। उन्होंने विभाजन के दौरान पाकिस्तान के गठन और उससे उपजे हालातों पर भी विस्तार से ध्यानाकर्षित किया।

## One-day national Seminar organized on the Horrors of the Partition of India

**CUH, Aug 14, 2023**

"The pain of partition is always unbearable for those who are somehow connected with it. The country became independent on 15th August 1947 and with this, it suffered the pain of partition which was unbearable. The pictures of partition that we see today, the scene seen in them is very frightening and the situation was many times more terrible than that. The only reason behind remembering this pain on this day is that such incidents should never happen again." These views were expressed by the Vice Chancellor of Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh, Prof. Tankeshwar Kumar while addressing a one-day national seminar organized in collaboration with Indira Gandhi National Centre for the Arts and Ministry of Culture, Government of India, at the University on Monday. Prof. Sangit Ragi, Head, Department of Political Science, University of Delhi and Emeritus Prof. Ashok Kumar Kaul, Banaras Hindu University were present as expert speakers at this event. This program was organized by the Department of Political Science of the University,

Prof. Sangit Ragi elaborated on the causes of partition and the role of various parties in it and said that this partition can be called a completely religion-based partition, in which a separate country was created by the Muslim community. Prof. Ragi also presented ideas related to various eminent personalities of that period and made them aware of their role. Prof. Ashok Kumar Kaul said that partition is an important chapter in history that will always be remembered with pain. He also elaborated on the formation of Pakistan during partition and the circumstances arising out of it.

## 9.4 हकेवि में बीएड व एमएड विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित

**CUH, Aug 17, 2023**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के शिक्षक शिक्षा विभाग द्वारा बुधवार को शैक्षणिक सत्र 2023-24 में नव प्रवेशित बीएड व एमएड विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यह इंडक्शन कार्यक्रम अवश्य ही नए विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली से अवगत कराने में मददगार साबित होगा। स्कूल ऑफ एजुकेशन की अधिष्ठाता एवं शिक्षक शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सारिका शर्मा ने बताया कि इंडक्शन कार्यक्रम का उद्देश्य नए विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के नए वातावरण में सहज महसूस कराना, दैनिक दिनचर्या निर्धारित करना, बैच के सदस्यों के साथ-साथ संकाय और वरिष्ठ विद्यार्थियों के बीच संबंध बनाना, कार्यक्रम की प्रकृति से परिचित कराना है। उन्होंने बीएड और एमएड में उपलब्ध करियर के अवसरों से भी प्रतिभागियों को अवगत कराया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रोफेसर सारिका शर्मा, डीन, स्कूल ऑफ एजुकेशन और प्रमुख, शिक्षक शिक्षा विभाग के मार्गदर्शन में की गई थी। कार्यक्रम में पूरे संकाय, सहायक कर्मचारी और बड़ी संख्या में नए और पुराने छात्र शामिल हुए। विभाग के प्रो. गौरव सिंह ने विश्वविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं से प्रतिभागियों को का अवगत कराया।

बी.एड. कार्यक्रम समन्वयक प्रो. दिनेश चहल ने कहा कि विद्यार्थी किसी भी शैक्षणिक संस्थान के पहले हितधारक होते हैं। वे शिक्षण संस्थान की धुरी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को जिम्मेदारियां निभाने के लिए तत्पर रहने का भी आह्वान किया। विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर प्रो. नंदकिशोर ने विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय परिसर में अपनाए जाने वाले अनुशासन के बारे में जानकारी दी और उन्हें किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता की गतिविधियों में शामिल न होने की अपील की। विभाग की सहायक आचार्य एवं महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ की समन्वयक डॉ. रेनू यादव ने एमएड पाठ्यक्रम के स्वरूप से प्रतिभागियों को विस्तार से बताया। उन्होंने छात्राओं से अपील की कि यदि उन्हें कोई समस्या हो तो वे उनसे संपर्क कर सकती हैं। विभाग की सहायक आचार्य डॉ. आरती यादव ने बीएड पाठ्यक्रम स्वरूप के बारे में जानकारी दी। विद्यार्थियों ने आईसीटी लैब, भाषा संसाधन, गणितीय संसाधन केंद्र, एकीकृत विज्ञान संसाधन केंद्र, मनोविज्ञान प्रयोगशाला, कला और शिल्प संसाधन केंद्र और केंद्रीय पुस्तकालय का दौरा किया।

## Induction program organized for B.Ed and M.Ed students in CUH

**CUH, Aug 17, 2023**

The Department of Teacher Education, Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh on Wednesday organized an induction program for newly admitted B.Ed and M.Ed students in the academic session 2023-24. University Vice-Chancellor, Prof. Tankeshwar Kumar said that this induction program will prove helpful in making the new students aware of the functioning of the university.

Dean of School of Education and Head of Department of Teacher Education, Prof. Sarika Sharma said that the objective of the induction program is to make the new students feel comfortable in the new environment of the university, to set the daily routine, to build relationships among the batch members as well as among the faculty and senior students, to familiarize them with the nature of the programme. B.Ed. Program Coordinator Prof. Dinesh Chahal said that students are the first stakeholders of any educational institution. They are the pivot of the educational institution. He also called upon the students to be ready to fulfill their responsibilities. University Proctor, Prof. Nandkishore, informed the students about the discipline to be followed in the university campus and appealed to them not to indulge in any kind of indisciplinary activities. Dr. Renu Yadav, Assistant Professor of the department and coordinator of the Women Empowerment Cell, explained the nature of the M.Ed course to the participants in detail. She appealed to the girl students to contact her if they have any problem. Assistant Professor of the department, Dr. Aarti Yadav gave information about the B.Ed course format. The students visited the ICT Lab, Language Resource, Mathematical Resource Centre, Integrated Science Resource Centre, Psychology Laboratory, Arts and Crafts Resource Center and Central Library.

## 9.5 हकेवि में संस्कृत सप्ताह की हुई शुरूआत

**CUH, Aug 28, 2023**



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में 28 अगस्त से 2 सितंबर तक संस्कृत सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग द्वारा सोमवार को संस्कृत सप्ताह के शुभारंभ किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कार्यक्रम के आयोजन हेतु विभाग को शुभकामनाएं देते हुए संस्कृत भाषा में निहित विपुल वैज्ञानिक साहित्य को आने वाली पीढियों के लिए उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताया। विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने संस्कृत सप्ताह के आयोजन हेतु समस्त विभाग को संदेश के माध्यम से शुभकामनाएँ देकर प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में स्वामी समर्पणानन्द मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्यातिथि स्वामी समर्पणानन्द जी ने अपने वक्तव्य में संस्कृत भाषा से होने वाले लाभों से अवगत करवाते हुए संस्कृत व्याकरण की वैज्ञानिकता परिलक्षित की तथा संस्कृत ग्रन्थों में प्राप्त आचरण-शिक्षा का महत्त्व बताते हुए श्रोताओं को संस्कृत पढने के लिए विशेष आग्रह किया। इसके पश्चात कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. पवित्रा राव ने वसुधैव कुटुम्बकम् की परिकल्पना को समझाते हुए वर्तमान में गीता व आयुर्वेद की महत्ता से प्रतिभागियों को अवगत कराया। तत्पश्चात् सारस्वत अतिथि संस्कृत भारती के हरियाणा प्रांत संपर्क प्रमुख श्री अशोक बुचौली ने संस्कृत सम्भाषण के लिए सभी को प्रोत्साहित किया एवं इस सम्बन्ध में होने वाले आयोजनों से भी अवगत करवाया।

## Sanskrit Week started in CUH

**CUH, Aug 28, 2023**

Sanskrit Week is being organized at Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh from 28th August to 2nd September. Sanskrit Week was inaugurated by the Sanskrit Department of the University on Monday. Vice-

Chancellor of the University, Prof. Tankeshwar Kumar, while congratulating the department for organizing the program, described the vast scientific literature contained in Sanskrit language as useful and informative for the coming generations. Pro Vice-Chancellor of the University, Prof. Sushma Yadav, encouraged the entire department through an online message by giving good wishes for organizing Sanskrit Week. Swami Samarpanananda was present in the program as the chief guest.

In his speech, the chief guest of the program, Swami Samarpanand Ji reflected on the scientific nature of Sanskrit grammar making students aware of the benefits of Sanskrit language. While explaining the importance of conduct-education received in Sanskrit texts, he made a special request to the audience to study Sanskrit. After this, Dr. Pavitra Rao, the special guest in the program, while explaining the concept of Vasudhaiva Kutumbakam, informed the participants about the importance of Geeta and Ayurveda in present times. After that, Saraswat guest, Shri Ashok Bucholi, Haryana Province Contact Head of Sanskrit Bharati, encouraged everyone to speak in Sanskrit and also informed them about the events to be held in this regard.

Program coordinator, Dr. Suman Rani said that various activities will be organized in this program till September 2. The program was conducted by Sanskrit department student Bhumika Rajpurohit and teacher Archana. In the program, Sanskrit department students Rekha, Ritu, Tannu, Sapna, Deepak, Nayanika, Pooja, Ritika and Himansha presented classical dance and song-singing etc. At the end of the program, vote of thanks was given by program coordinator, Dr. Suman Rani. Teachers and students from various departments were present in the program.

### 9.6 हकेवि में युवा संवाद का हुआ आयोजन

**CUH, Aug 29, 2023**




हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में मंगलवार युवा संवादः भारत एट 2047 विषय पर केंद्रित सेमिनार का आयोजन किया गया। बीएमडी फाउंडेशन नेहरु युवा केंद्र नारनौल व हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के संयुक्त प्रयासों से आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार; मुख्य वक्ता के रूप में श्री मुकेश वशिष्ठ, मीडिया कॉर्डिनेटर, मुख्यमंत्री हरियाणा व विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री राजकुमार सैनी सम्मिलित हुए।

विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलगीत से हुई। इसके पश्चात छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने विषय परिचय प्रस्तुत करते हुए मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता का स्वागत किया और उनके प्रति आभार जताया। आयोजन में सम्मिलित विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि नए भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्त्वपूर्ण है और आजादी के अमृतकाल की परिकल्पना को साकार करने हेतु युवा पीढ़ी को विशेष प्रयास करने होंगे। कोरोना महामारी के दौरान भारत ने जिस तरह से वैक्सीन निर्माण का कार्य किया वह दर्शाता है कि हम सही राह पर अग्रसर है। चंद्रयान-3 की सफलता ने समूचे विश्व के समक्ष भारत के इरादों को जाहिर किया है।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता श्री मुकेश वशिष्ठ ने अपने संबोधन में युवा पीढ़ी और उसके समक्ष चुनौतियों व अवसरों का उल्लेख करते हुए विस्तार से भारत निर्माण में उनके योगदान की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि आज जिस तरह की संभावनाएं देश में उपलब्ध हैं वह भारत को विश्व पटल पर पहचान दिलाने हेतु बेहद उपयोगी हैं। युवा पीढ़ी इन संभावनाओं को अधिकतम उपयोग कर भारत के विकास में योगदान दें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भारत को 2047 विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है जो कि दर्शाता है कि हमारा लक्ष्य निर्धारित है। इस संकल्प को केंद्र में रखते हुए हर भारतवासी को अपना योगदान देना होगा। आयोजन में विशिष्ट अतिथि राजकुमार सैनी, नेहरू युवा केंद्र जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए श्रेष्ठ भारत के निर्माण हेतु उन्हें जागरूक किया। आयोजन में बीएमडी फाउंडेशन के लक्की सिगड़ा, इंद्रजीत शर्मा व विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। आयोजन में मंच का संचालन डॉ. नीरज कर्ण सिंह ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन इंद्रजीत शर्मा ने प्रस्तुत किया।

## Youth Dialogue organized in CUH

**CUH, Aug 29, 2023**

A seminar focused on the topic "Youth Dialogue: India at 2047" was organized at Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh on Tuesday. Vice-Chancellor of the University, Prof. Tankeshwar Kumar; Shri Mukesh Vashishtha, Media Coordinator, Chief Minister of Haryana and Shri Rajkumar Saini participated as the keynote speaker.

Organized by the Office of the Dean of Student Welfare of the University, the program started with the University Anthem. After this, Student Welfare Dean Prof. Anand Sharma, while presenting the topic introduction, welcomed the chief guest and the keynote speaker and expressed his gratitude towards them. University Vice-Chancellor Prof. Tankeshwar Kumar participated in the event and said that the role of youth is important in building a new India and the young generation will have to make special efforts to realize the vision of the immortal age of independence. The way India carried out vaccine manufacturing during the Corona epidemic shows that we are moving on the right path. The success of Chandrayaan-3 has revealed India's intentions to the entire world. Surely, we are moving forward following an efficient leadership. In his address, the main speaker in the program, Shri Mukesh Vashishtha, mentioned the young generation and the challenges and opportunities before it and drew attention in detail to their contribution in building India. He said that the possibilities available in the country today are very useful in giving recognition to India on the world stage. The young generation should make maximum use of these possibilities and contribute to the development of India. He said that Prime Minister Shri Narendra Modi has pledged to make India a developed nation by 2047, which shows that our goal is set. Keeping this resolution at the centre, every Indian will have to contribute. In the event, Special guest Rajkumar Saini, Nehru Yuva Kendra; District Youth Officer, Nityanand Yadav also addressed the students and made them aware about building a better India. BMD Foundation's Lucky Sigada, Indrajit Sharma and University Registrar Prof. Sunil Kumar also had a dignified presence. Dr. Neeraj Karan Singh moderated the stage at the event and vote of thanks was presented by Indrajit Sharma.

## 9.7 हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका विषय पर सेमिनार आयोजित

**CUH, Sept 4, 2023**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में सोमवार को राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय, शिक्षा पीठ, एनसीसी, एनएसएस, वाईआरसी, आरएंडआर द्वारा राष्ट्रीय सैनिक संस्था के सहयोग से आयोजित इस सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में आंध्र प्रदेश सरकार व स्कोडा गुरप के सलाहकार श्री राजन छिब्बर, स्पेशल गेस्ट के रूप में वीर चक्र विजेता व राष्ट्रीय सैनिक संस्था के अध्यक्ष कर्नल तजेंद्र पाल त्यागी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) रंजीत सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव की भी गरिमामयी उपस्थिति रही।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने आयोजको को सेमिनार के लिए बधाई दी और अतिथियों का आभार व्यक्त किया। सेमिनार में मुख्य अतिथि श्री राजन छिब्बर ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि हमें जीवन में हमेशा से दूसरों से आगे निकलने का प्रयास करना चाहिए और लक्ष्य प्राप्ति के लिए पूरी लग्न व मेहनत के साथ काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें गलत का साथ नहीं देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें अपने आप को इतना काबिल बनाना चाहिए कि लोग हमारी माँग करें।

कार्यक्रम में विशिष्ट वक्ता व हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) रंजीत सिंह ने कहा कि हमारा देश दुश्मनों से घिरा हुआ है। ऐसे में राष्ट्र प्रथम की नीति अपनाते हुए युवाओं को अनुशासित और रचनात्मक कार्यों में अपनी ऊर्जा लगानी चाहिए। युवा ही देश को आगे ले जा सकता है। उन्होंने कहा कि जब हम दृढ़ व मजबूत होंगे तभी सही की पहचान कर पाने में सक्षम होंगे। उन्होंने प्रो. टंकेश्वर कुमार ने नेतृत्व में विश्वविद्यालय की प्रगति पर भी हर्ष व्यक्त किया। सेमिनार में स्पेशल गेस्ट के रूप में वीर चक्र विजेता कर्नल तजेंद्र पाल त्यागी ने विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के नेतृत्व व व्यक्तित्व की प्रशंसा की। उन्होंने डिजिटल युग में अफवाहों पर ध्यान न देने और तथ्यों को सच्चाई की कसौटी पर परखने का युवाओं से आह्वान किया।

## Seminar on the Role of Youth in Nation Building organized at CUH

**CUH, Sept 4, 2023**

A seminar on the Role of Youth in nation-building was organized at Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh on Monday. In this seminar organized by the Office of Dean Student Welfare, School of Education, NCC, NSS, YRC, R&R in collaboration with Rashtriya Sainik Sanstha, Mr. Rajan Chhibbar, Advisor Government of Andhra Pradesh and Skoda Group, was present as the chief guest, Col. Tajendra Pal Tyagi, Veer Chakra and president of Rashtriya Sainik Sanstha as the special guest and Major General (Dr.) Ranjit Singh, the former vice-chancellor of Central University of Haryana, was present as guest of honor. The program was presided over by the Vice Chancellor of the University, Prof. Tankeshwar Kumar. On this occasion, the first lady of the University, Prof. Sunita Srivastava also had a dignified presence.

Prof. Tankeshwar Kumar congratulated the organizers for the seminar and thanked the guests. Mr. Rajan Chhibbar, while sharing his experiences, said that we should always try to get ahead of others in life and work with full dedication and hard work to achieve the goal. He said that we should not support the wrong. Major General (Dr.) Ranjit Singh said that our country is surrounded by enemies. In such a situation, adopting the policy of Nation First, the youth should invest their energy in disciplined and creative work. Only youth can take the country forward. He said that only when we are determined and strong we will be able to identify what is right. He also expressed happiness over the progress of the University under the leadership of Prof. Tankeshwar Kumar. Colonel Tajendra Pal Tyagi praised the leadership and personality of the Vice Chancellor of the University Prof. Tankeshwar Kumar.

## 9.8 हकेवि में तीन दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

**CUH, Sept 6, 2023**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के सिविल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा सॉफ्टवेयर स्टेड प्रो विषय पर तीन दिवसीय व्यावहारिक अनुभव कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान और कौशल विकास को बढ़ाना था। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस प्रकार की कार्यशाला को विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान के लिए उपयोगी बताया।

कार्यशाला में सिविल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. विकास गर्ग ने सिविल इंजीनियरिंग के भविष्य को आकार देने में ऐसे व्यावहारिक सीखने के अवसरों के महत्त्व पर जोर दिया तथा कार्यशाला की रूपरेखा से प्रतिभागियों को अवगत कराया। कार्यशाला में बेंटले गोल्ड चैनल पार्टनर इनोवेटिव सिस्टल के सीईओ और संस्थापक श्री रोमिंदर सिंह बेदी विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। विशेषज्ञ ने स्टेड प्रो के वास्तविक जीवन के अनुप्रयोगों और सिविल इंजीनियरिंग उद्योग में इसके महत्त्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि स्टेड प्रो न केवल निर्माण में बल्कि विभिन्न उद्योगों में संरचनात्मक अखंडता और दक्षता में योगदान देता है। कार्यशाला का समन्वय संकाय सदस्यों डॉ. विकास कुमार और डॉ. शिवानी त्यागी ने किया। इसके अलावा ए.टेक. के इंजी. रमेश बिश्नोई, बी.टेक के हर्ष राज तथा भानु ने कार्यक्रम के आयोजन और क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्र का संचालन स्टेड प्रो विशेषज्ञ भरत सिंघल ने किया। कार्यशाला में इंजीनियरिंग विभाग के विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की।

## Three-day workshop organized in CUH

**CUH, Sept 6, 2023**

A three-day practical experience workshop on the topic "Software Stead Pro" was organized by the Department of Civil Engineering, Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh. The objective of the workshop was to enhance the practical knowledge and skill development of the students. University Vice-Chancellor Prof. Tankeshwar Kumar described this type of workshop as useful for the practical knowledge of the students.

In the workshop, Head of Department of Civil Engineering, Prof. Vikas Garg emphasized the importance of such practical learning opportunities in shaping the future of civil engineering and briefed the participants on the outline of the workshop. Mr. Rominder Singh Bedi, CEO and Founder, Bentley Gold Channel Partner Innovative System, was present as an expert in the workshop. The expert discussed in detail the real-life applications of Stade Pro and its importance in the civil engineering industry.

He explained that Stade Pro contributes to structural integrity and efficiency not only in construction but across various industries. The workshop was coordinated by faculty members Dr. Vikas Kumar and Dr. Shivani Tyagi. Apart from this, A.Tech Engr. Ramesh Bishnoi, Harsh Raj and Bhanu of B.Tech played important roles in organizing and executing the programme. The practical training session was conducted by Stade Pro expert Bharat Singhal. Students of engineering department participated in the workshop.

### 9.9 हकेवि में युवा वैज्ञानिकों की रोमांचक यात्रा विषयक सेमिनार आयोजित

**CUH, Sept 12, 2023**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में बी.वोक. बायोमेडिकल साइंसेज, स्कूल ऑफ लाइफ- लॉन्ग लर्निंग द्वारा 'युवा वैज्ञानिकों की रोमांचक यात्रा' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने सेमिनार का उद्घाटन किया। कुलपति ने अपने संबोधन में करियर काउंसलिंग के महत्त्व पर चर्चा की। उन्होंने विदेश में करियर का अवसर पाने के लिए जागरूकता और कड़ी मेहनत के प्रभाव पर जोर दिया। कुलपति ने आयोजन के लिए विभाग के विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों की पहल की सराहना की।

विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लाइफ-लॉन्ग लर्निंग के अधिष्ठाता प्रो. पवन कुमार मौर्य ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया और सेमिनार की रूपरेखा से प्रतिभागियों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी इस तरह के सेमिनारों का आयोजन विभाग द्वारा किया जाएगा। सेमिनार में विशेषज्ञ डॉ. प्रणय श्रीवास्तव ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि कौशल, समर्पण और सीखने की प्रवृत्ति जीवन में सफलता के लिए महत्वपूर्ण कारक हैं। हालाँकि, विद्यार्थियों को अवसर और आवश्यकताओं के बारे में जागरूक होना चाहिए। इससे पूर्व कार्यक्रम के संयोजक डॉ. रोहित कुमार वर्मा ने विशेषज्ञ डॉ. प्रणय श्रीवास्तव का परिचय दिया। उन्होंने यह भी बताया कि प्रतिष्ठित विशेषज्ञ डॉ. प्रणय श्रीवास्तव, डेलिक्स थेरेप्यूटिक्स, बेडफोर्ड, मैसाचुसेट्स, संयुक्त राज्य अमेरिका में वैज्ञानिक-न्यूरोप्लास्टिसिटी हैं और हार्वर्ड मेडिकल स्कूल, बोस्टन में उनका अनुभव है। कार्यक्रम के आयोजन सचिव डॉ. मनीषा पांडे और डॉ. तरूण कुमार ने बताया कि सेमिनार में देश के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों ने प्रतिभागिता की और विदेशी करियर विकल्पों के बारे में ज्ञान प्राप्त किया। डॉ. ऋचा ने टीम सदस्य के रूप में आयोजन में सक्रिय सहयोग किया।

### A Seminar on 'The Exciting Journey of Young Scientists' conducted at CUH

**CUH, Sept 12, 2023**

A seminar on "THE EXCITING JOURNEY OF YOUNG SCIENTISTS" was organized by the B.Voc Biomedical Sciences, School of Life-long Learning at Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh. Hon'ble Vice-Chancellor Prof. Tankeshwar Kumar of Central University of Haryana, Mahendergarh inaugurated the seminar and emphasized the importance of career counselling. He also points out the impact of awareness and hard work to get a career opportunity overseas. He appreciated the initiative taken by the B.Voc Biomedical Sciences to conduct such a program specifically for students and faculty members.

Prof. Pawan Kumar Maurya, Chairperson, Dean School of Life-long Learning delivered the welcome address and briefed about the program. He also informed that such a seminar would also be conducted in the future to allow the scholars to interact with eminent resource persons. Dr. Rohit Kumar Verma, convenor of the event introduced the expert Dr. Pranay Srivastava. He also informed that Distinguished expert Dr. Pranay Srivastava, is a Scientist-Neuroplasticity in Delix Therapeutics, Bedford, Massachusetts, United States, and has exposure to Harvard Medical School, Boston. Dr. Pranay shared his overseas experience and said that skills, dedication, and learning attitude are key factors for success in life. However, students should be aware of the opportunity and requirements. Dr. Manisha Pandey and Dr. Tarun Kumar, organizing secretaries of the event informed that students from various esteem and faculty members from different parts of India attended and gained knowledge about overseas career options. Additionally, Dr. Richa supported us as team members.

## 9.10 हकेवि में चाणक्य की विचारधारा एवं दर्शन पर आधारित सेमिनार आयोजित

**CUH, Sept 14, 2023**



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में गुरुवार को विश्व का नेतृत्व करने हेतु वर्तमान में चाणक्य की विचारधारा एवं दर्शन की प्रासंगिकता विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के तहत भारतीय सामाजिक अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर), नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित इस सेमिनार के उद्घाटन सत्र में श्री विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी के कुलपति श्री राज नेहरु मुख्य अतिथि व प्रो. एन.के. बिश्नोई मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। सेमिनार के समापन सत्र में विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव व कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

अर्थशास्त्र विभाग द्वारा विश्वविद्यालय मिनी ऑडिटोरियम में आयोजित इस राष्ट्रीय सेमिनार की शुरूआत दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। विश्वविद्यालय के छात्रकल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए समसामयिक मुद्दों पर चाणक्य की विचारधारा और दर्शन की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। अर्थशास्त्र के प्रो. रंजन अनेजा ने सेमिनार की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए पुस्तक 'अर्थशास्त्र' के बारे में बताया जिसमें सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक विकास शामिल है। उन्होंने दृढ़तापूर्वक कहा कि चाणक्य विचारधारा और दर्शन वर्तमान परिदृश्य में अभी भी प्रासंगिक है। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे शिक्षा प्रणाली, धन वितरण, शासन, कूटनीति आदि क्षेत्रों में योगदान देकर चाणक्य रणनीति दुनिया को बदल सकती है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने चाणक्य नीति पर अपने विचार साझा किए और प्राचीन इतिहास, महाभारत जैसे साहित्य पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने जीडीपी गणना पर जोर दिया और यह बताकर चिंता जताई कि हम जो भी उत्पादन करते हैं उसका उपभोग हमारे द्वारा किया जाता है और उपभोग का हिस्सा भारत की जीडीपी गणना में शामिल नहीं है।

सेमिनार में मुख्य वक्ता प्रो. एन.के. बिश्नोई ने वर्तमान विश्व में प्रासंगिकता के साथ चाणक्य विचारधारा और दर्शन के व्यापक पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने कौटिल्य के अर्थशास्त्र, कौटिल्य के दर्शन, कौटिल्य के वैचारिक ढांचे, कौटिल्य की विदेश नीति के तरीकों, कौटिल्य के राजनीतिक दृष्टिकोण, प्रशासन के बारे में विचार, अर्थशास्त्र में आर्थिक सोच, सार्वजनिक वस्तुओं का प्रावधान, कीमत की धारणा आदि पर विस्तार से प्रकाश डाला। सेमिनार में मुख्य अतिथि श्री राज नेहरु ने कहा कि चाणक्य के सोचने के स्तर और गुणवत्ता पर हमें गर्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि चाणक्य की नीतियाँ लगभग तीन हजार वर्ष बाद आज भी प्रासंगिक है। श्री नेहरु ने चाणक्य की नेतृत्व क्षमता, प्रबंधन क्षमता, अध्यापन कला का भी जिक्र किया और बताया कि किस तरह से उनसे सीख लेकर आगे बढ़ा जा सकता है। उन्होंने सभी से चाणक्य के बारे में अध्ययन कर नए भारत के निर्माण में योगदान देने की अपील की। कार्यक्रम में मंच का संचालन अर्थशास्त्र विभाग की सहायक आचार्य डॉ. रेनु ने किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि चाणक्य विचारधारा का भारतीय राजनीतिक और आर्थिक विचारों पर स्थायी प्रभाव पड़ा, जो व्यावहारिकता, शासन कला आदि पर जोर देता है। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अमनदीप वर्मा ने प्रस्तुत किया। आयोजन में सुश्री रेणु, डॉ. रितु, सुश्री अंजु, डॉ. अमनदीप वर्मा, प्रो. रणबीर सिंह, प्रो. आशीष माथुर, डॉ. रमेश कुमार, डॉ. आर.पी. मीणा, डॉ. अजय कुमार, डॉ. सुमन, डॉ. जितेंद्र कुमार, डॉ. विकास सिवाच, डॉ. के.आर. पलसानिया महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। सेमिनार में विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

## Seminar based on Chanakya's ideology and philosophy organized in CUH

**CUH, Sept 14, 2023**

A one-day national seminar on the relevance of Chanakya's ideology and philosophy for leading the world in present times was organized at Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh on Thursday. In the inaugural session of this seminar sponsored by the Indian Council of Social Research (ICSSR), New Delhi under the Azadi Ka Amrit Mahotsav campaign, Shri Raj Nehru, Vice-Chancellor of Shri Vishwakarma Skill University was the chief guest and Prof. N.K. Bishnoi was present as the keynote speaker while the program was presided over by the Vice-Chancellor of the University, Prof. Tankeshwar Kumar. In the concluding session of the seminar, the Pro Vice-Chancellor of the University, Prof. Sushma Yadav and Registrar Prof. Sunil Kumar were present as special guest.

This national seminar organized by the Department of Economics in the University Mini Auditorium started with the lighting of the lamp. Dean of Student Welfare of the University, Prof. Anand Sharma, while presenting the welcome address, highlighted the relevance of Chanakya's ideology and philosophy on contemporary issues.

Professor of Economics Ranjan Aneja, while presenting the outline of the seminar, told about the book *Arthashastra*, which includes social, political and economic development. He strongly said that Chanakya's ideology and philosophy is still relevant in the present scenario. He also explained how Chanakya strategy can change the world by contributing in areas like education system, wealth distribution, governance, diplomacy etc. University Vice-Chancellor Prof. Tankeshwar Kumar shared his views on Chanakya Niti and shared his views on ancient history, literature like Mahabharata. He stressed on the GDP calculations and raised concerns by pointing out that whatever we produce is consumed by us and the consumption share is not included in India's GDP calculations.

The main speaker in the seminar was Prof. N.K. Bishnoi who discussed broad aspects of Chanakya ideology and philosophy with relevance in the present world. He threw light in detail on Kautilya's economics, Kautilya's philosophy, Kautilya's ideological framework, Kautilya's foreign policy methods, Kautilya's political outlook, ideas about administration, economic thinking in economics, provision of public goods, concept of price etc. Chief guest at the seminar, Shri Raj Nehru said that we should be proud of the level and quality of Chanakya's teachings. He said that Chanakya's policies are relevant even today after almost three thousand years. Shri Nehru also mentioned Chanakya's leadership ability, management ability, teaching skills and told how we can move forward by learning from him. He appealed to everyone to contribute in building a new India by studying about Chanakya. Dr. Renu, Assistant Professor of Economics Department, moderated the stage in the program. At the end of the program, the vote of thanks was presented by Dr. Amandeep Verma, Head of the Department of Economics. Ms. Renu, Dr. Ritu, Ms. Anju, Dr. Amandeep Verma, Prof. Ranbir Singh participated in the event. Prof. Ashish Mathur, Dr. Ramesh Kumar, Dr. R.P. Meena, Dr. Ajay Kumar, Dr. Suman, Dr. Jitendra Kumar, Dr. Vikas Siwach, Dr. K.R. Palsania made important contribution.

## 9.11 हकेवि में हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत बालमुकुंद गुप्त की रचनाओं केंद्रित दस दिवसीय प्रदर्शनी की हुई शरुआत

**CUH, Sept 18, 2023**



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में बालमुकुंद गुप्त की पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी रचनाओं पर केंद्रित इस दिवसीय पोस्टर प्रदर्शनी की शुरुआत हुई। विश्वविद्यालय के राजभाषा अनुभाग व हिंदी पखवाड़ा आयोजन समिति के संयुक्त प्रयासों से विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में सहायक आचार्य डॉ. अमित मनोज के द्वारा तैयार 'रचना पोस्टर प्रदर्शनी' का सोमवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने शुभारंभ किया। कुलपति ने इस अवसर पर हिंदी साहित्य एवं पत्रकारिता के उन्नायक बालमुकुंद गुप्त के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनके बिना हिंदी साहित्य का अध्ययन अधूरा है। इस अवसर पर हिंदी पखवाड़ा आयोजन समिति के समन्वयक प्रो. सुरेंद्र सिंह व हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. बीर पाल सिंह यादव भी उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय के शैक्षणिक खंड चार में लगाई गई इस रचना पोस्टर प्रदर्शनी में बालमुकुंद गुप्त के द्वारा रचित रचनाओं को प्रदर्शित किया गया। इनमें उनके द्वारा आजादी की लड़ाई में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले विचारों पर आधारित रचनाएं प्रमुख रूप से शामिल रहीं। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस प्रदर्शनी का अवलोकन करने के पश्चात कहा कि यह प्रदर्शनी अवश्य ही विद्यार्थियों को हिंदी साहित्य के बड़े रचनाकार बालमुकुंद गुप्त को करीब से जानने का अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने इस आयोजन के लिए राजभाषा अनुभाग, हिंदी पखवाड़ा आयोजन समिति व डॉ. अमित मनोज व उनके सहयोगियों की जमकर प्रशंसा की। आयोजन के दौरान डॉ. अमित मनोज ने विस्तार पूर्वक विभिन्न रचनाओं और उनके अर्थ की व्याख्या कुलपति के समक्ष प्रस्तुत की। हिंदी पखवाड़ा आयोजन समिति के समन्वयक प्रो. सुरेंद्र सिंह ने बताया कि हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न आयोजनों का शुभारंभ हो गया है और आगामी 27 सितंबर तक विश्वविद्यालय स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं व कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर हिंदी पखवाड़ा आयोजन समिति के सदस्य प्रो. प्रमोद कुमार, डॉ. सिद्धार्थ शंकर राय, डॉ. देवेंद्र राजपूत, हिंदी अधिकारी शैलेंद्र सिंह सहित विश्वविद्यालय शिक्षक डॉ. कामराज सिंधु, डॉ. कमलेश कुमारी, डॉ. अरविंद सिंह तेजावत, डॉ. रीना स्वामी, डॉ. अजयपाल, डॉ. सुमन रानी, डॉ. नवीन सहित विभिन्न विभागों के विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

## A ten-day exhibition focused on Balmukund Gupt started in CUH

**CUH, Sept 18, 2023**

A ten-day-long poster exhibition focusing on the works of Balmukund Gupt was started on the occasion of his death anniversary at Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh. The Vice Chancellor of the University Prof. Tankeshwar Kumar inaugurated the event. On this occasion, the Vice Chancellor remembered the contribution of Balmukund Gupt, the pioneer of Hindi literature and journalism, and said that without him the study of Hindi literature would be incomplete. Prof. Surendra Singh, Coordinator of the Hindi Pakhwada Organizing Committee and Prof. Bir Pal Singh Yadav, HoD, Department of Hindi were also present on this occasion.

The compositions written by Balmukund Gupt were displayed in this composition poster exhibition organized in the academic block four of the University. These mainly included his writings based on the ideas that played an important role in the freedom struggle. After visiting this exhibition, the Vice Chancellor Prof. Tankeshwar Kumar said that this exhibition will provide an opportunity for the students to know closely about the great creator of Hindi literature, Balmukund Gupt. He praised the Official Language Section, Hindi Pahkhwada Organizing Committee Dr. Amit Manoj and his colleagues for organizing this event. During the event, Dr. Amit Manoj presented a detailed explanation of various creations and their meaning before the Vice Chancellor. Coordinator of the Hindi Pakhwada Organizing Committee Prof. Surendra Singh said that various events have started under Hindi Pakhwada and various competitions and programs will be organized at the University level till 27th September. On this occasion Prof. Pramod Kumar, Dr. Siddharth Shankar Rai, Dr. Devendra Rajput, Hindi officer Shailender Singh, Dr. Kamaraj Sindhu, Dr. Kamlesh Kumari, Dr. Arvind Singh Tejawat, Dr. Reena Swami, Dr. Ajaypal, Dr. Suman Rani, Dr. Naveen, students and research scholars from various departments were present.

## 9.12 हकेवि में दस दिवसीय फिल्म एक्टिंग कार्यशाला की हुई शुरुआत

**CUH, Sept 19, 2023**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि) महेन्द्रगढ़ में मंगलवार से दस दिवसीय फिल्म एक्टिंग कार्यशाला की शुरुआत हुई। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर के मार्गदर्शन व संरक्षण में आयोजित इस कार्यशाला में प्रशिक्षण हेतु फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, पुणे के संजय मोरे उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने संदेश के माध्यम से इस कार्यशाला को विद्यार्थियो के लिए बेहद उपयोगी बताया।

विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के द्वारा आयोजित इस कार्यशाला के कार्यक्रम निदेशक संजय मोरे व विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार ने दीप प्रज्जवलन के साथ कार्यशाला का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय में इस पाठ्यक्रम के समन्वयक डॉ. पंकज कुमार ने बताया कि इस कार्यशाला में अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को इस कार्यशाला में फिल्म निर्माण व अभिनय की कला से अवगत किया जा रहा है। यह कार्यशाला आगामी 28 सितंबर तक चलेगी।

## Ten Day Acting Workshop organised at CUH

**CUH, Sept 19, 2023**

The Department of Journalism and Mass Communication at Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh in collaboration with the prestigious Film and Television Institute of India (FTII) Pune, organized a special 10-day Screen Acting Workshop under the project of film education. This exclusive workshop is dedicated to the talented Scheduled Tribes students of the University, providing them with a unique opportunity to explore the world of acting and performance.

Under the guidance of renowned faculty member Sanjay More, an expert from FTII Pune, this workshop aimed at empowering and nurturing the creative talents of our Scheduled Tribes students. The curriculum encompasses a comprehensive range of acting skills and knowledge, including Fundamental acting techniques, Character development, the art of improvisation etc. Participation certificates will

be awarded to all students who complete this workshop, recognizing their dedication and achievement. This workshop is expertly managed by Dr. Pankaj Kumar, Assistant Professor at the University. This collaboration between Central University of Haryana and FTII Pune reflects a commitment to fostering talent and promoting diversity in the field of cinema.

### 9.13 हकेवि में राष्ट्रीय महिला आयोग के सहयोग से क्षमता निर्माण पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**CUH, Sept 21, 2023**



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ द्वारा राष्ट्रीय महिला आयोग के सहयोग से विश्वविद्यालय व महाविद्यालयों में स्नातक, स्नातकोत्तर व पीएच.डी. कार्यक्रमों अध्ययनरत छात्राओं की क्षमता निर्माण व व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम (पीडीपी) का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने छात्राओं के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम के महत्त्व पर प्रकाश डाला।

विश्वविद्यालय के महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में प्रकोष्ठ की महिला संयोजक डॉ. रेनु यादव ने क्षमता निर्माण कार्यक्रम व समकालीन युग में इसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। इस पर अवसर हरियाणा पर्यटन विभाग के अध्यक्ष अरविंद यादव ने प्रतिभागियों को छात्राओं की क्षमता निर्माण के लिए सरकार की योजनाओं से अवगत कराया। दिल्ली नॉन कॉलेजिएट सेंटर की निदेशक प्रो. गीता भट्ट ने प्रोफेशनल डेवलपमेंट पर विस्तृत चर्चा की। सेवानिवृत्त आईएएस सुश्री सुमेधा कटारिया ने व्यक्तिगत क्षमता निर्माण के बारे में प्रकाश डाला। हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ एजुकेशन के अधिष्ठता प्रो. विशाल सूद ने साइबर सुरक्षा और डिजिटल प्लेटफॉर्म अपराधों और सुरक्षा के प्रावधानों से प्रतिभागियों को अवगत कराया। शारीरिक शिक्षा विभाग से डॉ. स्वाति, संस्कृत से डॉ. सुमन और अर्थशास्त्र से सुश्री रेनू के साथ स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### A program on capacity building was organised in CUH

**CUH, Sept 21, 2023**

Women Empowerment Cell in collaboration with National Commission for Women organised a programme on Capacity building & personality development program (PDP) For UG and PG, PhD girl students of Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh and colleges in hybrid mode. Prof. Tankeshwar Kumar, Vice-Chancellor of the University highlighted the significance of capacity building program for girls.

Dr. Renu Yadav, Convener Women Empowerment cell highlighted the capacity building program by cell and its relevance in the contemporary era. Mr Arvind Yadav, Chairman of the Haryana tourism department enlightened the students about government initiatives for capacity building of girls. Prof Geeta Bhatt, Director of Delhi non-collegiate centre talked about professional development, Ms. Sumedha Kataria, Retd IAS talked about personal capacity building, Prof Vishal Sood, Dean School of Education, Central University of Himachal talked about cybersecurity and digital platform crimes and provisions to safeguard. Dr. Swati from the Department of Physical Education, Dr. Suman from Sanskrit and Ms Renu from Economics along with a dedicated team of volunteers played a significant role in the organisation of the program.

### 9.14 हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम की हुई शुरूआत

**CUH, Sept 25, 2023**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2023-24 के अंतर्गत दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों के लिए सोमवार से तीन दिवसीय दीक्षारम्भ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के पहले दिन पीएच.डी. में पंजीकृत शोधार्थियों को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय

ज्ञान अर्जन का केंद्र है। उन्होंने शोधार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ अपने व्यक्तित्व के विकास के लिए विश्वविद्यालय में उपलब्ध संसाधनों के अधिकतम उपयोग व गुरुजनों से अर्जित ज्ञान का उपयोग कर देश, समाज व मानव जाति के कल्याण हेतु कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने इस कार्यक्रम में शोधार्थियों के समक्ष विस्तृत प्रस्तुतिकरण देते हुए विश्वविद्यालय में उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं, संसाधनों व विद्यार्थी हितैषी प्रयासों का उल्लेख किया। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शोध कार्य दुनिया का सबसे गंभीर कार्य है और इसे करते हुए ईमानदारी, लगन और मेहनत आवश्यक है। विद्यार्थी केवल अध्ययन कर विभिन्न विषयों में डिग्री प्राप्त करता है जबकि एक शोधार्थी नई खोज के माध्यम से नए बदलावों का मार्ग प्रशस्त करता है। आज के दीक्षारंभ कार्यक्रम में शोधार्थी उपस्थित हैं और उनकी जिम्मेदारी है कि वे गंभीरता के साथ अपने गुरुजनों के सहयोग से देश, समाज व मानव जाति के कल्याण हेतु शोध कार्य करें।

इसी क्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने शोधार्थियो को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन उनके जीवन का बेहद महत्त्वपूर्ण दिन है। शोधार्थी आज से एक नई शुरुआत करने जा रहे हैं, जिसके लिए आवश्यक है कि वे विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली से अवगत हो और वे उसके अनुरुप कार्य करें। कुलसचिव ने अपने संबोधन में विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली व उससे संबंधित विभिन्न प्रमुख अधिकारियों की जानकारी भी शोधार्थियों के समक्ष रखी और कहा कि आने वाले सालों में हम सभी आपसे साथ सदैव आपके सहयोग हेतु उपलब्ध हैं।

## Three-day commencement program started in Central University of Haryana

**CUH, Sept 25, 2023**

A three-day initiation program started from Monday for the student's taking admission under the academic session 2023-24 in Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh. On the first day of this program organized by the Office of the Dean of Student Welfare of the University, Ph.D. Addressing the researchers registered in the University, the Vice-Chancellor of the University, Prof. Tankeshwar Kumar said that the university is the centre of knowledge acquisition. He inspired the research scholars to work for the welfare of the country, society, and mankind by making maximum use of the resources available in the university and using the knowledge acquired from teachers for the development of their personality along with studies. University Student Welfare Dean Prof. Anand Sharma, while giving a detailed presentation to the research scholars in this program, mentioned various facilities, resources and student-friendly efforts available in the university. Vice Chancellor, Prof. Tankeshwar Kumar, while addressing the students, said that research work is the most serious work in the world and while doing it, honesty, dedication and hard work is necessary. A student obtains a degree in various subjects just by studying, whereas a researcher paves the way for new changes through new discoveries. Research scholars are present in today's initiation program and it is their responsibility to seriously do research work for the welfare of the country, society and mankind with the help of their teachers.

In this sequence, the Registrar of the University, Prof. Sunil Kumar, while addressing the research scholars, said that today is a very important day in their life. The researchers are going to make a new beginning from today, for which it is necessary that they are aware of the functioning of the university and work accordingly. In his address, the Registrar also presented information about the functioning of the university and various key officials related to it before the research scholars and said that we all are always available to you for your cooperation in the coming years. On the first day of the event, the University's Controller of Examinations, Finance Officer, Research Dean, Academic Dean, Vice Chancellor, Provost, Chief Security Officer, Librarian, Director of Training and Placement Cell and Medical Officer informed about the various facilities of the University and their functioning.

## 9.15 पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टिंग कौशल एवं तकनीक विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**CUH, Sept 26, 2023**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टिंग कौशल एवं तकनीक

जी 20 सम्मेलन के संदर्भ में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जर्मनी के एआरडी टेलिविजन के दक्षिण एशिया के ब्यूरो चीफ पीएन नारायणन एवं अरब समाचार के भारत से पत्रकार संजय कुमार ने कार्यशाला को संबोधित किया व उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर का पत्रकार बनने व अंतरराष्ट्रीय स्तर की पत्रकारिता करने के बारे में प्रशिक्षित किया। दक्षिण एशिया में बंग्लादेश, अफगानिस्तान, मालदीव, श्रीलंका, नेपाल, भूटान सहित कईं अन्य देशों को पिछले 25 वर्षों से कवर कर रहे पत्रकारों ने विद्यार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पत्रकारिता के क्षेत्र में उपलब्ध संभावनाओं के बारे में भी विस्तार से चर्चा की। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसी कार्यशालाएं विद्यार्थियों में अंतरराष्ट्रीय विषयों को सोचने व समझने की क्षमता विकसित करती हैं।

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पीएम नारायणन ने कहा कि जी 20 सम्मेलन को चीन, रूस, अमेरिका सहित यूरोप व दक्षिण एशिया सहित दुनिया के 3000 से अधिक पत्रकारों ने कवर किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन न केवल पत्रकारों के लिए बल्कि आने वाले पत्रकारों की पीढ़ी के लिए भी सीखने के अवसर होते हैं। अपने उदबोधन में उन्होंने कहा कि असली पत्रकार वही है जो अपनी कहानी को संदर्भ प्रदान कर सके। कहानी ऐसी होनी चाहिए जिसका एक शुरुआत, मध्य और अंत हो। उन्होंने विद्यार्थियों से आहवान किया कि वे मोबाइल व मल्टीमीडिया को अपने साथी बनाएं। उन्होंने कैमरा तकनीक, समाचार लेखन तकनीक, पोस्ट प्रोडक्शन सहित समाचार को कहने की विभिन्न विधाओं से विद्यार्थियों को अवगत कराया। अरब समाचार के भारत में संवाददाता संजय कुमार ने कहा कि दुनिया भर की 95 प्रतिशत आबादी का नेतृत्व करने वाले सभी नेता जी 20 सम्मेलन में पहुंचे, तो अपने आप में यह एक बड़ी कहानी व सम्मेलन था। ऐसे सम्मेलनों के आयोजन से पत्रकारों की नेटवर्किंग, संचार व कार्य कुशलता तीनों बढ़ते हैं। उन्होंने प्रिंट मीडिया को एक मल्टीमीडिया परिदृश्य के रूप में वर्णित किया जहां एक ही समय में कई काम करने की जरूरत होती है। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ अशोक कुमार ने दोनो वक्ताओं का स्वागत करते हुए कहा कि जी 20 सम्मेलन पत्रकारिता की दृष्टि से एक बड़ी घटना एवं कहानी थी। वैश्विक मीडिया ने इस कहानी को कैसे रिपोर्ट किया इसे पत्रकारिता एवं जनसंचार के विद्यार्थी समझ सकें, इस बात को ध्यान में रखते हुए ही एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के संयोजक आलेख नायक ने सभी वक्ताओं का आभार जताया। इस मौके पर डॉ. पंकज कुमार, डॉ. सुरेंद्र, डॉ. भारती बत्रा सहित शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## To become an international journalist, it is necessary to be global in outlook: Narayanan

**CUH, Sept 26, 2023**

A one-day workshop on International Reporting Skills and Techniques in the context of G20 Conference was organized in the Department of Journalism and Mass Communication, Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh. In this workshop, PN Narayanan, South Asia Bureau Chief of ARD Television of Germany and Sanjay Kumar, journalist of Arab Samachar from India, addressed the workshop and trained them on how to become an international level journalist and do international level journalism. Journalists who have been covering Bangladesh, Afghanistan, Maldives, Sri Lanka, Nepal, Bhutan and many other countries in South Asia for the last 25 years, also discussed in detail about the possibilities available in the field of journalism at the international level. Vice Chancellor of the University Prof. Tankeshwar Kumar congratulated for the successful organization of the workshop. He said that such workshops develop the ability of students to think and understand international issues.

Addressing the students, PM Narayanan said that the G20 conference was covered by more than 3000 journalists from across the world including China, Russia, America, Europe and South Asia. He said that such international conferences are learning opportunities not only for journalists but also for the coming generation of journalists. In his address, he said that a real journalist is the one who can provide context to his story. The story should have a beginning, middle and end. He called upon the students to make mobile and multimedia their companions. He made the students aware of various modes of telling news including camera technology, news writing technology, post production. Arab News India correspondent Sanjay Kumar said

that when all the leaders leading 95 percent of the world's population reached the G20 conference, it was a big story and conference in itself. Organizing such conferences increases networking, communication and work efficiency of journalists. He described print media as a multimedia scenario where multiple tasks need to be done at the same time. On this occasion, Head of the Department, Dr. Ashok Kumar, while welcoming both the speakers, said that the G20 conference was a big event and story from the point of view of journalism. A one-day workshop has been organized keeping in mind that the students of journalism and mass communication can understand how the global media reported this story. Program coordinator Aalekh Nayak expressed gratitude to all the speakers. On this occasion, researchers and students including Dr. Pankaj Kumar, Dr. Surendra, Dr. Bharti Batra were present.

### 9.16 हकेवि में जी-20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट का हुआ सीधा प्रसारण

**CUH, Sept 26, 2023**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में जी-20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जी-20 की सफलता पूरे देश की सफलता है। इस आयोजन ने भारत को जिस ऊँचाई पर पहुँचा दिया है, उसे देखकर दुनिया चकित है। युवा ही वह शक्ति है जो इस तरह के आयोजनों की सफलता में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में बीते 30 दिनों के भीतर भारत के विकास में योगदान देने वाली विभिन्न उपलब्धियों का उल्लेख भी अपने संबोधन में किया और स्वच्छाग्रह व लोकल फोर वोकल की सफलता हेतु युवा पीढ़ी से उनका सहयोग मांगा।

हरियाणाकेंद्रीय विश्वविद्यालय में जी-20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट के नोडल ऑफिसर प्रो. गौरव सिंह व शिक्षा पीठ के द्वारा आयोजित जी-20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट फिनाले कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखने के बाद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इतना बड़ा आयोजन ने केवल जनभागीदारी का अप्रतिम उदाहरण है वरन विविध विषयों जैसे समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, शिक्षा, पर्यटन, विज्ञान में शोध के नए अवसर प्रदान करता है।

### Live telecast of G-20 University Connect in CUH

**CUH, Sept 26, 2023**

Live telecast of G-20 University Connect program was shown at Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh. Addressing the program, Prime Minister Shri Narendra Modi said that the success of G-20 is the success of the entire country. The world is amazed to see the heights to which this event has taken India. Youth is the force that plays an important role in the success of such events. In his address, the Prime Minister also mentioned the various achievements that have contributed to the development of India within the last 30 days and sought the cooperation of the young generation for the success of Swechhagraha and Local for Vocal.

After watching the live telecast of the G-20 University Connect Finale program organized by Prof. Gaurav Singh, Nodal Officer of G-20 University Connect at Central University of Haryana and the Education Chair, the Vice Chancellor of the University, Prof. Tankeshwar Kumar said that such a big event is not only an amazing example of public participation but also provides new opportunities for research in various subjects like sociology, political science, education, tourism, science.

## 10. Skill Enhancement

### 10.1 हकेवि में समूह चर्चा का हुआ आयोजन

**CUH, Sept 14, 2023**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में अध्ययनरत विद्यार्थियों में व्यापक कौशल विकसित करने के उद्देश्य से ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा समूह चर्चा का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने उच्च शिक्षा में क्षमता निर्माण गतिविधियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियाँ आधुनिक दुनिया की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम, कुशल स्नातकों को तैयार करने में सहायक हैं।

ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल के प्रो. आकाश सक्सेना ने भविष्य में भी इसी तरह की गतिविधियों के आयोजन के प्रति अटूट प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता और आलोचनात्मक सोच कौशल को बढ़ाने में ऐसे प्रयासों की परिवर्तनकारी शक्ति में विश्वास व्यक्त किया। आयोजन में विशेषज्ञ डॉ. पिंकी अरोड़ा उपस्थित रहीं। उन्होंने कार्यक्रम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई)- वरदान या अभिशाप तथा जी-20 शिखर सम्मेलन के भविष्य के परिप्रेक्ष्य विषय पर गहन चर्चा की। यह कार्यक्रम सभी प्रतिभागियों के लिए प्रेरक और ज्ञानवर्धक रहा। इसमें उन्हें समसामयिक प्रासंगिकता के महत्वपूर्ण विषयों के साथ संचार और विश्लेषणात्मक क्षमताओं को विकसित करने का अवसर मिला। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के 70 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की।

## Group discussion organized in CUH

**CUH, Sept 14, 2023**

A group discussion was organized by the Training and Placement Cell with the aim of developing comprehensive skills among the students studying in Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh. University Vice-Chancellor, Prof. Tankeshwar Kumar stressed the important role of capacity building activities in higher education. He said that such activities are helpful in producing skilled graduates capable of facing the challenges of the modern world.

Prof. Akash Saxena of Training and Placement Cell expressed unwavering commitment towards organizing similar activities in future also. He expressed confidence in the transformative power of such efforts in enhancing the employability and critical thinking skills of students. Expert, Dr. Pinky Arora was present in the event. He had an in-depth discussion on the topic Artificial Intelligence (AI) — a boon or a curse and the future perspective of the G-20 summit in the programme. The program was inspiring and informative for all the participants. This gave them the opportunity to develop communication and analytical abilities with important topics of contemporary relevance. More than 70 students from different departments participated in the program.

## 10.2 हकेवि के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में दो दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम की हुई शुरुआत

**CUH, Sept 14, 2023**



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-25 के विद्यार्थियों के लिए दो दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने सत्रारंभ में इस प्रकार के शैक्षणिक एवं इंडस्ट्री संवाद आयोजन के लिए विभाग को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज के समय में शैक्षणिक ज्ञान और डिग्री के साथ कौशल अनिवार्य है। एक अच्छी शुरुआत से ही शिक्षण सत्र के बेहतरीन शुरूआत होती है। ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों को अपना कार्यक्षेत्र तय करने में मदद मिलती है।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार एवं संपादक राजेश बादल ने कहा है कि मीडिया के वर्तमान विद्यार्थियों को मीडिया के विभिन्न क्षेत्रों में पारंपरिक कार्यक्षेत्र चुनने की बजाए नए क्षेत्रों को अपने कॅरियर के विकल्प के रूप में चुनना चाहिए। राजेश बादल ने वर्तमान समय में मीडिया विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि पत्रकारिता वर्तमान समय में विश्व में सबसे अधिक विकसित एवं विस्तृत इंडस्ट्री बन चुका है। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि दो दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम उद्देश्य विद्यार्थी को पत्रकारिता एवं जनसंचार विषय एवं उद्योग के बारे में जागरूक करना है ताकि वे सत्र के शुरूआत में ही मीडिया उद्योग में अपनी भूमिका का चयन कर सकें। इंडक्शन कार्यक्रम में विभिन्न 10 सत्रों में मीडिया के विभिन्न क्षेत्रों से वक्ताओं का आमंत्रित किया गया है।

न्यूज इंडिया के प्राइम टाइम एंकर सैफराज सैफी ने टेलीविजन क्षेत्र में एंकरिंग के लिए जरूरी तैयारी और करियर संभावनाओं पर चर्चा की। वरिष्ठ पत्रकार विशाल जोशी ने कहा कि वर्तमान समय में मीडिया के अनेकों क्षेत्र विकसित हो रहे है एवं हर क्षेत्र की अपनी विशेषता हैं। सोशल मीडिया के दौर में त्वरित सूचनाओं के समय में प्रिन्ट मीडिया में अभी भी क्यों और कैसे ककारों पर ध्यान दिया जाता है। टेलिविजन न्यू मीडिया अथवा अन्य माध्यमों पर सर्व प्रथम खबर प्रकाशित करने की जल्दी में तथ्यों की जाँच के लिए कम समय रहता है यही कारण है कि आज भी प्रिन्ट पत्रकारिता अधिक विश्वसनीय है।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार हुलगबलि ने विद्यार्थियों को ई-संसाधनों की जानकारी देते हुए शिक्षा, अनुसंधान और पत्रकारिता डेटा के लिए ई-संसाधनों की पहुंच और उपयोग के बारे में प्रशिक्षित किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ नीरज कर्ण सिंह एवं डॉ आलेख नायक ने बताया कि कार्यक्रम के तहत दूसरे दिन आजतक के डिप्टी संपादक आशुतोष मिश्रा, पीआर गुरू सुरेश गौर, भारतीय जनसंचार संस्थान की प्रोफेसर अनुभूति यादव एवं राज्य सभा चैनल के सीईओ राहुल महाजन विद्यार्थियों को संबोधित करेंगे। इस मौके पर विभाग के शिक्षक डॉ पंकज कुमार, डॉ सुरेंद्र, डॉ भारती बत्रा सहित विभाग के शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## Two-day induction program started in the Journalism and Mass Communication Department of CUH

**CUH, Sept 14, 2023**

A two-day induction program was organized by the Department of Journalism and Mass Communication of Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh for the students of the academic session 2023-25. On this occasion, Vice-Chancellor of the University, Prof. Tankeshwar Kumar at the beginning of the session, congratulated the department for organizing such an academic and industrious dialogue. He said that in today's time, skills along with academic knowledge and degree are essential. Such programs help students to decide their field of work.

Senior journalist and editor, Rajesh Badal, the key speaker in the program, said that current media students should choose new areas as their career options instead of choosing traditional fields of work in various fields of media. He said that the media industry is the fastest growing industry in the country today, due to which new employment opportunities are constantly arising in it. Dr. Ashok Kumar, Head of the Department of Journalism and Mass Communication, while welcoming all the guests, said that the purpose of the two-day induction program is to make the students aware about the subject and industry of Journalism and Mass Communication so that they can prepare for their role in the media industry at the very beginning of the session. The induction program invited speakers from different fields of media in 10 different sessions.

News India's prime time anchor, Saffraz Saifi discussed the preparation required and career prospects for anchoring in the television sector. He said that reading is the basis of good anchoring. There are no shortcuts in the media industry; continuous work and effort is the key to success. Senior journalist, Vishal Joshi said that at present many areas of media are developing and each area has its own speciality. In the age of instant information, in the age of social media, print media still focuses on why and how questions. In the rush to be the first to publish news on television, new media or other mediums, there is less time for fact-checking, which is why print journalism is more reliable even today.

Dr. Santosh Kumar, Librarian, Central University of Haryana, informed the students about the e-resources and trained them on the access and use of e-resources for education, research and journalism data. Program coordinators, Dr. Neeraj Karan Singh and Dr. Alekh Nayak said that under the program, on the second day, Aaj Tak's Deputy Editor, Ashutosh Mishra; PR Guru, Suresh Gaur; Indian Institute of Mass Communication's Professor, Anubhuti Yadav and Rajya Sabha Channel CEO, Rahul Mahajan will address the students. On this occasion, teachers of the department Dr. Pankaj Kumar, Dr. Surendra, Dr. Bharti Batra, researchers and students of the department were present.

### 10.3 हकेवि में रोजगार व कौशल विकास पर एक सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**CUH, Sept 25, 2023**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा एक सप्ताह का रोजगार एवं कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने पढ़ाई के साथ-साथ इस तरहे के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को भविष्य विकास के लिए उपयोगी बताया और कहा कि अवश्य ही एक सप्ताह के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से प्रतिभागियों को कौशल विकास में मदद मिलेगी। महिंद्रा एंड महिंद्रा द्वारा नंदी फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में मनीष अरोड़ा प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने व्यक्तिगत विकास के लिए बॉडी लैंग्वेज, व्यावसायिक संचार, धन प्रबंधन, व्यावसायिक नैतिकता, लक्ष्य निर्धारण आलोचनात्मक सोच, समस्या समाधान, जीवन कौशल समूह, प्रस्तुति कौशल कार्यस्थल संघर्ष को संभालना, समूह चर्चा,साक्षात्कार कौशल हासिल करना आदि विषयों के संबंध में प्रतिभागियों को विस्तृत जानकारी दी।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के समन्वयक तथा ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के उपनिदेशक डॉ. सूरज आर्य ने बताया कि विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से छात्राओं ने इस कार्यक्रम में भागीदारी रही। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी अपने विषय के ज्ञान में तो निपुणता हासिल कर लेते हैं लेकिन आज के आधुनिक युग में सफल उन्हें के लिए सॉफ्ट स्किल के बारे में भी जानकारी होना अति आवश्यक है। इन्हीं सॉफ्ट स्किल के महत्ता को ध्यान में रखते हुए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक डॉ. आकाश सक्सेना ने इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के दूरगामी प्रभाव के बारे में प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इन कार्यक्रमों की उपयोगिता न सिर्फ अच्छे रोजगार के अवसर प्राप्त करने में है अपितु कौशल निर्माण में ये प्रशिक्षण एक प्रमुख घटक है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के उपनिदेशक डॉ. तरुण , डॉ. कपिल व डॉ. दिव्या ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### One-week training program on Employment and Skill Development organized in CUH

**CUH, Sept 25, 2023**

A one-week employment and skill training program was organized by the Training and Placement Cell of Haryana Central University (HKV), Mahendergarh. University Vice Chancellor, Prof. Tankeshwar Kumar, described such training programs as useful for future development along with studies and said that this one-week training program will definitely help the participants in skill development. Manish Arora was present as a trainer in this program organized by Mahindra & Mahindra in collaboration with Nandi Foundation. He imparted training to the participants by giving detailed information on topics like body language, business communication, money management, business ethics, goal setting, critical thinking, problem solving, life skills, group presentation skills, handling workplace conflict, group discussion, acquiring interview skills etc. for personal development.

Coordinator of the training program and Deputy Director of Training and Placement Cell, Dr. Suraj Arya said that girl students from various departments of the university participated in this program. He said that students acquire proficiency in the knowledge of their subject but in today's modern era, it is very important for them to have knowledge about soft skills to be successful. Keeping in mind the importance of these soft skills, this training program was organized. Dr. Akash Saxena, Director, Training and Placement Cell, highlighted the far-reaching

impact of such training programmes. He said that the usefulness of these programs is not only in getting good employment opportunities but this training is a major component in skill building. Dr. Tarun, Dr. Kapil and Dr. Divya, Deputy Directors of Training and Placement Cell, played an important role in the successful organization of the program.

## 11. Social Awareness

### 11.1 हकेवि में पोषक अनाज के प्रति जागरूकता के लिए कार्यक्रम आयोजित

**CUH, Aug 30, 2023**



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में पोषण जीव विज्ञान विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष 2023 के तहत कार्यक्रमों की शृंखला में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता व मैराथन रैली का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया और मानव स्वास्थ्य में पोषक अनाज के योगदान से प्रतिभागियों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन पोषक अनाज के प्रति जागरूकता बढ़ाने में अवश्य ही मददगार होंगे।

बता दें कि कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की पहल पर संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष घोषित किया है। इससे मोटे अनाज के उत्पादन को प्रोत्साहन देने में मदद मिलेगी। इसके तहत हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों व कर्मचारियों में पोषक अनाज के प्रति जागरूकता हेतु पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता व मैराथन रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रो. नीलम सांगवान सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### Program organized for awareness about nutritious grains in CUH

**CUH, Aug 30, 2023**

A poster making competition and marathon rally was organized as part of a series of programs under the International Nutritious Grains Year 2023 by the Department of Nutritional Biology at Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh. University Vice-Chancellor, Prof. Tankeshwar Kumar flagged off the rally and apprised the participants about the contribution of nutritious grains to human health. He said that such events will definitely be helpful in increasing awareness about nutritious grains.

Let us tell you that on the initiative of Prime Minister Shri Narendra Modi, the United Nations has declared the year 2023 as the International Year of Nutritious Grains. This will help in promoting the production of coarse grains. Under this, a poster making competition and marathon rally was organized in Central University of Haryana to create awareness about nutritious grains among the students and employees. On this occasion Prof. Neelam Sangwan including teachers and students of various departments were present.

### 11.2 हकेवि में एक विद्यार्थी-एक पेड़ अभियान की हुई शुरुआत

**-विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने गोद लिए वृक्ष, देखभाल करने की ली प्रतिज्ञा**

**CUH, Sept 12, 2023**



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के ग्रीन कैंपस क्लीन कैंपस क्लब, उन्नत भारत अभियान प्रकोष्ठ, एनएसएस इकाई, यूथ रेडक्रॉस, सूक्ष्मजीवविज्ञान विभाग व शिक्षा पीठ द्वारा संयुक्त रूप से पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संदेश में सभी सहभागियों से विश्वविद्यालय परिसर में हरित आवरण बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण में सुधार के लिए यूजीसी, एआईसीटीई और सीएक्यूएम (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग) द्वारा शुरू की गई विभिन्न पहलों के एक भाग के रूप में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

इस अवसर पर भौतिकी एवं खगोल भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने पौधारोपण कर अभियान की शुरुआत की। प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने पौधारोपण कर व उसकी देखभाल कर प्रकृति संरक्षण में सहयोग के लिए सभी को प्रेरित किया और सभी विद्यार्थियों से एक-एक पौधा लगाने की अपील की। विश्वविद्यालय के ग्रीन कैम्पस क्लीन कैम्पस क्लब के समन्वयक प्रो. सुरेंद्र सिंह ने बताया कि अभियान में 80 से अधिक विद्यार्थियों ने पहाड़ी पापड़ी, नीम, बकैन जैसे देशी पेड़ों के 800 से अधिक पेड़ लगाए गए। उन्होंने बताया कि इससे पहले 27 जुलाई 2023 को विश्वविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण अभियान के तहत 1000 पौधे लगाए गए थे। उन्होंने पौधों की व्यवस्था के लिए ग्राम पंचायत जांट की सरपंच सुश्री कीर्ति और जिला वन विभाग को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के आयोजन में एनएसएस, वाईआरसी, उन्नत भारत अभियान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर प्रोफेसर दिनेश चहल, डॉ. अनिता कुमारी, कार्यकारी अभियंता श्री अमरजीत, एई श्री मुकेश उपस्थित रहे।

## CUH organized “One student-One Tree” plantation drive

**CUH, Sept 12, 2023**

The Green Campus Clean Campus Club, UBA Cell, NSS, YRC, Department of Microbiology, and SOE jointly organized a mega plantation drive on 12/09/2023. The students from different departments of the University participated in the event and each one planted one tree. The students took a pledge to take care of the planted tree during their stay at the University campus. Prof. Tankeshwar Kumar motivated the students (through a message) and requested all to help the university in increasing the green cover on the campus. He said that the programme is being organized as a part of different initiatives started by UGC, AICTE and CAQM (Commission for Air Quality Management in National Capital Region and Adjoining Areas) to improve the environment.

Prof. Sunita Srivastava started the plantation drive by planting a tree. Prof Surender Singh, Coordinator GC4 said that more than 800 trees of native trees like Pahadi papdi, Neem, Bakain were planted in the drive. He thanked gram panchayat Jant Sarpanch Ms. Kirti and the district forest department for arranging the plants. The CUH also organized a plantation drive this year on 27/07/2023 where 1000 trees were planted. NSS, YRC, UBA (Unnat Bharat Abhiyaan) played an important role in the organization of the programme. Prof. Dinesh Chahal, Dr. Anita Kumari, Executive engineer Mr. Amarjeet, AE Mr. Mukesh were present on the occasion.

## 11.3 हकेवि में विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित

**CUH, Sept 12, 2023**




हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में मनोविज्ञान विभाग द्वारा विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि जीवन ईश्वर का दिया अनमोल उपहार है। इसे प्रेम एवं संवेदना के साथ जीना चाहिए। हमारा जीवन केवल हमारा नहीं है, वह दूसरों के लिए भी उपयोगी है। आत्महत्या किसी समस्या का समाधान नहीं है। हमें खुश रहने के लिए संघर्ष करने की आवश्यकता नहीं है बल्कि हम खुश रहने के लिए बने हैं।

विश्वविद्यालय के दो दिवसीय आयोजन की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. पायल चंदेल ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए आत्महत्या रोकथाम के महत्त्व और ऐसी कार्यशालाओं की आवश्यकता पर चर्चा की। उन्होंने आशा नहीं छोड़ने पर जोर दिया। कार्यशाला के आयोजन सचिव प्रो. वी.एन. यादव ने दो दिवसीय कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यशाला में राजस्थान विश्वविद्यालय के प्रो. ओ.पी. शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने जीवन में स्वीकार्यता के महत्त्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने परिचर्चा के माध्यम से आत्महत्या के कारणों एवं रोकथाम पर प्रकाश डाला। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं तकनीकी विश्वविद्यालय से डॉ. संजय कुमार, राजस्थान फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला के डॉ. मुकेश शर्मा ने एक मनोवैज्ञानिक का दृष्टिकोण विषय पर, हकेवि की संस्कृत विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सुमन रानी ने महिलाओं के परिप्रेक्ष्य में तथा समाजशास्त्र विभाग के डॉ. युद्धवीर ने समाजशास्त्र के संदर्भ में चर्चा की। कार्यशाला में आत्महत्या रोकथाम के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से संगीत नाटिका, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, फिल्म स्क्रीनिंग, वाद-विवाद प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के लगभग 300 शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों व शोधार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के आयोजन में विद्यार्थी समन्वयक कुमारी मंजु फोगाट व कुमारी निधि कलोनिया ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## Various activities organized in CUH to commemorate World Suicide Prevention Day

**CUH, Sept 12, 2023**

Various activities were organized to commemorate World Suicide Prevention Day by the Department of Psychology at Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh. University Vice-Chancellor, Prof. Tankeshwar Kumar said that life is a precious gift given by God. It should be lived with love and compassion. Our life is not only ours; it is useful for others also. Suicide is not the solution to any problem. We don't need to struggle to be happy, we are meant to be happy.

The two-day event of the university started with Saraswati Vandana and lighting of the lamp. Head of the Department of Psychology, Prof. Payal Chandel welcomed the guests and participants and discussed the importance of suicide prevention and the need for such workshops. He stressed on not giving up hope. Organizing Secretary of the workshop, Prof. V.N. Yadav presented the outline of the two-day workshop. In the workshop, Prof. O.P. Sharma of Rajasthan University was present as the chief guest. He highlighted in detail the importance of acceptance in life.

In the program, experts from various fields threw light on the causes and prevention of suicide through discussion. Dr. Sanjay Kumar from Guru Jambheshwar University of Science and Technology, Dr. Mukesh Sharma from Rajasthan Forensic Science Laboratory gave a psychologist's perspective on the subject, Dr. Suman Rani, Head of Department of Sanskrit, CUH, gave the perspective of women and Dr. Yudhveer of Sociology Department discussed in the context of sociology. In the workshop, musical drama, poster making competition, film screening, debate competition and cultural programs were also organized with the aim of increasing awareness about suicide prevention. About 300 teachers, staff, students and researchers from various departments of the university participated in the programs. Student coordinators Kumari Manju Phogat and Kumari Nidhi Kalonia played an important role in organizing the program.

## 12. Training and Placement

### 12.1 हकेवि तीन विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित सरकारी संस्थानों मिला रोजगार

**CUH, July 6, 2023**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के बी.टेक. प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी विभाग के तीन विद्यार्थियों को देश की प्रतिष्ठित सरकारी संस्थानों में रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विद्यार्थियों के पब्लिक सेक्टर एंटप्राइजेज में प्लेसमेंट पाने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग के क्षेत्र में रोजगार के भरपूर अवसर उपलब्ध हैं।

विश्वविद्यालय की अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी पीठ के अधिष्ठाता डॉ. फूल सिंह ने बताया कि बी.टेक. प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी के तीन विद्यार्थियों कृष्णा मूर्ति कुमार, भानू प्रकाश व शिवम सैनी को देश की प्रतिष्ठित संस्थानों में रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ है। इनमें कृष्णा मूर्ति कुमार व भानू कुमार का चयन चलार्थ पत्र मुद्रणालय में तथा शिवम सैनी का चयन भारत प्रतिभूति मुद्रणालय, महाराष्ट्र में हुआ है। उन्होंने बताया कि तीनों विद्यार्थियों का चयन आई.बी.पी.एस. द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षा की मेरिट के आधार पर हुआ है। यहां बता दें कि भारत प्रतिभूति मुद्रणालय व चलार्थ पत्र मुद्रणालय भारत प्रतिभूति मुद्रण तथा मुद्रा निर्माण निगम लिमिटेड की इकाई है, जो भारत सरकार के पूर्ण स्वामित्वाधीन है। विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए विभाग के प्रभारी संदीप बूरा, शिक्षक शम्मी, तरुण सिंह व ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के समन्वयक अनिल कुंडु ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### Three students of CUH got employment in prestigious government institutions

**CUH, July 6, 2023**

Three students of B.Tech., Department of Printing and Packaging Technology of Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh have got employment opportunities in prestigious government institutions of the country. The Vice Chancellor of the University Prof. Tankeshwar Kumar congratulated the students who got placement in Public Sector Enterprises and wished them a bright future. Prof. Phool Singh, Dean, School of Engineering and Technology said that three students of B.Tech Printing and Packaging Technology Krishna Murthy Kumar, Bhanu Prakash and Shivam Saini have got employment opportunities in prestigious institutes of the country. Among them, Krishna Murthy Kumar and Bhanu Prakash have been selected in Currency Note Press and Shivam Saini has been selected in India Security Press, Maharashtra. He said that all the three students were selected on the basis of merit in the competitive examination conducted by the I.B.P.S. It may be mentioned here that India Security Printing Press and Currency Printing Press is a unit of Security Printing and Minting Corporation of India Limited, which is fully owned by the Government of India. Praising the excellent performance of the students, the Teacher-in-charge of the department Sandeep Boora, teachers Shammi, Tarun Singh and training and placement cell coordinator Anil Kundu wished them a bright future.

### 12.2 रोजगार सृजन हेतु प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ साझेदारी में जुटा हकेवि

**-उच्च स्तरीय समिति के माध्यम से विभिन्न कंपनियों के साथ हुआ विमर्श**

**CUH, July 13, 2023**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ कौशल विकास के मोर्चे पर भी निरंतर प्रशिक्षित करने की दिशा में अग्रसर है। विद्यार्थियों के लिए आवश्यक कौशल विकास व रोजगार के ऐसे ही विकल्पों के विकास हेतु विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के संकल्प को पूर्ण करने हेतु विश्वविद्यालय की एक उच्च स्तरीय समिति ने विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ मिलकार चर्चा की। इस समिति में विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट के निदेशक प्रो. आकाश सक्सेना व विद्युत अभियांत्रिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार दुबे शामिल रहे।

समिति ने रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और एनसीटी दिल्ली सरकार के बीच एक संयुक्त उद्यम बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड (बीआरपीएल) और बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड (बीवाईपीएल) के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। श्री वी.श्रीधर वरिष्ठ वी.पी. नेटवर्क ऑपरेशंस प्रमुख तथा बीएसईएस दिल्ली के श्री प्रसाद पाटकी ने इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रशिक्षुओं के काम की सराहना की और हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण और प्लेसमेंट की विभिन्न संभावनाओं पर चर्चा की। इसके अलावा, इंटर्नशिप और क्षमता निर्माण और संयुक्त प्लेसमेंट ड्राइव और ज्ञान साझा करने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने के संबंध में सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (सीडीएसी) के श्री अपूर्व कोहली (संयुक्त निदेशक) के साथ चर्चा की गई। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों ने विश्वविद्यालय हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट और क्षमता निर्माण की गतिविधियों पर एक संक्षिप्त प्रस्तुति प्रस्तुत की। समिति ने मैनकाइंड रिसर्च सेंटर, मानेसर, गुरुग्राम का भी दौरा किया। इन्हीं प्रयासों के अंतर्गत प्रिंटिंग और पैकेजिंग विभाग के सहायक आचार्य तरूण सैनी ने बताया कि श्री सौम्यनाथ मिश्रा, सीनियर जीएम और प्रमुख पैकेजिंग और विकास विभाग के साथ इंटर्नशिप और प्लेसमेंट की संभावनाओं को भी तलाशा गया।

## CUH representatives interacted with Industry experts

**CUH, July 13, 2023**

Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh is moving towards continuous training of students on the front of education as well as skill development. To fulfil the resolution for necessary skill development and development of such employment options for the students as wished by the Vice Chancellor of the University Prof. Tankeshwar Kumar, a high-level committee of the University visited various prestigious institutions. Prof. Akash Saxena, Director of Training and Placement Cell and Dr. Rajesh Kumar Dubey Head of Department of Electrical Engineering were members of this committee.

The committee visited BSES Rajdhani Power Limited (BRPL) and BSES Yamuna Power Limited (BYPL), a joint venture between Reliance Infrastructure Limited and the Government of NCT Delhi. Shri V.Sridhar, Sr. V.P., Shri Prasad Patki, Head, Network Operations and BSES Delhi appreciated the work of interns of the Electrical Engineering Department and discussed various possibilities of training, capacity building and placement of Central University of Haryana. Further, a discussion was held with Mr. Apoorva Kohli (Joint Director) of the Center for Development of Advanced Computing (CDAC) regarding signing of Memorandum of Understanding (MoU) for internship and capacity building and joint placement drive and knowledge sharing. The representatives of Central University of Haryana made a brief presentation on the placement and capacity-building activities of Central University of Haryana. The committee also visited Mankind Research Centre, Manesar, Gurugram. Tarun Saini, Assistant Professor, Printing and Packaging Department said that the possibilities of internship and placement were also discussed with Mr. Soumyanath Mishra, Sr. GM and Head Packaging and Development Department.

## 12.3 हकेवि के विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित संस्थानों में मिला रोजगार प्रशिक्षण का अवसर

**-पर्यटन एवं होटल प्रबंधन विभाग के 24 विद्यार्थियों का हुआ चयन**

**CUH, July 18, 2023**



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ विद्यार्थियों के पढ़ाई के साथ -साथ कौशल विकास व रोजगार हेतु आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। विश्वविद्यालय के इन्हीं प्रयासों के अंतर्गत पर्यटन एवं होटल प्रबंधन विभाग के 24 विद्यार्थियों को रोजगार प्रशिक्षण हेतु विभिन्न प्रतिष्ठित पाँच सितारा होटलों में चयनित किया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस सफलता के लिए विभाग व विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु महत्त्वपूर्ण हैं। इस प्रशिक्षण प्रक्रिया के अंतर्गत प्रतिभागियों को विषय का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त होता है और यही वजह कि पाठ्यक्रम में इस तरह के प्रशिक्षण संबंधी पक्षों को महत्ता दी जा रही है।

विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. रणबीर सिंह ने बताया कि चयनित 24 विद्यार्थियों को ताज होटल, तिरुपति; जे.डब्ल्यू मेरिएट, नई दिल्ली; हयात प्लैस, वडोदरा; मेरिएट,भोपाल; द रिट्स, मुम्बई और हयात रिजेन्सी, नई दिल्ली जैसे संस्थानों में चयनित किया गया है। उन्होंने विद्यार्थियों को मिले इस अवसर के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि ट्रेनिंग के दौरान अर्जित ज्ञान व व्यावहारिक प्रशिक्षण इन विद्यार्थियों को भविष्य में इस इंडस्ट्री में स्थापित करने में मददगार होगा। विभाग के सहायक आचार्य डॉ. अमित कुमार ने बताया कि जॉब ट्रेनिंग के लिए विभाग द्वारा यह प्रक्रिया फरवरी माह में शुरु कर दी गई थी। जिसके बाद विभिन्न स्तरों से गुजरते हुए यह सफलता मिली है।

## Students of CUH good Opportunity of Training at Institute of Importance

**CUH, July 18, 2023**

Final year students of the Master of Hotel Management and Catering Technology of the Department of Tourism and Hotel Management, Central University of Haryana are pursuing their Job training in reputed five-star hotels across India. In total 24 students were selected by the hotels through a rigorous process of 3-4 rounds of Interviews. Students were evaluated by the HR Managers of hotels in terms of academic knowledge, practical knowledge and personality traits. Students were very enthusiastic upon their job training selection in various five-star hotels such as Taj Hotel Tirupati, JW Marriott Aerocity New Delhi. Aloft by Marriott Aerocity New Delhi, Hyatt Place Vadodra, Mariott Bhopal, The Ritz Mumbai and Hyatt Regency, New Delhi.

Prof. (Dr.) Tankeshwar Kumar, Honourable Vice Chancellor of the University congratulated both the department and the students upon their selection as Job trainees. He also said that such training is very important for the holistic development of the students where students apply their theoretical knowledge to practical. He further said that he always emphasizes that students must get such exposure as a part of the curriculum.

Prof. Ranbir Singh, Head of the Department also congratulated the students and said this training will surely enhance the skills of the students and they will emerge as the future managers of the industry. Prof. Singh said that for any industry practical knowledge and exposure are very crucial and the department is always there to provide such opportunities to the students.

Dr. Amit Kumar, Assistant Professor and Training and Placement coordinator said that the process of the placement of students as job trainees was started earlier in February and their resumes were shared with the HR Managers of the hotels. Students were selected by the hotels after different interview rounds and they were offered Job training in the preference city and department of the hotel.

## 12.4 हकेवि में एनसीसी कैडेटो की हुई भर्ती

**CUH, Sept 15, 2023**



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) इकाई में एनसीसी कैडेटो की भर्ती/नामांकन प्रक्रिया की गई है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने एनसीसी कैडेटों के नामांकन के लिए एनसीसी इकाई की टीम को बधाई देते हुए एनसीसी इकाई में शामिल कैडेटो का उत्साहवर्धन किया।

डॉ. रमेश कुमार, एनओ (एसडी) ने बताया कि भर्ती/नामांकन प्रक्रिया में 65 से अधिक विद्यार्थियों ने शारीरिक परीक्षण व लिखित परीक्षा दीं। प्रो. पायल कंवर चंदेल एएनओ (एसडब्ल्यू) ने बताया कि 16 एचआर बीएन एनसीसी आर्मी जेसीओ द्वारा सीयूएच एनसीसी टीम के साथ 39 रिक्तियों के लिए नामांकन किया गया था, जिसमें 26 सीनियर डिवीजन और 13 सीनियर विंग कैडेट शामिल हैं। डिप्टी एएनओ नरेश कुमार ने कहा कि एनसीसी कैडेटो का तीन वर्षीय प्रशिक्षण जल्द शुरू होगा। यहां बता दें के हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में पूर्ण स्वः वित्त योजना पर राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) इकाई साल 2022 में शुरू की गई थी।

## CUH carried out enrollment process for 39 new NCC Cadets vacancies

**CUH, Sept 15, 2023**

The National Cadet Corps (NCC) Unit of Central University of Haryana on Fully Self Finance Scheme was initiated in 2022 and recently carried out the enrolment process/ recruitment of 39 new NCC cadets in 2nd year. The Vice-Chancellor Prof. Tankeshwar Kumar always encourages enhancing the skills and personality of each student by joining NCC. He congratulated the whole team of NCC Unit, CUH for enrolling the fresh NCC Cadets.

The ANO (SD) Dr. Ramesh Kumar said that the enrolment process/recruitment which includes physical test and written test was successfully carried out in which 65+ students participated. The ANO (SW) Prof. Payal K. Chandel said enrolment was carried out by 16 HR Bn NCC Army JCOs with CUH NCC team for 39 vacancies that includes 26 Senior Division and 13 Senior Wing Cadets. The Deputy ANO, Naresh Kumar said that the three-year training of NCC Cadets shall start soon.




Prof. Anand Bhalerao
Prof. Yashwant Singh




## Patron

Prof. Tankeshwar Kumar
Vice-Chancellor, Central University of Haryana

## Editorial Board

Dr. Snehsata (Editor), Assistant Professor, Department of English & Foreign Languages

Dr. Siddharth Shankar Rai, Assistant Professor, Department of Hindi

Mr. Anil Kundu, Assistant Professor, Department of Printing and Packaging Technology

Dr. Bharti Batra, Assistant Professor, Department of Journalism & Mass Communication

Mr. Alekha Sachidananda Nayak, Assistant Professor, Department of Journalism & Mass Communication

Mr. Ashish jangra, Research Scholar, Department of English & Foreign Languages

Mr. Robin, Research Scholar, Department of Hindi

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय

**Central University of Haryana**

**(Established vide Act No. 25 (2009) of Parliament)**
**(NAAC Accredited 'A' Grade University)**

www.cuh.ac.in | @cuhofficial

Design & Printed by : deeya media art #9312550335